एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत की चुनाव प्रक्रिया के हर चरण में राजनीतिक दल, प्रत्याशी या उनके प्रतिनिधि लगातार निगरानी और सत्यापन का काम करते हैं। इसी वजह से हमारी चुनाव प्रक्रिया इतनी पारदर्शी है। मतदाता सूचियों की लगातार जांच में राजनीतिक दलों और उनके बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) की भी पूरी भागीदारी होती है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि बीएलओ की यह मुख्य जिम्मेदारी है कि वे अनुपस्थित, दूसरी जगह चले गए, मृत, दोहरे नाम और विदेशी (एएसडीडीएफ) मतदाताओं की पहचान करें। साथ ही वे यह सुनिश्चित करें कि हर पात्र व्यक्ति का नाम सूची में बना रहे। उन्होंने



कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले हर पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची में जरूर दर्ज होना चाहिए। मतदान की पारदर्शिता का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि वोटिंग शुरू होने से पहले प्रत्याशियों के पोलिंग एजेंटों की मौजूदगी में 'मॉक पोल' कराया जाता है, जिसमें ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की बारीकी से जांच होती है।

मतदान समाप्त होने के बाद ईवीएम से जुड़ी तमाम प्रक्रियाएं एजेंटों के सामने पूरी होती हैं और जरूरी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए जाते हैं। इसी तरह मतगणना के दिन भी काउंटिंग एजेंटों के सामने फॉर्म 17सी में दर्ज आंकड़ों का ईवीएम में दर्ज वोटों से मिलान किया जाता है। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध और सटीक बनाए रखने के लिए चुनाव आयोग समय-समय पर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाता है।

इसके तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से मिलते हैं और जरूरी दस्तावेजों, मैपिंग व सुनवाई के आधार पर सूची को दुरुस्त करते हैं। उन्होंने बीएलओ से अपील की कि वे अपने इलाकों में 18 साल के नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए हमेशा सक्रिय रहें, क्योंकि यह देश के लोकतंत्र की सबसे बड़ी सेवा है।

# बांग्लादेश में हिंदू पत्रकार की संदिग्ध मौत

ढाका, 12 सितंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश के प्रमुख दैनिक अखबार 'समकाल' के न्यूजरूम में एक वरिष्ठ हिंदू पत्रकार का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। बरिसल जिले में स्थित अखबार के ब्यूरो कार्यालय में हुई इस घटना ने देश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। शुक्रवार शाम को 'समकाल' के बरिसल ब्यूरो चीफ रहे 57 वर्षीय पुलक चटर्जी का शव दफ्तर के अंदर फंदे से लटकता पाया गया।

घटना की पुष्टि करते हुए बरिसल कोतवाली मॉडल पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी अल मामून-उल इस्लाम ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मौत की असली वजह का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। वहीं, बांग्लादेशी अखबार 'ढाका ट्रिब्यून' ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से लिखा है कि चटर्जी को करीब तीन साल पहले 'समकाल' अखबार से हटा दिया गया था। वह बरिसल प्रेस क्लब के महासचिव पद पर भी रह चुके थे और इससे पहले उन्होंने कई वर्षों तक एक अन्य अखबार 'जुगांतर' के साथ काम किया था।




# बीएसएफ : 400 जवान जंतर-मंतर पर 9 अक्टूबर को करेंगे भूख हड़ताल



नई दिल्ली, 12 सितंबर (एजेंसियां)। सीमा सुरक्षा बल 'बीएसएफ' के 400 जवानों (ट्रेड्समैन) को एकाएक घर बैठा दिया गया है। नौकरी से निकाले जाने के बाद इन जवानों के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। इन्हें नौकरी से हटाए जाने के पीछे मुख्य वजह एक नकली 'सर्टिफिकेट' है।

भर्ती के समय अनेक अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन कोचिंग संस्थानों के दावों पर भरोसा कर लिया। उन्हें 'सर्टिफिकेट' जारी कर दिया गया। 2023-24 के दौरान अभ्यर्थियों को इसी 'सर्टिफिकेट' पर नौकरी भी मिल गई। बाद में पता चला कि संबंधित संस्थान ने तो ऐसा कोई 'सर्टिफिकेट' जारी ही नहीं किया। इन जवानों को नौकरी पर रखा जाए, 'अलॉयंस ऑफ ऑल एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस वेलफेयर एसोसिएशन' ने सरकार से यह मांग की है। इसी के चलते एसोसिएशन ने नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर 9 अक्टूबर को भूख हड़ताल करने की घोषणा की है। 'अलॉयंस ऑफ ऑल एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव रणबीर सिंह ने बताया, बीएसएफ में 2023-24 में रसोइया, जलवाहक (वाटर कैरियर) और वेटर के लिए रिक्तियां निकाली गई थी। जो विज्ञापन छपा, उसमें इन पदों के लिए नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के तहत चलने वाले ट्रेनिंग सेंटर एनएसक्यूएफ से लेवल-1 सर्टिफिकेट होना अनिवार्य किया गया था। इस सर्टिफिकेट के बिना आवेदन नहीं किया जा सकता था। बाद में आरटीआई के जरिये पता चला कि एनएसडीसी ने 2015 से 2023 के बीच एनएसक्यूएफ लेवल-1 का कोई सर्टिफिकेट जारी ही नहीं किया।

बतौर रणबीर सिंह, ये जवान साइबर ठगी का शिकार हुए हैं। कोचिंग सेंटरों ने इन्हें अभ्यर्थियों को भरोसा दिया कि उन्हें संबंधित संस्थान का ही सर्टिफिकेट मिलेगा। भर्ती के समय कई अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन कोचिंग संस्थानों की बातों पर यकीन कर प्रमाणपत्र ले लिए। एसोसिएशन का कहना है कि इन जवानों द्वारा जानबूझ कर गलती नहीं की गई, बल्कि ये साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं। अब जवानों के सामने रोजी रोटी की गंभीर समस्या आ खड़ी हुई है। कई जवानों द्वारा 5-7 लाख रुपए का बैंक लोन भी लिया हुआ है।

# ब्रिक्स करेंसी का समिट में रखा गया प्रस्ताव?

## भारत ने साफ किया रुख, बताया नई दिल्ली डिक्लेरेशन पर कैसे बनी सहमति

नई दिल्ली: भारत की अध्यक्षता में हो रहे ब्रिक्स समिट की बैठक में शामिल होने के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन, चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग समेत ब्रिक्स समूह देशों के नेताओं का नई दिल्ली में जमावड़ा है। इस बीच शनिवार को पीएम मोदी ने नई दिल्ली डिक्लेरेशन का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। अब विदेश मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया है कि फिलहाल ब्रिक्स करेंसी का कोई प्रस्ताव नहीं है। साथ ही उन्होंने बताया कि नई दिल्ली डिक्लेरेशन पर सभी देशों के बीच साझा सहमति कैसे बनी।

शनिवार को ब्रिक्स शेरपा और विदेश मंत्रालय में आर्थिक संबंध सचिव सुधाकर दलेला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। स्थानीय मुद्राओं में कारोबार के सवाल पर सुधाकर दलेला ने स्पष्ट किया कि लोकल करेंसी में ट्रेड का मुद्दा लंबे समय से चर्चा में है और सदस्य देश अपनी-अपनी राष्ट्रीय मुद्राओं में कारोबार कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि फिलहाल ब्रिक्स की कोई साझा करेंसी बनाने का प्रस्ताव नहीं है। ब्रिक्स के जॉइंट स्टेटमेंट पर सहमति बनने के सवाल पर दलेला ने कहा कि भारत का प्रयास रहा कि सभी देशों की बात सुनी जाए और ब्रिक्स के सामूहिक विचार बयान में प्रतिबिंबित हों। उन्होंने बताया कि बातचीत पारदर्शी तरीके से हुई और सदस्य देशों की राष्ट्रीय स्थिति और प्राथमिकताओं पर चर्चा की गई। दलेला के मुताबिक, भारत ने इस बात पर जोर दिया कि मतभेदों का समाधान बातचीत के जरिए निकले और सभी सदस्य मिलकर आगे बढ़ें।

**भारत की अध्यक्षता में 350 से ज्यादा बैठकें**

मंत्रालय ने बताया कि भारत ने जनवरी 2026 में चौथी बार ब्रिक्स की अध्यक्षता संभाली। पिछले आठ महीनों में 350 से ज्यादा बैठकें हुईं। इनमें मंत्रिस्तरीय बैठकों से लेकर वर्किंग ग्रुप, बिजनेस सेशन और लोगों से जुड़ी गतिविधियां शामिल थीं। उन्होंने कहा कि भारत की अध्यक्षता का फोकस ब्रिक्स सहयोग को ज्यादा व्यावहारिक, भविष्य उन्मुख और लोगों की प्राथमिकताओं के अनुरूप बनाना रहा। इस वर्ष ब्रिक्स संस्थागत सहयोग के 20 साल भी पूरे कर रहा है। सुधाकर दलेला ने कहा, 'अभी कुछ देर पहले ही ब्रिक्स सदस्यों का 18वां सेशन खत्म हुआ है। ब्रिक्स के लिए यह साल बहुत खास रहा है। भारत ने इस साल जनवरी में चौथी बार ब्रिक्स की अध्यक्षता संभाली, क्योंकि ब्रिक्स अपने संस्थागत सहयोग की 20वीं वर्षगांठ के रूप में एक अहम पड़ाव पर पहुंच गया है। इसी संदर्भ में, भारत ने अपनी अध्यक्षता की थीम 'मजबूती, इनोवेशन, सहयोग और सस्टेनेबिलिटी के लिए निर्माण' पर ध्यान केंद्रित करते हुए पिछली अध्यक्षता के कामों को आगे बढ़ाने की कोशिश की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और 'मानवता सबसे पहले' के सिद्धांत से प्रेरित होकर, हमारी कोशिश रही है कि ब्रिक्स सहयोग को और अधिक व्यावहारिक, भविष्योन्मुखी और हमारे लोगों की प्राथमिकताओं के प्रति संवेदनशील बनाया जाए। उन्होंने कहा, समिट में नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र में व्यापक सुधार, जिसमें सुरक्षा परिषद का सुधार भी शामिल है, के प्रति समर्थन दोहराया। इसके साथ ही विकासशील देशों और ग्लोबल साउथ को अधिक प्रतिनिधित्व देने की बात कही गई। नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय व्यवस्था में सुधार की जरूरत पर भी जोर दिया, ताकि विकासशील देशों और ग्लोबल साउथ की आवाज और मजबूत हो सके।

# हरीश रावत ने कांग्रेस के पदों से दिया इस्तीफा

## ओएसडी के ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई के बाद बड़ा फैसला

देहरादून, 12 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने शनिवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी और कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) में अपने पदों से इस्तीफा देने का ऐलान किया। यह फैसला उनके पूर्व ओएसडी चंदन सिंह जीना से जुड़े ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई की खबर सामने आने के बाद लिया गया। रावत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए अपने फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वह नहीं चाहते कि उनके किसी भी कृत्य की वजह से कांग्रेस के संघर्ष को कोई नुकसान पहुंचे। हालांकि, उन्होंने अपने सहयोगी पर लगे कथित भ्रष्टाचार के आरोपों पर अविश्वास जताया और कहा कि मामले की सच्चाई जांच के बाद ही सामने आएगी।

प्रवर्तन निदेशालय ने उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) की वर्ष 2016 की भर्ती परीक्षा में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में कई ठिकानों पर कार्रवाई की। इसी


कार्रवाई के दौरान हरीश रावत के पूर्व ओएसडी चंदन सिंह जीना से जुड़े परिसरों से भारी मात्रा में नकदी और गहने बरामद किए जाने की खबर सामने आई।

रावत ने कहा कि जीना उनके ओएसडी रहे हैं और उनके राजनीतिक जीवन के दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। उन्होंने जीना को विनम्र और मेहनती व्यक्ति बताते हुए कहा कि यदि भर्ती प्रक्रिया में उनकी ओर से किसी तरह की गलती या अनियमितता का सबूत मिलता है तो उन्हें इस पर शर्मिंदगी होगी। हालांकि, रावत ने कहा कि फिलहाल उन्हें इन आरोपों पर विश्वास नहीं है और मामले की वास्तविकता आगे की जांच से स्पष्ट होगी।

### 'पार्टी के संघर्ष को कमजोर नहीं होने दूंगा'

अपने इस्तीफे की वजह बताते हुए हरीश रावत ने कहा कि उत्तराखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर काफी कुछ दांव पर लगा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके कार्यकर्ता भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं और वह नहीं चाहते कि उनकी वजह से पार्टी के संघर्ष पर किसी तरह का असर पड़े। रावत ने कहा कि वह किसी सरकारी पद पर नहीं हैं, इसलिए सरकारी पद से इस्तीफा देने का सवाल नहीं है। लेकिन वह उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी के सदस्य और कांग्रेस कार्यसमिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य हैं। उन्होंने इन दोनों जिम्मेदारियों से हटने का फैसला किया है।

### यूकेएसएसएससी के गठन और भर्तियों पर क्या बोले रावत?

हरीश रावत ने अपने कार्यकाल के दौरान उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के गठन का भी बचाव किया। उन्होंने कहा कि आयोग का गठन राज्य के युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखकर किया गया था। पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उनकी सरकार के कार्यकाल में सरकारी पदों के लिए 42 हजार से अधिक भर्तियां की गई थीं।

उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में लोक सेवा आयोग को समय पर परीक्षाएं आयोजित करने के लिए मजबूर किया गया और मेडिकल तथा शिक्षा समेत विभिन्न क्षेत्रों के लिए भर्ती बोर्ड भी बनाए गए।

### यूकेएसएसएससी चेयरमैन की नियुक्ति पर भी दी सफाई

हरीश रावत ने यूकेएसएसएससी के तत्कालीन चेयरमैन की नियुक्ति को लेकर भी अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि नियुक्ति संबंधित अधिकारी के पिछले सर्विस रिकॉर्ड को देखते हुए की गई थी। रावत के मुताबिक, शिकायतें मिलने के बाद उन्होंने संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई भी की थी। उन्होंने यह भी कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी (सेवानिवृत्त) ने इस नियुक्ति को लेकर उनसे मुलाकात की थी। रावत ने कहा कि आज भी उनका मानना है कि खंडूरी ने हमेशा भ्रष्टाचार के खिलाफ काम किया।

### 'सबूत हैं तो सीबीआई, ईडी या पुलिस को दें'

रावत ने कहा कि यदि किसी के पास भर्ती और नियुक्तियों से जुड़े मामलों में उनकी भूमिका का कोई ठोस सबूत है तो उसे सीबीआई, ईडी या राज्य पुलिस को सौंपा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़े पदों पर जिम्मेदारी संभालने वाले हर व्यक्ति को गलत प्रलोभनों से बचना चाहिए। यदि उनकी ओर से कोई गलती हुई है और उससे राज्य के युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है, तो वह खुद को सजा का हकदार मानते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्त किए जाने वाले किसी व्यक्ति के भविष्य के आचरण का पहले से अनुमान लगाना संभव नहीं होता। उन्होंने भर्ती आयोग के पूर्व अध्यक्ष से जुड़े विवाद का जिक्र करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति को जिम्मेदारी देते समय उसके भविष्य में गलत कार्य करने की आशंका पहले से नहीं जानी जा सकती। रावत ने एक बार फिर कहा कि यदि उनकी ओर से कोई गलती साबित होती है तो कानून के अनुसार उन्हें सजा मिलनी चाहिए।

## अभिनेत्री अमीषा पटेल की मां के घर से गहने चोरी

### पुलिस ने घरेलू सहायिका को किया गिरफ्तार

मुंबई, 12 सितंबर (एजेंसियां)। मुंबई पुलिस ने अभिनेत्री अमीषा पटेल के माता-पिता के चर्चगेट स्थित फ्लैट से 5 लाख रुपए के सोने और हीरे के गहने चुराने के आरोप में पालघर की 40 वर्षीय महिला को गिरफ्तार किया है। वह कथित तौर पर करीब डेढ़ साल से अमीषा पटेल की मां आशा पटेल के घर में घरेलू सहायिका के तौर पर काम कर रही थी। आरोपी महिला की पहचान पालघर निवासी सीमा घाटे के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सीमा घाटे अभिनेत्री अमीषा पटेल के माता-पिता के घर में घरेलू सहायिका के रूप में काम कर रही थी। उनकी की मां की ओर से दर्ज शिकायत के बाद पुलिस ने जांच की और घाटे को हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक, कंगन कथित तौर पर जनवरी 2026 में घर से चोरी हुआ था। आशा पटेल को कथित तौर पर सीमा घाटे पर शक था और पिछले पांच-छह महीनों से वह उससे चोरी कबूल करने और गहने लौटाने के लिए कह रही थीं। हालांकि, आरोपी महिला ने कथित तौर पर कंगन वापस नहीं किया। इसके बाद आशा पटेल ने मरीन ड्राइव पुलिस से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर मरीन ड्राइव पुलिस ने बीएनएस की धारा 306 के तहत मामला दर्ज की। पुलिस ने बताया कि मामला शुरू में एक अज्ञात महिला के खिलाफ दर्ज किया गया था। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के मार्गदर्शन में क्राइम डिटेक्शन टीम ने जांच की और घाटे को विरार में ट्रेस किया। आरोपी को बाद में हिरासत में लिया गया और अदालत में पेश किया गया।

## हाफिज सईद के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी

### कश्मीर में हथियार-पैसे भेजने का आरोप



जम्मू, 12 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में बैठकर कश्मीर घाटी में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के आरोपित लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज मोहम्मद सईद पर जम्मू की एनआइए अदालत ने फिर शिकंजा कसा है। अदालत ने उसके खिलाफ दूसरा गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। करीब दो महीने में हाफिज सईद के खिलाफ यह दूसरी ऐसी कार्रवाई है।

एनआइए ने अदालत को बताया कि यूएपीए के तहत नामित आतंकी पाकिस्तान से कश्मीर में सक्रिय आतंकियों को हथियार और धन मुहैया कराने के साथ ही उन्हें आतंकी गतिविधियों के लिए निर्देश दे रहा है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आरोपित फरार है और जांच एजेंसी सामान्य प्रक्रिया के जरिए उसकी उपस्थिति सुनिश्चित नहीं कर सकी। इसके बाद हाफिज निवासी सरगोधा, पंजाब, पाकिस्तान के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। वारंट की तामील के लिए इसे एनआइए जम्मू के डीआइजी को भेजा गया है।

एनआईए के अनुसार, जांच में सामने आया है कि हाफिज प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का संस्थापक है और पाकिस्तान से अपनी गतिविधियां संचालित कर रहा है।

## एक साल में 62 शेर-शेरनी और शावकों की बीमारी से हुई मौत

### किडनी फेलियर और लकवा जैसी हो गई थी बीमारी



गांधीनगर, 12 सितंबर (एजेंसियां)। एक साल में गुजरात में कुल 62 शेरों, शेरनियों और उनके शावकों की अलग-अलग बीमारियों से मौत हो गई। सरकार ने इनमें संक्रमण को रोकने और समय पर इलाज देने के लिए कई कदम उठाए हैं। वन और पर्यावरण मंत्री अर्जुन मोढवाडिया ने गुजरात विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस विधायक शैलेश परमार के एक सवाल का जवाब देते हुए यह आंकड़े साझा किए। मंत्री ने अपने लिखित जवाब में बताया कि एक साल में हुई 62 मौतों में 17 शेर, 17 शेरनियां और 28 शावक शामिल थे।

इनकी मौत सेप्टिसीमिया, निमोनिया और हेमोरेजिक निमोनिया, एनीमिया, हेपेटो-रीनल डिसफंक्शन या किडनी फेलियर, मल्टी-आर्गन डिसफंक्शन या फेलियर, मायोकार्डियल इन्फार्क्शन और लकवा जैसी बीमारियों के कारण हुई। अन्य कारणों में गठिया, गैस्ट्रोएंटेराइटिस, राउंडवार्म का संक्रमण, एन्सेफलाइटिस, सेंट्रल नर्वस सिस्टम की खराबी, एसाइटिस, ब्रोंको-निमोनिया, गंभीर बीमारी और सेप्टिक शाक वगैरह शामिल थे।

## विधायकों-पूर्व विधायकों की प्रॉपर्टी का होगा खुलासा?

### किरण बेदी ने एचसी से की बड़ी मांग



नई दिल्ली, 12 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली में एक पीजी को लेकर उठे सवालों के बीच पूर्व आईपीएस अधिकारी किरण बेदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए गंभीर सवाल उठाए हैं। यह मामला बीजेपी विधायक अनिल शर्मा के स्वामित्व वाले बताए जा रहे एक पीजी से जुड़ा है। आरोप है कि यह संपत्ति निर्माण नियमों के कथित उल्लंघन से जुड़ी है। किरण बेदी ने अपनी पोस्ट में सवाल उठाया कि क्या दिल्ली हाई कोर्ट वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ एमसीडी अधिकारियों की संपत्तियों का खुलासा कराने का निर्देश दे सकता है।

उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, क्या दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा वर्तमान में निर्वाचित और पूर्व सभी विधायकों, पार्षदों और एमसीडी अधिकारियों को यह निर्देश दिया जा सकता है कि वे दिल्ली में अपने नाम पर या अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर सीधे तौर पर मौजूद सभी संपत्तियों का खुलासा करें? किरण बेदी ने आगे कहा, आरोप लगाया जा रहा है कि ऐसी कई संपत्तियां संदिग्ध रूप से कानूनों और नियमों का उल्लंघन करते हुए अधिग्रहित की गई हैं या उनका संचालन किया जा रहा है। चाहे मामला इमारतों का हो या व्यावसायिक गतिविधियों का, यह स्थिति सालों से चली आ रही और वर्तमान में भी मौजूद भाई-भतीजावाद की संस्कृति के मद्देनजर गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने ऐसी संपत्तियों से जुड़े कानूनी और सुरक्षा के सवालों पर भी चिंता जताई।

बेदी ने लिखा, ऐसी संपत्तियां कई कानूनी और सुरक्षा संबंधी चिंताओं का कारण बन रही हैं। यह मांग इस विश्वास, भरोसे और अपेक्षा पर आधारित है कि संबंधित क्षेत्रों में कानूनी अनुपालन सुनिश्चित करने और किसी भी तरह के उल्लंघन को रोकने के लिए ये जनप्रतिनिधि और अधिकारी प्राथमिक स्तर पर निगरानी की जिम्मेदारी निभाते हैं।

किरण बेदी की इस पोस्ट के बाद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की संपत्तियों की पारदर्शिता और उनकी निगरानी को लेकर बहस फिर तेज हो गई है।

## गणेश उत्सव में 10 दिन की शराब बंदी क्यों हाई कोर्ट ने लगाई फटकार,प्रशासन को बदलना पड़ा फैसला

पुणे, 12 सितंबर (एजेंसियां)। पुणे में गणेश उत्सव के दौरान शराब की बिक्री पर 10 दिन की रोक लगाने के प्रशासन के फैसले को लेकर बॉम्बे हाई कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने सवाल उठाया कि गणेश उत्सव के दौरान सिर्फ पुणे जिले में ही 10 दिनों के लिए शराब की बिक्री पर रोक क्यों लगाई गई? कोर्ट की फटकार के बाद प्रशासन ने अपने फैसले में बदलाव करते हुए 10 दिन की रोक को घटाकर सिर्फ 2 दिन कर दिया है। दरअसल, गणेश उत्सव के दौरान पुणे प्रशासन ने जिले में 10 दिनों तक शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया था। इस फैसले को लेकर शराब विक्रेताओं और होटल व्यवसायियों में नाराजगी देखी गई। इसके बाद शराब विक्रेता और होटल व्यवसायियों की ओर से बॉम्बे हाई कोर्ट का रुख किया गया।

## बंडा में नकली शराब से हुई मौतों पर दिग्विजय सिंह का सरकार पर निशाना

छतरपुर, 12 सितंबर (एजेंसियां)। सागर जिले के बंडा में नकली शराब से हुई मौतों और हरीश रावत के कांग्रेस में अपने पदों से इस्तीफा देने समेत कई मामलों पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। नकली शराब से हुई मौतों पर दिग्विजय सिंह ने कहा, मेरा कहना है कि इसे पूरे राज्य में रोका जाना चाहिए। जब सरकार को पता है कि इतनी बड़ी मात्रा में शराब बेची जा रही है, तो वह ऐसा क्यों होने दे रही है? लाइसेंस क्यों रद्द नहीं किए गए और इसके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

यह सरकार के लिए आय का एक स्रोत भी है और इससे राजस्व पर भी असर पड़ता है। इसलिए, कहीं न कहीं प्रशासनिक व्यवस्था के अधिकारी और भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेता इसमें शामिल हैं, और इसीलिए ऐसा हो रहा है। छतरपुर में सड़कों की खराब हालत को लेकर दिग्विजय सिंह ने कहा, नगरपालिका की सड़कें एक बात है और बाकी सड़कें दूसरी बात है।

जहां तक मेरी सरकार का सवाल है तो नेशनल हाईवे की सड़के इसलिए खराब थीं, क्योंकि केंद्र सरकार से पैसा नहीं मिलता था। स्टेट हाईवे में कोई खराबी नहीं थी। दिग्विजय सिंह ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पूरी सरकार और प्रशासन भ्रष्ट हैं। लोगों को हर चीज के लिए रिश्वत देनी पड़ रही है। अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों की जमीनें छीनी जा रही हैं और बड़े-बड़े लोग उस पर कब्जा कर रहे हैं। हम सब लोग मिलकर मेहनत कर रहे हैं। अभी हम लोग दतिया में चुनाव जीते हैं, उसके पहले शिवपुर में जीते थे। हम लोग पूरी तरह से एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। हरीश रावत के कांग्रेस में अपने पदों से इस्तीफा देने के सवाल पर दिग्विजय सिंह ने कहा कि हमको इसकी जानकारी नहीं है।

## स्कूल बस ड्राइवर पर फायरिंग चेहरे पर छर्रे लगेः गाड़ी में 50 स्टूडेंट सवार थे; सड़क से कार हटाने की बात पर भड़के युवक

ग्वालियर, 12 सितंबर (एजेंसियां)। जिले के डबरा में कार सवार दो युवकों ने स्कूल बस ड्राइवर पर फायरिंग कर दी। ड्राइवर घायल हो गया। वारदात के वक्त टेकनपुर स्थित ग्लोरियस कॉन्वेंट स्कूल की इस बस में करीब 50 स्टूडेंट थे। पिछोर पुलिस ने बताया कि शनिवार सुबह बच्चों को स्कूल लेकर जा रही बस बड़ी अकबई गांव के पास पहुंची। यहां सड़क के बीच स्विफ्ट कार खड़ी थी। बस ड्राइवर खेम सिंह ने हेल्पर को भेजकर कार सवार युवकों से गाड़ी हटाने के लिए कहा। इस पर युवकों ने पेट्रोल खत्म होने की बात कहकर कार हटाने से मना कर दिया। इसके बाद खेम सिंह बस से उतरा और कहा कि वे धक्का देकर कार सड़क के बीच से हटा दें। इस पर युवक भड़क गए। उनमें से एक ने जेब से कट्टा निकालकर 4 फायर कर दिए। इनके छर्रे खेम सिंह की आंख के पास और गाल पर लगे। वह जमीन पर गिर गया।

## टीएमसी के चुनाव चिह्न विवाद पर दिलीप घोष का तंज

### इंतजार कीजिए, फैसला आयोग करेगा

कोलकाता, 12 सितंबर (एजेंसियां)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नाम और चुनाव चिह्न को लेकर चल रहे विवाद के बीच पश्चिम बंगाल की सियासत में बयानबाजी तेज हो गई है। पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी के निर्वाचन आयोग से मुलाकात के लिए दिल्ली रवाना होने पर पश्चिम बंगाल के मंत्री दिलीप घोष ने कहा कि दिल्ली जाना कोई बड़ी बात नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले में विधानसभा अध्यक्ष और निर्वाचन आयोग विचार कर रहे हैं और अंतिम फैसला वहीं से आएगा। दिलीप घोष ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, "बहुत से लोग दिल्ली जाते हैं। वे भी गई हैं।

इंतजार कीजिए और देखिए।" उन्होंने कहा कि अब यह देखना होगा कि इस मामले में टीएमसी का भविष्य क्या होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस संबंध में जो भी फैसला होगा, वह संबंधित संवैधानिक संस्थाओं की ओर से ही आएगा। टीएमसी के चुनाव चिह्न 'घास पर दो फूल' को लेकर भी दिलीप घोष ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जब तक निर्वाचन आयोग की ओर से अंतिम निर्णय नहीं आ जाता, तब तक पार्टी के चुनाव चिह्न को लेकर चर्चा जारी रहेगी। फिलहाल यह तय नहीं है कि टीएमसी का मौजूदा चुनाव चिह्न आगे भी बरकरार रहेगा या नहीं।

ममता बनर्जी के दिल्ली दौरे के बीच दिलीप घोष का यह बयान राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। टीएमसी के प्रतिनिधिमंडल की निर्वाचन आयोग से होने वाली मुलाकात में पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की संभावना है। ऐसे में सभी की नजर आयोग के रुख पर टिकी हुई है। कालीघाट मंदिर में भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के मछली खाने को लेकर उठे विवाद पर भी दिलीप घोष ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि देश में कई ऐसे मंदिर हैं जहां मछली का प्रसाद चढ़ाया जाता है।

## गुजरात कांग्रेस के लिए इतना खास क्यों? सुरजेवाला ने बताई वजह, गांधी-पटेल का भी किया जिक्र

अहमदाबाद, 12 सितंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव और राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शनिवार को कहा कि गुजरात कांग्रेस के लिए सिर्फ एक राज्य नहीं, बल्कि प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि गुजरात की धरती से कांग्रेस की विचारधारा की शुरुआत हुई और पार्टी के लिए गुजरात और कांग्रेस एक-दूसरे के पर्याय हैं। हाल ही में गुजरात के प्रभारी कांग्रेस महासचिव की जिम्मेदारी संभालने वाले सुरजेवाला ने कहा कि पार्टी अपने कार्यकर्ताओं और सहयोगियों के साथ मिलकर राज्य में विकास, प्रगति, सद्भाव और भाईचारे की राह को मजबूत करेगी। उन्होंने भरोसा जताया कि कांग्रेस मिलकर एक नए गुजरात के निर्माण की दिशा में काम करेगी। सुरजेवाला ने कहा, 'यह बापू और सरदार पटेल की धरती है और कांग्रेस की विचारधारा की जन्मस्थली है। कांग्रेस की विचारधारा गुजरात की मिट्टी से निकली है। कांग्रेस और गुजरात एक-दूसरे के पर्याय हैं।

## जेल के अंदर पॉर्न देख रहा था रेप का दोषी प्रज्वल रेवन्ना?

### पूर्व सांसद के फोन में मिले दर्जनों वीडियो



बेंगलुरु, 12 सितंबर (एजेंसियां)। जेल में बंद जनता दल (सेक्युलर) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जब्त किए गए मोबाइल फोन और अन्य डिवाइस की फोरेंसिक जांच में दर्जनों पोर्न वीडियो मिले हैं। पिछले महीने क्राइम ब्रांच के अधिकारियों की छापेमारी में रेप के दोषी रेवन्ना को अपनी जेल की कोठरी के अंदर मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए पकड़ा गया था। रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा का पोता और केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी का भतीजा है। रेप के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद वह उम्रकैद की सजा काट रहा है।

वह बेंगलुरु की परप्पना अग्रहारा सेंट्रल जेल में बंद है। क्राइम ब्रांच के अधिकारियों की अचानक छापेमारी के दौरान रेवन्ना मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए पाया गया था। अधिकारियों ने उस हाई-सिक्योरिटी बैरक से एक चार्जर, एक पेन ड्राइव और एक नोटबुक भी जब्त की, जहां प्रज्वल को रखा गया था। जब्त किए गए फोन और पेन ड्राइव को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया था और रिपोर्ट से पता चला है कि फोन में दर्जनों पोर्न वीडियो और पेन ड्राइव में वेब सीरीज हैं। इस मामले ने एक बार फिर बेंगलुरु की सेंट्रल जेल में वीआईपी कैदियों को मिलने वाली खास सुविधाओं पर सबका ध्यान खींचा है।

## अनंतनाग में नशे के नेटवर्क पर बड़ा शिकंजा, 20 जगहों पर छापेमारी; हिरासत में 13 संदिग्ध

अनंतनाग, 12 सितंबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार को पुलिस ने जिले के वाघामा इलाके में 20 जगहों पर एक साथ नार्को सीएएसओ (घेराबंदी और तलाशी अभियान) चलाया। वाघामा को जिले में नशे के हॉटस्पॉट के तौर पर चिन्हित किया गया है। पुलिस के मुताबिक, इस समन्वित अभियान के दौरान 13 कथित ड्रग तस्करों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। इनके खिलाफ आगे कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, इस बड़े अभियान का मकसद इलाके में सक्रिय नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े स्थानीय नेटवर्क की पहचान करना और उसे तोड़ना है। इसके साथ




ही नशे की सप्लाई चेन को उसके स्रोत पर ही रोकने की कोशिश की जा रही है। अनंतनाग पुलिस ने कहा कि यह कार्रवाई नशे के कारोबार को लेकर उसकी जीरो टॉलरेंस नीति का हिस्सा है। पुलिस लगातार उन लोगों और नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, जो समाज में नशीले पदार्थ पहुंचाने में शामिल हैं। पुलिस ने कहा, अनंतनाग पुलिस नशे के नेटवर्क के खिलाफ ऐसे तेज और खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान जारी रखेगी। हमारा लक्ष्य युवाओं को नशे से बचाना और ड्रग-फ्री अनंतनाग के लक्ष्य को हासिल करना है।

### एनसीबी ने भी पकड़ा था 6.920 किलो हेरोइन

अनंतनाग पुलिस की कार्रवाई ऐसे समय हुई है, जब नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की जम्मू जोनल यूनिट ने भी जम्मू-कश्मीर में हेरोइन की तस्करी के दो अलग-अलग रास्तों का खुलासा किया था। इससे पहले 5 सितंबर को एनसीबी ने जम्मू डिवीजन में चार जगहों पर तस्करी की खेप पकड़ी और पंजाब में की गई एक जुड़ी कार्रवाई के साथ कुल 6.920 किलो हेरोइन जब्त की थी। एनसीबी के मुताबिक, सामने आए सप्लाई रूट में एक रास्ता पाकिस्तान से उरी सेक्टर के जरिए सीधे जम्मू-कश्मीर तक पहुंचता था, जबकि दूसरा रास्ता पंजाब के जरिए अप्रत्यक्ष रूप से जम्मू-कश्मीर तक नशे की खेप पहुंचाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। एजेंसी ने बताया कि इनमें से दो कार्रवाई जम्मू-सांबा बेल्ट की उन बस्तियों में की गईं, जिन्हें नशे से प्रभावित इलाके के तौर पर चिन्हित किया गया है।

### सांबा में बस से मिली 522 ग्राम हेरोइन

एनसीबी ने अपनी सबसे हालिया कार्रवाई 3 सितंबर को की थी। अधिकारियों ने सांबा के न्यू बस स्टैंड के पास एक यात्री बस को रोका। तलाशी के दौरान पुलवामा जिले के काकापोरा के रहने वाले एक व्यक्ति के पास से 522 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसके बाद एनसीबी ने इस खेप के पीछे के नेटवर्क की जांच शुरू की। जांच में इसका कनेक्शन पंजाब के लुधियाना से सामने आया।

## आतिशी की बीजेपी को खुली चुनौती! 6 फ्लैगस्टाफ रोड पर होगा बड़ा खुलासा

नई दिल्ली, 12 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता और आम आदमी पार्टी नेता आतिशी ने 6 फ्लैगस्टाफ रोड स्थित पुराने मुख्यमंत्री आवास को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा है। आतिशी ने कहा कि 14 सितंबर को बीजेपी की विधानसभा कमेटी इस आवास का निरीक्षण करने जा रही है। उन्होंने दावा किया कि इस निरीक्षण के बाद बीजेपी की ओर से लगाए गए कथित आरोपों की सच्चाई सामने आ जाएगी। आतिशी ने कहा कि जब दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार थी, तब 6 फ्लैगस्टाफ रोड मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास था। उनके मुताबिक, इस आवास को लेकर बीजेपी ने लगातार कई आरोप लगाए और इसे लेकर कथित तौर पर गलत बातें प्रचारित की गईं। आतिशी ने कहा कि आप ने बीजेपी को चुनौती दी थी कि मीडिया और कैमरों के साथ मौके पर जाकर आवास की स्थिति देखी जाए।

# गणेश चतुर्थी पर 11 बजे नहीं कर पाए गणपति स्थापना

## इन 3 शुभ मुहूर्त में घर ला सकते हैं बप्पा को

गणेश चतुर्थी 14 सितंबर 2026 को है, इस दिन बप्पा की स्थापना के 4 शुभ मुहूर्त बन रहे हैं, देखें सुबह 11 बजे के बाद कब-कब कर सकते हैं स्थापना.

*मिट्टी की मूर्ति को प्राथमिकता दें. प्लास्टर ऑफ पेरिस या केमिकल से बनी प्रतिमा के बजाय प्राकृतिक मिट्टी की मूर्ति बेहतर मानी जाती है।*

*गृहस्थों के लिए बाईं ओर मुड़ी सूंड वाले गणेश जी की प्रतिमा को सामान्यतः शुभ और पूजा के लिए सरल माना जाता है।*



***क्या है इस साल 2026 गणपति स्थापना का शुभ मुहूर्त***
***गणपति स्थापना का अभिजीत मुहूर्तः दोपहर 12:09 से 12:58 बजे तक। गणेश पूजा का शुभ समयः सुबह 11:20 से दोपहर 01:48 बजे तक। शाम की पूजा का गोधूलि मुहूर्तः शाम 06:42 से 07:05 बजे तक।***

**कब से शुरू हो रहा है गणेशोत्सव**
10 दिवसीय गणेशोत्सव का महापर्व इस साल 14 सितंबर 2026 सोमवार को गणेश चतुर्थी के दिन से शुरू हो रहा है। यह 10 दिनों तक चलने वाला पावन पर्व 25 सितंबर 2026 को अनंत चतुर्दशी के दिन विसर्जन के साथ समाप्त होगा।

हिंदू धर्म में भगवान गणेश जी को सर्वप्रथम पूजनीय माना गया है। गणेश चतुर्थी सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक स्थापना का सबसे शुभ मुहूर्त है लेकिन जो लोग इस मुहूर्त में बप्पा की स्थापना न कर पाएं वो चौघड़िया के शुभ मुहूर्त देखकर गणपति स्थापना कर सकते हैं। यहां देखें 14 सितंबर को गणेश स्थापना के कौन-कौन से मुहूर्त बन रहे है।
पंचांग की गणना के अनुसार, चतुर्थी तिथि का आरंभ 14 सितंबर को सुबह में 7 बजकर 6 मिनट पर आरंभ होगी और 15 सितंबर को सुबह में 7 बजकर 45 मिनट पर खत्म होगी।

***गणेश की कौन सी मूर्ति शुभ होती है?***
*अगर आप गणेश उत्सव पर गणेश की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित करने जा रहे है तो एक बात का खास ध्यान रखना चाहिए कि उसमें गणपति का वाहन यानी चूहा और मोदक स्पष्ट रूप से दिखाई दे। धर्म शास्त्रीय नियम के अनुसार, बैठी हुई मुद्रा में गणेश की मूर्ति या तस्वीर लगाना शुभ और मंगलकारी होता है।*

**भगवान गणेश की मूर्ति कहां स्थापित करें?**
भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित करने के लिए वास्तु शास्त्र में पूर्व, उत्तर या पूर्व-उत्तर का कोण यानी ईशान में स्थापित करना शुभ बताया गया है। अगर आप इस बार बाप्पा को घर ला रहे है तो वास्तु शास्त्र में बताए गए नियमों का पालन अवश्य करें। इसके अलावा पूजन करने वाले का मुंह उत्तर की ओर होना शुभ माना गया है।

**गणेश स्थापना के लिए दोपहर का समय ही क्यों?**
मान्यता है कि भगवान गणेश का प्राकट्य भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी के मध्याह्न काल में हुआ था। इसी कारण गणेश चतुर्थी पर बप्पा की स्थापना और पूजा के लिए दोपहर का मध्याह्न काल सबसे शुभ माना जाता है। पंचांग में इसी आधार पर गणेश पूजा का विशेष मुहूर्त निर्धारित किया जाता है। माना जाता है कि इस समय विधि-विधान से गणपति की पूजा करने से विघ्नों का नाश और शुभ कार्यों में सफलता का आशीर्वाद मिलता है।

**कलश मूर्ति के दाई या बाई ओर रखें**
अगर आप पूजा करने वाले व्यक्ति की दृष्टि से देखें, तो कलश गणेश जी के बाईं ओर रखा जाता है यानी गणपति की प्रतिमा सामने हो और आप पूजा के लिए बैठे हों, तो कलश आपके दाईं ओर आएगा।
कलश को चौकी पर गणेश जी के पास रखें और उसमें जल, अक्षत, सुपारी आदि रखकर ऊपर आम या अशोक के पत्ते और नारियल स्थापित कर सकते हैं।

**गणेश मूर्ति के नियम**
मिट्टी की मूर्ति को प्राथमिकता दें। प्लास्टर ऑफ पेरिस या केमिकल से बनी प्रतिमा के बजाय प्राकृतिक मिट्टी की मूर्ति बेहतर मानी जाती है।
सफेद मदार की जड़, सोने, चांदी या तांबे से बनी गणेश प्रतिमा की भी पूजा की जा सकती है।
घर में गणेश जी की बैठी हुई प्रतिमा स्थापित करना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इससे घर में स्थिरता और सुख-समृद्धि बनी रहती है।
गृहस्थों के लिए बाईं ओर मुड़ी सूंड वाले गणेश जी की प्रतिमा को सामान्यतः शुभ और पूजा के लिए सरल माना जाता है।
गणेश जी की प्रतिमा में कंधे पर नाग रूपी जनेऊ होना उनके पारंपरिक स्वरूप का हिस्सा माना जाता है।
प्रतिमा में गणेश जी का मूषक वाहन भी होना चाहिए। मूषक गणपति के पारंपरिक स्वरूप का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

शास्त्रीय वर्णनों में गणेश जी के धूम्रवर्ण स्वरूप का उल्लेख मिलता है। हालांकि अलग-अलग परंपराओं में विभिन्न रंगों की प्रतिमाएं भी स्थापित की जाती हैं।
गणेश जी को भालचंद्र कहा जाता है, इसलिए ललाट पर चंद्रमा वाला स्वरूप उनके प्रसिद्ध रूप का प्रतीक माना जाता है।
गणेश जी की प्रतिमा में पाश और अंकुश दोनों का होना उनके पारंपरिक स्वरूप और आयुधों का प्रतीक माना जाता है।

> एकदंताय शुद्धाय सुमुखाय नमो नमः।
> प्रपन्न जनपालाय प्रणतार्ति विनाशिने॥
>
> **अर्थ :** जिनका एक दांत और सुंदर मुख है, जो भक्तों की रक्षा करने वाले, सभी की पीड़ाओं का नाश करने वाले गणपति को नमस्कार है।

# मोदक ही नहीं, गणेश चतुर्थी पर बप्पा को इन 8 चीजों का भोग लगाना भी है जरूरी



गणेश चतुर्थी का पर्व आते ही भक्त बप्पा के स्वागत की तैयारियों में जुट जाते हैं। हर जगह सजावट, मिठाई और भक्ति का माहौल नजर आता है। जब बात गणपति की होती है, तो सबसे पहले मोदक याद आता है, जो बप्पा का सबसे प्रिय भोग माना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि मोदक के अलावा भी कई ऐसे पारंपरिक पकवान हैं, जिनके बिना गणेश चतुर्थी का उत्सव अधूरा माना जाता है?
भारत के अलग-अलग राज्यों में गणेश चतुर्थी पर बप्पा को विभिन्न व्यंजन चढ़ाने की परंपरा है। इन पकवानों का स्वाद और खुशबू त्योहार की रौनक और भी बढ़ा देते हैं। आइए जानते हैं ऐसे 8 विशेष पकवानों के बारे में, जिनका स्थान मोदक के बाद भी बेहद खास है।

**1. शंकरपाली**
मैदा, चीनी और घी से बना यह कुरकुरा स्नैक महाराष्ट्र और गुजरात में बहुत पसंद किया जाता है। इसे सुनहरा तलकर तैयार किया जाता है और बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी इसे प्रसाद के रूप में चाव से खाते हैं।



**2. पुरण पोली**
महाराष्ट्र में मोदक के बाद सबसे लोकप्रिय पकवान पुरण पोली है। चने की दाल और गुड़ या चीनी से बनी यह मीठी रोटी त्योहार का स्वाद दोगुना कर देती है। इसे घी के साथ परोसना खास परंपरा है।



**3. लड्डू**
बेसन, रवा और नारियल से बने लड्डू गणेश चतुर्थी पर खास तौर पर बनाए जाते हैं। ये बनाने में आसान और स्वाद में लाजवाब होते हैं।

**4. मेथी भाजी**
कुछ जगहों पर गणपति को हरी सब्जियों का भोग भी चढ़ाया जाता है। मेथी भाजी को मसालों के साथ बनाकर प्रसाद के रूप में अर्पित किया जाता है।





**5. श्रीखंड**
गुजरात और महाराष्ट्र में लोकप्रिय श्रीखंड दही से बनी मिठाई है। इसमें केसर, इलायची और सूखे मेवे मिलाए जाते हैं। यह गणपति के भोग में विशेष रूप से शामिल किया जाता है।

**6. खिचड़ी**
सात्विक भोजन मानी जाने वाली खिचड़ी मूंग दाल और चावल से बनाई जाती है। इसे कई स्थानों पर गणेश चतुर्थी पर प्रसाद के रूप में परोसा जाता है।

**7. नारियल बर्फी**
नारियल का महत्व गणेश चतुर्थी में खास होता है। नारियल बर्फी न केवल स्वादिष्ट होती है बल्कि इसे बनाना भी बेहद आसान है।

**8. पोंगल**
दक्षिण भारत, खासकर तमिलनाडु में, पोंगल गणपति के भोग का अहम हिस्सा है। इसे मीठा और नमकीन दोनों तरीकों से बनाया जाता है।





# बुद्धि, विवेक और सामाजिक चेतना के प्रतीक भगवान गणेश



अतुल कुमार

अध्यात्म के सबसे पूजनीय देवताओं में एक भगवान गणेश हैं . वह गणों के स्वामी है. इसलिये गणेश कहे जाते हैं .उन्हें प्रथम पूज्य माना गया .किसी भी शुभ कार्य पूजा या अनुष्ठान की शुरुआत सबसे पहले गणेश वंदना से होती है .क्यों कि वह विघ्नहर्ता हैं . भक्तों के जीवन की सभी बाधाओं ,संकटों और मुश्किलों को दूर करते हैं . वह बुद्धि ,विवेक और विद्या के देवता हैं .आज जब हर ओर शिक्षा के महत्व की चर्चा हो रही है तब गणेश जी विद्या के दाता रूप में आशीर्वाद देते दिखायी देते हैं . ज्ञान के लिये उनकी आराधना को सबसे अच्छा माना गया . शास्त्रानुसार कहा भी गया है कि “ गजाननं भूतगणादी ,सेवितं ,कपित्थ जंबफूल सार भक्तिक्षम / उमासुतं शोक विनाशकारणम ,नमामि विघ्नेश्वर पादपंकजम // अर्थात सभी बाधाओं ( विघ्नों ) को दूर करने वाले विद्या और अध्ययन के मार्ग में एकाग्रता की कमी ,आलस्य या मानसिक भटकाव जो भी समस्याएं आती हैं उनको गणेश जी अपनी कृपा से नष्ट कर देते हैं . इसलिये उनको बुद्धि विधाता कहा गया जो भक्त को तेज़ बुद्धि और स्मरण की शक्ति प्रदान करते है .

गणेश बुद्धि और विवेक के साथ सही मार्ग चुनने की प्रेरणा देते हैं वह कहते हैं शांत रह लोगों को जितना हो उतना सुनो तर्क करोगे तो अपने लिये ही परेशानियां खडी करोगे .शांत रह कर्म करते रहना ही सच्ची बुद्धिमानी है . प्रसंगानुसार जब महाभारत “ को लिखने के लिये वेदव्यास ने ब्रह्मा से प्रार्थना की तब उन्होंने कहा कि लोकहित में मानवोद्धार के लिये लिखे जाने वाले इस ग्रंथ को केवल बुद्धि – सिद्धि के देवता गणेश ही लिख सकते हैं .वेद व्यास ने गणेश से अनुरोध किया .गणेश सहर्ष तैयार हो गये लेकिन शर्त रखी कि “ जब मैं लिखना शुरु करूंगा तो मेरी कलम रुकनी नहीं चाहिये .यदि आप एक क्षण के लिये भी रुके तो मैं लिखना छोड दूंगा व्यास ने शर्त मान ली लेकिन अपनी भी एक शर्त जोड दी “ आप जो भी लिखेंगे ,उसे अच्छी तरह समझ कर लिखेंगे व्यास जब भी कठिन श्लोक कहते गणेश अर्थ सहित वह श्लोक लिख देते उनकी बुद्धिमत्ता को देख व्यास प्रभावित हुए .

मार्मिक प्रसंग है लिखते – लिखते कलम टूट गयी तब लेखन में कोई बाधा पैदा न हो इसके लिये उन्होंने अपना एक दांत तोड कर उससे लिखने को जारी रखा . इसलिये उनको एकदंत कहा गया . प्रसंग की सीख है कि किसी भी बडे लक्ष्य को हासिल करने के लिये अटूट संकल्प एकाग्रता और त्याग की ज़रूरत होती है . आज प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ की समस्याओं को ले अक्सर लोग परेशान और बेचैन रहते है. गणेश सिखाते हैं कि संकटों से घबराने और चिंतित रहने के बजाए अपनी बुद्धि और सूझ बूझ से उनका समाधान निकाला जाए मेंटल टेंशन ,करीयर में रुकावटों से लोग डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं तब भगवान ग़णेश की शिक्षाएं और ज्ञान लोगों को संबल प्रदान करते है .

मौजूदा दौर नालेज , ए आई , और डाटा का है जिसमें बुद्धिमत्ता की अधिक ज़रूरत होती है .गणेश जी का बडा सिर बडी सोच



,दूर्दर्शिता , का प्रतीक है .गणेश जी का मूल स्वरूप “निराकार परब्रह्म “ का है आदि शंकराचार्य ने गणेश को “ अजम निर्विकल्पम निराकारम – एकम “ कहा है अर्थात भगवान गणेश अजन्मे ,निर्विकल्प और निराकार हैं . “ गण “ का अर्थ पूरे ब्रह्मांड की ऊ र्जा औ र शक्तियों का समूह. उसे गण कहते हैं इन सभी समूहों के अधिपति होने के कारण उनको “ गण या गणपति “ कहा गया .सोशल मीडीया के इस युग में जब हर कोई अपनी बात कहने को उत्सुक है तब उनकी कही यह बात याद दिलाती है कि दुनिया की अंधी दौड में शामिल होने के बजाये अपने परिजनों और माता – पिता को समय दो जिससे भावनात्मक लगाव बडे . सच तो यह है कि आज आदमी जितना परेशान और तन्हा रह गया है उतना कभी नहीं था ! परिजनों से कट वह मटेरियलिस्म को बटोरने की जुगत में अपने अस्तित्व को खोता जा रहा है .गणेश का वाहन चूहा है .जो अनियंत्रित इच्छाओं और चंचल मन का प्रतीक है . इच्छाओं और मन को अपने नियंत्रण में रखना ज़रूरी है न कि उनके वश में होना . गणेश केवल व्यक्तिगत पूजा तक सीमित नहीं है बल्कि सामाजिक गतिविधियों के देवता भी हैं क्यों कि गणेशोत्सव श्रद्धा ,संकल्प और विपरीत परिस्थितियों मे भी मार्ग ढूंढ निकालने वाला त्यौहार है जिसमें सांस्कृतिक ,सामाजिक और सोद्देश्यता का वास है .

गणेश को विघ्नहर्ता कहा गया यानी सभी बाधाओं और मुश्किलों को दूर करने वाले हैं प्रसंगानुसार एक बार गजमुखासुर नामक शक्तिशाली राक्षस ने कठिन तपस्या कर भगवान शिव से यह वरदान पा लिया कि उसे कोई भी अस्त्र या शस्त्र से मार नहीं पायेगा . वरदान पा वह अहंकारी और क्रूर हो गया उसने देवताओं ,ऋषियों और मनुष्यों पर अत्याचार करना शुरु कर दिया . सभी देवताओं के कार्यों में विघ्न डालने लगा . परेशान हो सभी देवता भगवान गणेश की शरण में पहुंचे और अपने इस संकट को दूर करने की प्रार्थना करने लगे .तब गणेश ने गजमुखासुर को ललकारा राक्षस ने भयानक हथियारों से वार किया लेकिन गणेश का कुछ नहीं बिग़डा .जब गणेश ने उस पर वार करना चाहा ,तो उन्हें भगवान शिव का वरदान याद आया कि इसे किसी शस्त्र से नहीं मारा जा सकता तब उन्होंने अपना एक दांत तोडा और उसे अभिमंत्रित कर राक्षस की ओर फेंक दिया वह दांत गजमुखासुर के पीछे लग गया जिससे छुटकारा पाने के लिये उसने मूषक का रूप लिया और भागने लगा तब गणेश ने उसे दबोच उसके अहंकार को कुचल दिया तब वह विनम्र हो ग़णेश से क्षमा मांगते हुए उनके पैरों पर गिर पडा .

ग़णेश ने उसको जीवन दान देते हुए उसे अपना वाहन बना लिया . इस तरह आये संकट और विघ्न को गणेश ने अपनी बुद्धि से खत्म कर दिया . मान्यतानुसार वह किसी भी संकट को अपनी बुद्धि और विवेक से हर मार्ग को सुगम बना देते हैं. यही कारण है कि किसी भी शुभ कार्य को शुरु करने के पहले “ श्रीगणेशाय नमः “ कह उनकी पूजा की जाती है ताकि कार्य बिना किसी विघ्न के पूरा हो . हिंदी के प्रसिद्ध कवि सुमित्रा नंदन पंत ने गणेश महिमा पर खूब लिखा “ श्री गणपति का उत्सव मानवता का मधुरव /श्रद्धा आशा और विश्वास का उल्लास ,मानव जीवन पुनीत मृत्यु नहीं हार –जीत /रहना सब को भू पर देह का नहीं यह रण मन का यह संघर्षण ,आओ स्थितियों से लडें / साथ –साथ बडें क्यों कि यह जीवन उमंग ,जिससे जुडा है गणेश वंदन //

# काव्य कुंज

## गणपति स्तुति



डॉ संजुला सिंह
जमशेदपुर

हाथ जोड़ विनती करूं
गौरी पुत्र गणेश
मेरे कार्य पूर्ण करो
सुत करके कृपा महेश ।
तेरे चरणों में वंदन करूं
करो स्वीकार गणेश
पूर्ण करो मनोकामना
कर के कृपा विशेष ।
मेरी तुझ से प्रार्थना
तुझ से है अरदास
विनय सुनो हे लंबोदर पूर्ण कर दो आस ।
तुझ से ही आशा प्रभु तुझ पर है विश्वास
मिलेगी जब तेरी कृपा तभी मिटेगी मेरी त्रास।
मेरा ना कोई साथी है ना ही किसी से आस
सुन लो विनय हे लंबोदर मिटा दो मेरी प्यास ।
अब देरी ना कीजिए गौरी पुत्र गणेश
पहले ही बड़ी देर हो गई प्रभु सुनो सर्वश्रेष्ठ ।
संजू कर रही याचना झुका के अपने शीश
कर के कृपा हे प्रभु दे दो अपना आशीष ।।

## ईद



दर्शन सिंह
हैदराबाद

बेशक चांद देखकर मुस्कराना ईद है
अतिउत्तम, एक दूसरे को हसाना ईद है
चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात
छोड़ो कल, एक छत तले आशियाना ईद है
आईना दिखाना तो अच्छा लगता है
स्वयं के गुनाहों से बतियाना ईद है
वेद पढ़ना तो आसान हो सकता है
खोलना इंसानियत दवाखाना ईद है
हर वक्त जिंदगी से शिकवे ठीक नहीं
बेखौफ लहरों संग मुस्कराना ईद है ।।

## देश की भाषा हिंदी भाषा



डॉ.प्रतिमा सिंह
हैदराबाद

हिंदी मेरी जान, हिंदी मेरी शान
हिंदी के बिंदी से चमके सारा हिंदुस्तान
भिन्न-भिन्न क्षेत्रों की
बोली भिन्न-भिन्न भाषाएं,
पर सबसे हिल-मिल कर रहती,
नहीं करती अपमान।
दुनिया बदले युग बदले,
बदले तकनीक के अंदाज,
पर हिंदी हर दौर में रखती अपनी अलग पहचान ।
अब हिंदी केवल घर की भाषा या किताबों तक सीमित नहीं,
विज्ञान, तकनीक और दुनिया में
इसके आगे कोई सीमा नहीं ।
हम हिंदी बोलने में शर्माएंगे नहीं,
हिंदी को ठुकराएंगे नहीं, गर्व से हिंदी अपनाएंगे
अपनी आवाज बनाएंगे सबको यही समझाएंगे ।
आओ हिंदी को गर्व से बोलें हिंदी में संवाद करें ।
अपनी भाषा को आगे रखकर भारत का सम्मान करें।

## गणपति बप्पा मोरिया



डॉ. जमालपुरकर सात्विक आनंद,
हैदराबाद

जय गणेश गणराज गणपति
भक्ति-श्रध्दा से मनाएँ
श्रीगणेश चवति,
मस्ती नहीं आसक्ति हो
भावमय सुमति,
जोश से अधिक होश से हो
मनाएँ सम्मति।
श्री गणेश गणराज,
गणाधिपतिजी से कुछ जानें,
पूजा-अर्चना व आराधना कर कुछ सीख अपनावें ।
श्री गणेश, सूक्ष्म दृष्टि से बारीके से परखने को,
श्री गणेश जी के विशाल कान सीखाते है सब सुनो,
सबका सुनो, अधिक सुनो, सुनने की क्षमता रखो ।
श्री गणेश जी का उदर सिखाता है सभी दु:खों को
अपने में ही समाये रखा करो, कुछ सुधार, भलो करो।
श्री गणेश जी से सीखे माता-पिता के प्रति रखें मन में,
अटूट विश्वास, आस्था, संयमी-सेवा समर्पण की भावना।
गजराज जब कुछ ग्रहण करते हैं इधर-उधर बिखेर देते हैं,
ठीक वैसे ही अपने जीवन में भी बाँटकर भोजन ग्रहण करें।
श्री गणेश जी की पूजा में हर फूल-पत्री का सेवन होता है,
अपने जीवन में भी पेड़-पौधे,प्रकृति की रक्षा में कटिबध्द रहें।
चित-चंचल मूषक को वाहन बनाएँ श्री गणेश जी का स्पष्ट संकेत है,
समाज में बडे से बड़े व्यक्ति को भी
छोटों से छोटों को भी साथ रखना है।
जो भी करें, नेक करें,
अहंकार रहित, संस्कार सहित सद्विचार सम्मिलित,
आचरण अपना शुध्द हो वही
श्रेष्ठ हो सोच सात्विक साधना ही सफल हो।

## मोबाइल



डॉ हेमंत सुराना,
उदयपुर

बंदर जी बहुत उछलते, कूदते,
एक डाल से दूसरे पर उड़ते
सेहत का बहुत ध्यान वो रखते,
यार दोस्तों की खबर वो रखते
एक दिन कहीं से मोबाइल हे पाया,
बंदर जी को कुछ समझ न आया
चित्र गाने बहुत कुछ दिखता था,
उंगलियों से मोबाइल नाचता था
खाना पीना कुछ न सूझता था,
साथियों से मिलना छूट गया था
उठते, बैठते, सोते, जागते,
बंदर जी मोबाइल साथ रखते
खामोशी से कूदना छुड़वाया,
बंदर जी को कैदी बनवाया,
बंदर जी को कैदी बनवाया ।

## सोना - चांदी



टी तारासिंह
हैदराबाद

खोया हुआ सोना - चांदी मिल जाये तो
खुशी से ना झुमना
ये सोना - चांदी है ये ऐश्वर्य है
ये कभी खुशी देता तो कभी दुःख देता
सिने से ना लगाना कभी
दिल की धड़कन बढ जायेगी
दिन का सुकून छिन लेगी
जरूरत पडे तो बस देख लेना सोने - चांदी को
ख्वाबो मे तो नवाब बनना अच्छा लगता
मगर असलियत मे जीना मुश्किल होता
इस जहां मे दुःख है दर्द है सुकून नही
सहारा ले लेना हमसफर का
जिन्दगी कट जायेगी खुशियो मे
सोना - चांदी की जरूरत नही पडेगी ।।

## अध्यापक



-बलविंदर सिंह,
गुरदासपुर

अध्यापक सूरज का प्रकाश ।
अध्यापक बच्चों का विश्वास ।
अध्यापक मात-पिता एवं दोस्त ।
अध्यापक सिर पर हाथ की उल्फ़त।
अध्यापक पुल माझी व रहबर ।
अध्यापक उड़ते पंक्षी के पर।
अध्यापक सुख - आशीषों की दात ।
अध्यापक अंधेरे में प्रभात।
अध्यापक तृतीय आँख की लोरी ।
अध्यापक उड़ती पतंग की डोरी ।
अध्यापक मन्दिर जैसी पूजा ।
अध्यापक जैसा और न दूजा ।
अध्यापक गूंगे की शब्दावली ।
अध्यापक शब्दों की अर्थावली ।
अध्यापक वृक्षों की छाया जैसा ।
अध्यापक खुश्बू की माया जैसा ।
अध्यापक विद्या रूपी पारस ।
अध्यापक विरले का भी वारिस ।
अध्यापक प्याले के लिए पानी ।
अध्यापक जीवन की जिंदगानी ।
अध्यापक संकल्प शक्ति गुरू ।
अध्यापक उन्नति भक्ति आबरू ।
अध्यापक 'बालम' ग़म में हर्ष ।
अध्यापक जन्नत का उत्कर्ष ।

## शब्दातीत शब्द



डॉ शोभा भंडारी
हैदराबाद

शब्दातीत से होते हैं
कुछ अनकहे से शब्द,
मौन का संवाद होते हैं
कुछ अनछुए से शब्द,
आत्मा की शक्ति और
मन के उत्प्रेरक होते हैं,
शांति का संदेश लिए
एक सुखद अनुभूति होते हैं,
तनाव से कोसों दूर एक सुकून होते हैं,
जीवन की ऊष्मा और ऊर्जा हैं,अनकहे शब्द।
कितना कुछ कह जाते हैं आंखों के भाव,
मन की पूरी किताब पढ़ लेते हैं अनकहे संवाद,
हिंसा और क्रोध पर एक अंकुश हैं ये,
मानवता का सशक्त संप्रेषण हैं ये अनकहे से अल्फ़ाज़।।
मानवीय संवेदनाओं व सुकून का एक सेतु हैं ये,
जीवन में सफलता का अचूक मंत्र हैं ये शब्द,
अनुचित को उचित बनाने वाले प्रेरणास्रोत हैं ये,
ग़लत को सही दिशा दिखाने वाले मार्गदर्शक हैं ये।
जीवन रूपी पाठ्यक्रम का संदेशवाहक हैं,
सच में शब्दातीत हैं ये अनकहे से शब्द।।।

## अग्र हिंदी बनाओ



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

हिंदी भारत की जान
हिंदी भारत की शान,
हिंदी मस्तक की बिंदी
मस्तक पे सजाओ !
अग्र हिंदी बनाओ !!
संस्कृत भाषा की बेटी,
हिंदी है प्रेम की पेटी,
हिंदी तो दिल वालों की,
दिल से दिल मिलाओ !
अग्र हिंदी बनाओ !!
हाथ जोड़ करें प्रणामहिंदी जोड़ने का करें काम,
प्रांत भाषाओं में रम कर इंजन हिंदी लगाओ !
अग्र हिंदी बनाओ !!
विश्व में हिंदी सजा अंग्रेजी को पास बैठा,
भारत की हिंदी कोमान सम्मान दिलाओ
अग्र हिंदी बनाओ।
शांति समाधान हिंदी,अटल का पैगाम हिंदी,
हिंदी है वतन हमारा,हिंदी को अपनाओ !
अग्र हिंदी बनाओ !!

## गणेश चतुर्थी



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

माता को मनाने।
सभी देवता आए हैं।
उनके पुत्र गणेश को,
प्रथम पूज्य बनाकर,
विघ्न हरता बनाए हैं।
गणेश जी का रूप देख ,
सभी बालक हर्षाए हैं।
दस दिन के मेहमान हैं,
घर घर धूम मचाए हैं।
नित सुबह शाम पूजा करते,
भांति भांति के भोग लगाते,
गणेश का पंडाल सजाकर,
सुंदर सुंदर रंगोली बनाए हैं।
ब्याह हो या गृहप्रवेश हो,
पहले गणेश की पूजा होती।
सोलह संस्कार जीवन के,
गजानन बिन सम्पन्न ,नहीं होने पावें हैं।
जो मात पिता की तीन फेरी
देकर,पृथ्वी की तीन परिक्रमा,पूरी करते।
इस तरह गणेश जी,पहले,
शादी करवाने के,अधिकारी बनते।
बुद्धि के दाता कहलाये हैं।
लो धूम मची,आए गणेशा।
गली गली मोहल्ले में, हर शहर नगर गांवों में,
छाये गणेशा,आँगन प्रांगण में।
सबके दिलों में ख़ुशी भराएं हैं।
मोदक बूंदी केले चूरमे का,नित भोग लगे है।
रंग बिरंगे फूलों से अपने,गणेश सजे हैं।
भांति भांति की झांकी बना,जन जन को लुभाएं है।
यही गणेश प्रथमेश कहलाए हैं।

## प्यारी हिंदी



कौशल्या गुप्ता,
हैदराबाद

मुझ को माँ सी प्यारी लगती,
अपनी प्यारी भाषा हिंदी ।
बचपन में सुनता था लोरी,
माँ के मुंह से मीठी मीठी
ममता रस में घोल पिलाई
माँ ने प्यारी भाषा हिंदी ।।
रंग अलग हैं अपने अपने,
वेश बहुत हैं प्यारे प्यारे
पर जो सब के दिल को बांधे
वह है अपनी भाषा हिंदी ।।
जन मानस के कंठ कंठ में,
राम कथा का वास हुआ
रामायण अमर हुआ है जिसमें
वह तुलसी की प्यारी हिंदी ।।
हिंदी तो अपनी मातृभाषा है,
हम सम्मान करें इसका
साहित्य लोक में ज्योत जलाये
दिव्य दीप बन प्यारी हिंदी ।।
माँ का श्यामल आँचल चमके
वैभव से यह पूर्ण धरा हो
भाषा विवाद के घोर घटा से
रहे दूर यह प्यारी हिंदी ।।
आभूषण है सब भाषा इसके,
सहज श्रृंगार किया है माँ ने
पर माथे की बनकर बिंदी
चम चम चमके प्यारी हिंदी ।।

## धरती का फूल



गजानन पाण्डेय

मेरी प्यारी बिटिया
वह धरती का फूल है
मेरे घर की रौनक ।
वह हंसती है
घर - आंगन चहकता है ।
वह बढ़ रही है
जीवन की राह में
नये प्रतिमान गढ़ रही है ।
धरती पर कदम है
आकाश की उड़ान है ।
उसे सुख देना है
जीवन में रंग भरना है ।

## शंकर सुवन गजानन



केपी अग्रवाल
हैदराबाद

एकदंत दयावंत
तुम्हारी अद्भुत माया,
सजे विशाल मंडप चहुँ ओर
तन मन उत्साह छाया ,
एकदंत दयावंत तुम्हारी अद्भुत माया।
जब भक्तों पर विपदा भारी,
शरण में आए भक्त तिहारी
भोले भाले गणपति बाबा
झटपट विपदा हरलो हमारी ,
मंगल कार्य प्रथम अर्चन
ध्यान तुम्हारा आया
मोदक है तुमको बहुत प्रिय,
मोदक का भोग लगाया,
पान, सुपारी, दूब, नारियल
भक्तों ने भोग चढ़ाया, जिस पर कृपा हो गणपति बप्पा
संतान सुख पाया !
रिद्धि सिद्धि संग आयो बाबा,सब मंगल कर जाओ ,
भूल हो तो क्षमा कर देना अब तो दरस दिखाओ ,
शुभ लाभ लेने को देखो सबने दरबार लगाया।
सुबह शाम भक्तजन शीष झुकाने आते हैं ,
चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक तुम्हारे ही गुण गाते हैं,
नतमस्तक हो भक्त सारे जय गणेश देवा गाया
विसर्जन करना संस्कृति हमारी इस रीत का मान बढ़ाया,
अगले बरस जल्दी आना हर भक्त ने यह दोहराया,
मूषक सवारी अद्भुत देव संपूर्ण वर्ष शुभ लाभ पाया
एकदंत दयावंततुम्हारी अद्भुत माया।।

## जय गणनाथाय



कुमुद बाला,
हैदराबाद

जय गणेशाय ,
जय गणाध्यक्षाय , जय धीमहि
जय विघ्नहराय ,
जय शुभाध्यक्षाय , जय धीमहि
जय गणनाथाय !!
एकदंत , लम्बोदराय, कृपानिधान सुख दीजिए
कठिन जीवन लक्ष्य हेतु,सौम्य रूप पथ दीजिए
विपदा हरो हे हेरंबाय , ज्ञान तत्व दीजिए
धर्म मित्र बन नित्य चलूँ , वो मार्ग रम्य दीजिए
जय विश्वरूपाय , जय वक्रतुंडाय , जय धीमहि
जय सूमुखाय, जय विघ्नहर्ताय, जय धीमहि
जय गणनाथाय !!
शुभ और लाभ संग रिद्धि-सिद्धि का दिव्य साथ है
मनो गणपति का , ज्ञान रीढ़ पर नव्य हाथ है
चक्षु की विराट ज्योति के , वे त्रैलोक्य नाथ हैं
हो परिष्कृत मन में विनम्रता , वरदहस्त माथ है
जय प्रसहनाय , जय महोदराय , जय धीमहि
जय दुर्मुखाय , जय सुरानंदाय , जय धीमहि
जय गणनाथाय !!
अब अपूर्णता को पूर्णता का , लक्ष्य दीजिए
हृदय की पंच विकृतियाँ , शीघ्र दूर कीजिए
हो मन मस्तिष्क निर्मल , वर दीजिए शम्बराय
निकष पर खरी हो बुद्धि , नंदन उपाय कीजिए
जय सुरूपाय , जय भालचन्द्राय , जय धीमहि
जय अलंपटाय , जय धृतोत्पलाय ,जय धीमहि
जय गणनाथाय !!

## तंत्र सोता रहा...!



संजय एम.
तराणेकर, इंदौर

जर्जर इमारतें गिरती रहीं,
तंत्र सोता रहा,
दीवारों की दरारें खूब चीखती रहीं,
हमेशा शहर खामोश होता रहा।
किसी छत ने पहले ही कहा था-
“अब मुझमें दम नहीं है,”
किसी खंभे ने भी काँपकर पूछा था-
“क्या? मेरा भी कोई गम नहीं है?”
फाइलों के नीचे दबा, सवाल सोता रहा,
जर्जर इमारतें गिरती रहीं, तंत्र सोता रहा।
हर बारिश में रिसती थी छत,
गर्मी में तपती दीवार, मरम्मत के नाम,
बनता रहा कागजी संसार।
निरीक्षण की मुहर लगती रही,
जिम्मेदारी टलती रही,
जब तक दीवार खड़ी थी,
सबको वह “इमारत” दिखाई दी,
गिरी तो अचानक सबने कहा-
“हमें तो पहले से आशंका थी।”
जर्जर इमारतें गिरती रहीं, तंत्र सोता रहा।

## हिंदी मेरी पहचान



मोनिका डागा,
चेन्नई

हिंदी मेरी अभिव्यक्ति, हिंदी मेरी पहचान,
इसमें है विराजित, मधुर आनंद गान,
हिंदी भाषाओं में प्यारी, हिंदी में बसे हैं प्राण,
शब्दों की अनूठी शक्ति, हिंदी मेरा अभिमान ।
हिंदी भावों की सरिता, संजीवनी सा स्पंदन,
माटी की सौंधी खुशबू, हिंदी से है हिंदुस्तान,
हिंदी भाषा है अनोखी, पुरातत्व एक ज्ञान,
संस्कृत की है बिटिया, आधार प्रकाशमान ।
जीवन की खुशियों का, हिंदी सुंदर दर्पण,
सरल सरस भाषा, हृदय की है मुस्कान,
हिंदी में ममता बसी, भरा है अपनापन,
सुंदर संस्कार जड़ें, है नेह पल्लवन ।
अपनी भाषा का करें, सहर्ष हम वंदन,
मीठी बोली को करें, तन-मन ये अर्पण,
निज भाषा से उन्नति, निज भाषा से मान,
आत्मा की आवाज बनी, हिंदी अपनी है शान ।
हिंदी को सदा ही मिले, अपनों से यश मान,
बोलचाल खुलकर, राष्ट्र का होए उत्थान,
हिंदी पर गर्व करें, राजभाषाओं की प्राण,
हिंदी को दिलाएं आप, राष्ट्र भाषा सम्मान ।
हिंदी को मिलें विश्व में, सदा ही सर्वोच्च स्थान,
सुपथ अग्रसर हो, जीवन का अभियान,
हिंदी सबकी सहेली, छलकाती बड़प्पन,
अनुपम रस धारा, गणतंत्र स्वाभिमान ।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA, Publications, Ltd,
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

स्वतंत्र वार्ता
हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम
साप्ताहिकी


# ब्रिक्स में 'ब्रांड बिहार' का डंका !

## विदेशी मेहमानों को तोहफे में सत्तू और मखाना मिथिला पेंटिंग्स ने जीता दिल




दिल्ली में आयोजितत ब्रिक्स सम्मेलन में भारत के स्थानीय उत्पादों की वैश्विक स्तर पर धूम देखने को मिल रही है। सम्मेलन में शामिल हुए विदेशी प्रतिनिधियों और मेहमानों को एक खास 'गुड्डी बैग' गिफ्ट में दिया जा रहा है। इस बैग में बिहार का प्रसिद्ध सत्तू और मखाना, केले के चिप्स, ओडिशा की खास कॉफी और गुजरात का ब्लॉक प्रिंटेड दुपट्टा (स्टोल) शामिल है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विदेशी मेहमानों को भारतीय संस्कृति, विविधता और अलग-अलग राज्यों के पारंपरिक स्वादों से परिचित कराना है। इसके अलावा मिथिला पेंटिंग्स की गैलरी में भी विदेशी मेहमानों की भी काफी मौजूदगी दिखी। ब्रिक्स जैसे बड़े मंच पर 'ब्रांड बिहार' की इस उपस्थिति से देश की 'लोकल टू ग्लोबल' की सोच को और मजबूती मिल रही है।

**गिफ्ट में सत्तू-मखाना से सम्राट खुश**

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में विदेशी मेहमानों को बिहार का सत्तू और मखाना भी परोसा गया। सीएम सम्राट चौधरी ने भी इस पर खुशी जताई है। सीएम ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि दिल्ली ब्रिक्स सम्मेलन में वेलकम किट में सत्तू और मखाना को शामिल किया जाना हमारे प्रदेश के स्वाद, परंपरा और उद्यमिता की पहचान है। सीएम ने इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी का आभार भी जताया है। कहा कि प्रधानमंत्री 'लोकल टू ग्लोबल' के संकल्प को साकार किया है। लिखा है कि नए बिहार की नई पहचान, बिहार का स्वाद अब दुनिया के सामने है।

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'बिहार का गौरव वैश्विक मंच पर! दिल्ली ब्रिक्स समिट में शामिल सत्तू और मखाना हमारे स्वाद, परंपरा और उद्यमिता की पहचान हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार, जिन्होंने 'लोकल टू ग्लोबल ' संकल्प को साकार किया। नए बिहार की नई पहचान- बिहार का स्वाद अब दुनिया के सामने !'

सोशल मीडिया एक्स पर जेडीयू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय झा ने लिखा, 'बिहार की शान दुनिया के सामने आ रही है। यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि दिल्ली में हो रहे ब्रिक्स समिट में भारतीय और विदेशी पत्रकारों के लिए तैयार किए गए गिफ्ट हैम्पर्स में बिहार के मखाने और हमारे सुपरफूड सत्तू को जगह मिली है। ये हमारे किसानों के लिए एक बेहतरीन सम्मान है। बिहार के खेतों से लेकर ग्लोबल मंच तक, हमारे मखाने और सत्तू राज्य की समृद्ध विरासत और अनोखे उत्पादों को दुनिया के सामने पेश कर रहे हैं।' दिल्ली में हो रहे ब्रिक्स समिट में भारतीय और विदेशी पत्रकारों के लिए तैयार किए गए गिफ्ट हैम्पर्स में बिहार के मखाने और हमारे सुपरफूड सत्तू को जगह मिली है। ये हमारे किसानों के लिए एक बेहतरीन सम्मान है।

इसके अलावा संजय झा ने ब्रिक्स समिट की गैलरी में मिथिला पेंटिंग्स को जगह मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने लिखा, 'ब्रिक्स गर्व का पल! ब्रिक्स समिट में छाई मिथिला की चित्रकला, विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने सराहा! हमें खुशी है कि मिथिला की प्राचीन चित्रकला और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए मधुबनी जिले में मिथिला चित्रकला संस्थान की स्थापना के समय जो सपना देखा गया था, वह निरंतर पूरा हो रहा है।'

उन्होंने लिखा, 'यह हम मिथिलावासियों के लिए गौरव का विषय है कि संस्थान द्वारा राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय, नई दिल्ली में आयोजित 'मिथिला की लोक परंपरा प्रदर्शनी' ब्रिक्स समिट के दौरान विदेशी मेहमानों के आकर्षण का केंद्र बन रही है। इन पेंटिंग्स में मिथिला के पर्व-त्योहारों, लोक जीवन और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई गई है।'

ब्रिक्स 2026 दुनिया की प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं का 18वां शिखर सम्मेलन है, जिसकी मेजबानी इस साल भारत 12-13 सितंबर 2026 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में कर रहा है। ब्रिक्स मूल रूप से ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का समूह है, जिसका विस्तार अब मिस्र, इथियोपिया, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और इंडोनेशिया जैसे देशों तक हो चुका है।

इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग सहित ग्लोबल दिग्गज नेता शामिल हो रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य वैश्विक व्यापार, आर्थिक सहयोग, नवाचार, ऊर्जा सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करना है।

# हथिनी माधुरी की कोल्हापुर वापसी शुरू वनतारा जारी रखेगा मेडिकल केयर



कोल्हापुर की 'महादेवी' के नाम से मशहूर हथिनी माधुरी के शहर लौटने का रास्ता साफ हो गया है। अनंत अंबानी के 'वनतारा' ने एक बयान में कहा कि हथिनी माधुरी को कोल्हापुर लौटने की इजाजत मिल गई है। यह फैसला हाई-पावर्ड कमिटी के 9 सितंबर को जारी आदेश के बाद लिया गया है।

वनतारा के अनुसार, एचपीसी ने दोनों पक्षों की बातें सुनने, रिपोर्ट की समीक्षा करने और महाराष्ट्र के नंदानी में मौजूद सुविधा का निरीक्षण करने के बाद माधुरी की वापसी की मंजूरी दी। आदेश में कई शर्तें रखी गई हैं जिनमें यह भी शामिल है कि माधुरी का उपयोग जुलूसों या किसी अन्य काम के लिए नहीं किया जा सकता। वनतारा ने कहा कि हथिनी को चौबीसों घंटे देखभाल और हर दो हफ्ते में मेडिकल जांच की भी जरूरत होगी।

एचपीसी के निर्देशों का पालन करते हुए माधुरी को 30 जुलाई 2025 को जामनगर के वनतारा लाया गया था। इन निर्देशों को बॉम्बे हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भी बरकरार रखा था। वनतारा ने कहा है कि उसने माधुरी की कस्टडी नहीं मांगी थी, बल्कि निर्देशों के अनुसार उसे अपने पास रखा और उसकी देखभाल की।

ऑर्गनाइजेशन ने कहा कि लगातार वेटेरिनरी देखभाल के बाद माधुरी की सेहत स्थिर हो गई है, लेकिन उसकी पुरानी स्वास्थ्य समस्याएं पूरी तरह खत्म नहीं हुई हैं और अभी भी सपोर्टिव मैनेजमेंट और नियमित निगरानी की जरूरत है। वनतारा ने बताया कि इस बदलाव के तहत उसने नंदानी गांव वाली जगह पर हथिनी के रहने के बेहतर इंतजाम, वेटरनरी इंफ्रास्ट्रक्चर, मेडिकल उपकरण, दवाईया और अन्य जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने में मदद की है। इसके अलावा, एचपीसी के निर्देशों का पालन करते हुए, वनतारा के डॉक्टर हर 15 दिन में कोल्हापुर जाकर 'माधुरी' की मेडिकल जांच करेंगे और इसकी रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को सौंपेंगे। वनतारा ने यह भी बताया कि माधुरी की वापसी से पहले नंदानी की सुविधा और उसके बाड़े में जरूरी व्यवस्थाएं बेहतर करने की कोशिश की गई है। हालांकि जमीन और टाउन प्लानिंग से जुड़ी कुछ सीमाओं के कारण फिलहाल बड़े स्तर पर विस्तार संभव नहीं हो पाया है। ट्रस्ट की जमीन के बीच से सड़क निकलने के कारण वहां और बड़े सुधार करने में रुकावट आ रही है।

वनतारा का कहना है कि वह नंदानी स्थित सुविधा केंद्र में भविष्य में होने वाले अपग्रेड्स के लिए सहायता देता रहेगा और अगर कोर्ट या सक्षम प्राधिकरण निर्देश देते हैं तो हर संभव मदद के लिए उपलब्ध रहेगा। वनतारा ने अपने बयान में कहा है कि माधुरी की सेहत और भलाई हमेशा उसकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उसके स्वास्थ्य, कल्याण और सम्मान के प्रति वनतारा की प्रतिबद्धता इस बात पर निर्भर नहीं करती कि वह कहां रह रही है।

## तमिलनाडु में राजनीतिक घमासान

तमिलनाडु की मुख्य विपक्षी पार्टी डीएमके ने शनिवार को पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय की निंदा करते हुए उन पर पार्टी के दिवंगत नेता एम. करुणानिधि और पार्टी अध्यक्ष एम. के. स्टालिन के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया। यहां विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ नेता पीके शेखर बाबू ने स्टालिन की 'कुर्बानियों, व्यक्तित्व और मानवीय स्वभाव' के लिए तारीफ की और उन्हें 'मिस्टर क्लीन' बताते हुए कहा कि वे नैतिकता और मूल्यों का पालन करते हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में डीएमके के नेतृत्व वाली सरकार ने ऐसे बेदाग नेता को निशाना बनाया। डीएमके ने कानून मंत्री आर. निर्मल कुमार के उन दावों पर आपत्ति जताई जिनमें इमरजेंसी (1975-77) के दौरान स्टालिन की जेल की सजा का जिक्र था। बाबू ने विधानसभा में करुणानिधि और स्टालिन के नेतृत्व वाली डीएमके सरकारों के दौरान भ्रष्टाचार के सीएम विजय के हालिया आरोपों को महज एक घंटे तक बोले गए फिल्मी डायलॉग कहकर खारिज कर दिया।

उन्होंने दावा किया कि सदन में डीएमके ने इस पर आपत्ति जताई और विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन को आरोपों का जवाब देने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने आगे कहा, 'डीएमके एक घायल शेर की तरह मैदान में डटी हुई है। एक दिन इसका पूरा हिसाब-किताब बराबर किया जाएगा।' डीएमके ने कुछ दिन पहले कहा था कि विधानसभा में विजय का भाषण कड़ी निंदा के लायक है क्योंकि इसमें पार्टी, पांच बार मुख्यमंत्री रहे करुणानिधि, दिवंगत केंद्रीय मंत्री मुरासोली मारन और पार्टी प्रमुख स्टालिन के त्याग का मजाक उड़ाया गया था।

बता दें कि डीएमके पर कड़ा हमला करते हुए, आक्रामक विजय ने 7 सितंबर को विधानसभा में पिछली सरकारों के दौरान कथित गंभीर और संगठित भ्रष्टाचार के लिए पार्टी को निशाने पर लिया। विजय ने दशकों पहले करुणानिधि के नेतृत्व वाली डीएमके सरकार पर निशाना साधने के लिए सरकारिया आयोग की रिपोर्ट का सहारा लिया। मुख्यमंत्री ने इस मामले में मारन का भी जिक्र किया था। मुख्यमंत्री ने डीएमके के 2021-26 के कार्यकाल के दौरान कथित भ्रष्टाचार को लेकर राज्य सरकार के साथ साझा किए गए ईडी के आधिकारिक दस्तावेजों का हवाला दिया। इस सिलसिले में तत्कालीन मुख्यमंत्री स्टालिन और उनके डिप्टी उदयनिधि का नाम लिया। कानून मंत्री निर्मल कुमार के अनुसार, ऐसा कोई आधिकारिक रिकॉर्ड नहीं है जिससे पता चले कि इमरजेंसी के दौरान स्टालिन को एमआईएसए के तहत हिरासत में लिया गया था। मंत्री ने संकेत दिया था कि स्टालिन को दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनके 20-सूत्रीय कार्यक्रम पर टिप्पणी करने के बाद गिरफ्तार किया गया था। इस कार्यक्रम की घोषणा केंद्र में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने इमरजेंसी लागू होने के बाद की थी।

# 20 साल बाद लौटेंगे मप्र परिवहन के पुराने दिन

**अनिल शुक्ला**

मध्यप्रदेश में 20 साल बाद एक बार फिर सार्वजनिक परिवहन का स्वर्णिम दौर लौटने जा रहा है। शहर से लेकर गांव-गांव तक बसों का जाल बिछाने की तैयारी पूरी हो गई है। सरकार की करीब 5 लाख किलोमीटर सड़क नेटवर्क पर अलग अलग चरणों में 15 हज़ार बसों को दौड़ाने की योजना है। लक्जरी और आधुनिक सिस्टम की इन बसों का संचालन पीपीपी मॉडल पर किया जाएगा। लेकिन इन पर सरकार का नियंत्रण रहेगा। मध्यप्रदेश यात्री परिवहन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और रैपिडो के बीच एमओयू हो गया है।




देश का दिल कहे जाने वाला मध्यप्रदेश में समय और मांग के साथ परिवहन क्षेत्र में बड़ा कदम रखने जा रहा है। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा' 25 सितंबर से प्रदेश में शुरू होने जा रही है। इंदौर में आयोजित दो दिवसीय 'यात्री परिवहन विजन समिट-2026' में इस पूरे रोडमैप का खाका पेश किया गया है। 20 साल बाद सरकार के नियंत्रण में शहर से लेकर गांव गांव तक प्राइवेट बसें दौड़ेगी। बसें कोई साधारण नहीं रहेगी बल्कि लक्जरी और आधुनिक सिस्टम से लैस रहेगी। खास बात यह है पीपीपी मॉडल का नवाचार करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है। जहा पर सरकार ओर बस ऑपरेटर मिलकर काम करेगी। इससे यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेगी।

कभी मध्यप्रदेश राज्य परिवहन निगम की बसें प्रदेश की इफलाइन हुआ करती थीं। हर गांव-शहर जुड़ा था। 2005 में राज्य सड़क परिवहन निगम बंद होने के बाद पूरा सिस्टम बिखर गया। निजी ऑपरेटरों के हाथ में परिवहन चला गया। नतीजा - - बड़े और मुनाफे वाले रूटों पर बसों की भीड़, छोटे और ग्रामीण रूटों से बसें गायब। निजी बस संचालकों द्वारा यात्रियों से मनमाना किराया, सुरक्षा और समय का कोई भरोसा नहीं। गांव के लोगों का जिला मुख्यालय तक पहुंचना मुश्किल हो गया। गौरतलब है कि प्रदेश की 70% आबादी को सस्ते और भरोसेमंद सार्वजनिक परिवहन का इंतजार पिछले दो दशक से था। इस गैप को भरने के लिए सरकार पीपीपी मॉडल पर अब तक का सबसे बड़ा बस नेटवर्क खड़ा कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित यात्री परिवहन विजन समिट के मौके पर इंडस्ट्री एक्सपो और ईवी बसों की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा - ईवी बसें पूरे एमपी का ट्रांसपोर्ट सिस्टम बदल देंगी।

शहर-शहर ही नहीं, तहसील, ब्लॉक और गांव-गांव को जिला मुख्यालय और बड़े शहरों से जोड़ा जाएगा। पड़ोसी राज्यों तक भी सेवाएं। सभी बसों में जीपीएस, सीसीटीवी, पैनिक बटन, ड्राइवर मॉनिटरिंग सिस्टम और आईटीएमएस - इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम एआई से निगरानी रखी जाएगी। हर जगह एक जैसा मॉडल नहीं चलेगा। जहां यात्री मांग ज्यादा है वहां (नेट कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट), और जहां मांग कम है, ग्रामीण और सुदूर इलाकों में सरकार एसीसी के साथ सब्सिडी/सपोर्ट देगी, ताकि ऑपरेटर को घाटा न हो और बस चलती रहे। इसे जीसीसी मॉडल के साथ मिलाकर टिकाऊ बनाया जाएगा। फोकस पूरी तरह से ई-वाहन पर है, ताकि धुआं-मुक्त और कम खर्चीला परिवहन मिले।

इस पूरे नेटवर्क को खड़ा करने के पीछे दो लोगों की सोच सबसे अहम है।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा साफ है - परिवहन को सिर्फ व्यवसाय नहीं, बल्कि गरीब और ग्रामीण जनता तक पहुंचने वाली जनसेवा बनाना। वे इसे 2030 तक मध्यप्रदेश को मोबिलिटी में देश का लीडर राज्य बनाने के विजन से जोड़ रहे हैं। वहीं परियोजना को जमीन पर उतारने की जिम्मेदारी सम्हालने वाले प्रदेश के परिवहन सचिव एवं जनसंपर्क आयुक्त मनीष सिंह ने समिट के दौरान उन्होंने कहा - यह मोबिलिटी क्रांति का नया अध्याय है। हमारा लक्ष्य सिर्फ बस चलाना नहीं, बल्कि नागरिक-केंद्रित, सुरक्षित और डिजिटल इकोसिस्टम बनाना है। निजी निवेशकों का भरोसा जीतने से लेकर रूट प्लानिंग और आईटीएमएस तक, हर स्तर पर उनकी टीम ने मंथन किया है।

दो दिवसीय समिट के दौरान एक्सपो में एसबीआई, इंडियन ऑयल, टाटा मोटर्स, यश टेक्नोलॉजीज, रैपिडो, चलो मोबिलिटी सहित देश की बड़ी कंपनियों ने अपने मॉडल पेश किए, जो बताते हैं कि सरकार इस बार पूरी तैयारी से है।

20 साल बाद मध्यप्रदेश की सड़कों पर सरकार के नियंत्रण में निजी बसों को दौड़ाने के लिए पहले दौर का सर्वे पूरा हो चुका है। जिसके अनुसार 150 सिटी रूट, 450 इंटरसिटी रूट और 436 इंटरस्टेट रूट, कुल 1036 रूट का सर्वे किया जा चुका है। 55 जिलों में सर्वे पूरा है।

# प्याज की पैदावार नहीं घटी, फिर भी 80% महंगी क्यों

क्या आगे और बढ़ेंगे दाम; आखिर प्याज की इकोनॉमिक्स चलती कैसे है

हैदराबाद, दिल्ली, चेन्नई, भोपाल, लखनऊ जैसे कई शहरों में प्याज की कीमतें 65 से 70 रुपए प्रति किलो के पार चली गई हैं। केंद्र सरकार सिचुएशन कंट्रोल करने के लिए 'कांदा एक्सप्रेस' चला रही है और बड़े शहरों में खुद प्याज बेच रही है। इसके बाद भी प्याज से लोगों को आंसू निकलना बंद नहीं हुए हैं। कहने वाले तो यह भी कह रहे हैं कि ऐसा तो हर साल होता ही है और हर 8-10 साल में प्याज का बड़ा संकट आता ही है। कभी कीमतें आसमान छूने लगती हैं, तो कभी बहुत कम हो जाती हैं। ऐसे में सवाल लाजिम है कि ऐसा बार-बार क्यों होता है?

इकोनॉमिक्स के हिसाब से आपको लगेगा कि प्याज की कमी के कारण दाम बढ़ रहे होंगे, लेकिन ये बहुत ही सतही वजह है। क्योंकि केंद्रीय कृषि मंत्रालय के मुताबिक प्याज की पैदावार में कोई खास कमी नहीं है। 2024-25 में 307.67 लाख मीट्रिक टन प्याज की पैदावार हुई थी और इस बार ये आंकड़ा 307.37 एलएमटी हो सकता है। जबकि प्याज की कुल घरेलू खपत करीब 200 एलएमटी सालाना है। यानी कागजों पर प्याज की खपत से पैदावार ज्यादा है, तो फिर क्यों दाम बढ़ रहे हैं? इसका जवाब जानने के लिए देश में होने वाली प्याज की 3 फसलों को समझना होगा...।

रबी की फसल (मार्च-मई): कुल पैदावार का लगभग 70% हिस्सा रबी की फसल से आता है। केवल इसी प्याज को 4-5 महीनों तक स्टोर किया जा सकता है।

**खरीफ की फसल (अक्टूबर-दिसंबर):** पैदावार का करीब 20% हिस्सा इससे आता है, लेकिन इसे ज्यादा दिनों तक स्टोर नहीं किया जा सकता।

**लेट-खरीफ की फसल (जनवरी-मार्च):** करीब 10% हिस्सा इस फसल से आता है और ये खरीफ से थोड़ी अच्छी होती है, लेकिन यह ज्यादा दिन नहीं टिकती।

देश की बड़ी आबादी के खाने की थाली में प्याज हर दिन अच्छी-खासी मात्रा में रहता है। हर महीने करीब 17 एलएमटी प्याज खाया जाता है, यानी 50 किलो प्याज की 3.4 करोड़ बोरियां। प्याज की मांग सालभर लगभग एक जैसी रहती है, लेकिन सप्लाई हर वक्त एक जैसी नहीं रहती।

दरअसल, मई-जून से लेकर अक्टूबर-नवंबर तक प्याज की मांग पूरी तरह से रबी की फसल पर निर्भर रहती है और खरीफ की फसल आने तक ये सिलसिला चलता है। यानी देश की प्याज खपत का एक बड़ा हिस्सा एक ही फसल की स्टोरेज कैपेसिटी और क्वालिटी पर निर्भर रहता है। अगर रबी की बुवाई, रोपाई और खुदाई के दौरान भारी बारिश, सूखा या कोई अन्य मौसमी दिक्कत आई, तो पैदावार खराब या कम होती है। फिर अगर भरपूर पैदावार हुई तो अगली चुनौती है- स्टोरेज की। क्योंकि रखरखाव में लापरवाही और लंबे समय तक स्टोर करने से प्याज खराब हो जाती है। लेकिन भारत में अब भी ज्यादातर किसान पुरानी तरकीबों से प्याज स्टोर करते हैं। कोल्ड स्टोरेज के बजाय खुले और हवादार शेडों में जमीन पर ही प्याज के ढेर लगा देते हैं। इससे प्याज सड़ने और खराब होने लगता है। रखे-रखे वजन भी घटने लगता है। मौसमी दिक्कतें आईं, तो ये नुकसान और भी ज्यादा हो जाता है।

देश की 40% प्याज उगाने वाले महाराष्ट्र के किसानों का मानना है कि इस साल अप्रैल में बेमौसम बारिश हुई, जिससे पैदावार में कमी आई। साथ ही प्याज के स्टोरेज और क्वालिटी पर असर पड़ा है। यहीं पर एक और फैक्टर काम करता है- प्याज की जमाखोरी और कालाबाजारी। अगस्त से नवंबर के बीच ही कई व्यापारी प्याज की सप्लाई को जानबूझकर रोकते हैं और फिर मौका देखकर महंगे दामों पर बेंचते हैं।

कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया ने एक स्टडी में पाया कि किसानों से 34 रुपए के भाव से खरीदी गई प्याज लोगों को 80 रुपए के भाव से बेचा जा रहा था। इसके अलावा एग्रो-इकोनॉमिक्स की एक दिलचस्प थ्योरी भी काम करती है, जिसका नाम है- कॉबवेब साइकिल। दरअसल, हर बार किसान पिछली बार की कीमतों के हिसाब से तय करते हैं कि कितना प्याज बोना है, जिससे उन्हें बड़ा घाटा न हो?

मान लीजिए कि पिछले सीजन में प्याज की कीमतें बहुत गिर गईं, क्योंकि सप्लाई बहुत ज्यादा थी। इससे किसान हताश हो सकते हैं और कम फसल बोने का फैसला कर सकते हैं। कम बुवाई, यानी कम पैदावार और फिर प्याज की कमी। इस कमी के कारण कीमतें आसमान छू सकती हैं। फिर ऊंची कीमतों के चलते किसानों में अगली बार ज्यादा प्याज बोने की होड़ में मच जाती है। लेकिन जब सभी किसान ऐसा करने लगते हैं, तो बाजार में प्याज की सप्लाई बढ़ जाती है और कीमतें घट जाती हैं। यही चक्र चलता रहता है।

अगस्त 2024 में विपक्षी सांसदों ने प्याज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की मांग को लेकर संसद के बाहर प्रदर्शन किया था। तब वे प्याज की माला पहने प्रदर्शन करने पहुंचे थे। तो इस बार प्याज के दाम कब कम हो सकते हैं? एशिया की सबसे बड़ी प्याज मंडी 'लासलगांव कृषि उपज बाजार समिति' के डायरेक्टर जयदत्ता होलकर के अनुसार 'पिछले 4-5 महीनों में प्याज का भाव दोगुना हो गया है। आगे भी कुछ हफ्तों तक तेजी देखने को मिल सकती है। क्योंकि फिलहाल मंडी में प्याज की आवक कम है।' हालांकि अक्टूबर के आखिरी हफ्तों में खरीफ की प्याज बाजार में आने लगती है, जिससे सप्लाई भरपूर हो जाती है और दाम घटने लगते हैं। ऐसा इस बार भी हो सकता है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने भी कहा है कि देश में प्याज के स्टॉक को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। आने वाले महीने में नया प्याज आने लगेगा, जिससे सप्लाई और कीमत को लेकर लोगों को राहत मिलेगी। हालांकि प्याज विशेषज्ञ और नेशनल हॉर्टिकल्चरल रिसर्च एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन के एडिशनल डायरेक्टर रहे सतीश भोंडे के मुताबिक, सामान्य तौर पर रबी की फसल का प्याज दीपावली तक बाजार में आता है और फिर खरीफ वाला प्याज आने लगता है। लेकिन मौजूदा खरीफ सीजन में प्याज की कम खेती से लगता है कि इसके दाम में मामूली गिरावट आएगी। केंद्र सरकार ने प्राइस स्टेबिलाइजेशन फंड में इस साल 2 एलएमटी रबी प्याज बफर स्टॉक जमा करने का लक्ष्य रखा था। सरकार इसका इस्तेमाल प्याज के दाम को कंट्रोल करने के लिए करती है, यानी जब बाजार में प्याज के दाम बढ़ते तो सरकार सस्ती प्याज सप्लाई करती। लेकिन सरकारी एजेंसियां नेशनल एग्रीकल्चरल को-ऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (नेफेड), नेशनल को-ऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एनसीसीएफ) सिर्फ 1.21 एलएमटी प्याज ही खरीद सके। यानी 40% कम। सरकारी बफर स्टॉक की 30% प्याज सड़ गया है या खराब हो गया है, जबकि ऐसा होने की सामान्य दर 20% है। हालांकि सरकार ने इसका खंडन किया है।

दरअसल, प्याज की इकोनॉमिक्स जितनी जटिल है, उतनी ही कठिन इसकी पॉलिटिक्स है। बीते 5 दशकों में प्याज की कीमतों ने कई चुनावी नतीजे तय किए। 1980 के लोकसभा चुनाव को तो इंदिरा गांधी ने 'प्याज चुनाव' तक कहा था और जनता पार्टी के चौधरी चरण सिंह की सरकार गिर गई थी।

# कमबैक के बाद डिंपल गर्ल को क्या बदलाव दिखा?



सोशल मीडिया और पैपराजी कल्चर ने सितारों और फैंस के बीच की खाई को पाटा है। फैंस को सितारों से जुड़ी हर अपडेट मिलती है। मगर, इसकी वजह से कई बार सेलेब्स परेशान भी होते हैं। इस बदलाव को लेकर हाल ही में प्रीति जिंटा ने बात की। अभिनेत्री प्रीति जिंटा का कहना है कि आज के दौर में एक्टर्स पर पहले के मुकाबले ज्यादा दबाव है। पैपराजी कल्चर के बढ़ने और सोशल मीडिया की दखल के चलते वे ऐसी कड़ी नजर का सामना कर रहे हैं, जिससे उन्हें पहले कभी नहीं जूझना पड़ा था।

क्या लगा सबसे बड़ा बदलाव?

साल 2016 में शादी के बाद प्रीति जिंटा परिवार के साथ अमेरिका में बस गईं। इन दिनों वे कुणाल खेमू के साथ अपनी आने वाली स्पाई-कॉमेडी फिल्म 'बाइब' के प्रमोशन के लिए मुंबई में हैं। अभिनेत्री से जब पूछा गया कि फिल्मों में वापसी करने पर उन्हें सबसे बड़ा कल्चरल शॉक क्या लगा? इस पर उन्होंने कहा कि अब एक्टिंग में फिल्म सेट के बाहर की चीजों को भी संभालना पड़ता है।

**पैपराजी और सोशल मीडिया के दखल पर क्या कहा?**

समाचार एजेंसी पीटीआई से बातचीत में प्रीति ने कहा, 'मेरे लिए सबसे बड़ा कल्चरल शॉक फिल्मों से नहीं, बल्कि फिल्मों के आस-पास की चीजों से जुड़ा है। जैसे पैपराजी और सोशल मीडिया का दखल। पहले, हमें बस सेट पर जाकर एक्टिंग करनी होती थी और काम खत्म करना होता था। यहां, आप कैसे कपड़े पहनते हैं, यह जरूरी है। आपका 'एयरपोर्ट लुक' मायने रखता है। अगर आप दुखी हैं, तो आपको फैशनेबल तरीके से दुखी दिखना होगा या अगर आप खुश हैं, तो फैशनेबल तरीके से खुश दिखना होगा'।

**बोलीं- 'देश की घटनाओं पर भी जानकारी होनी चाहिए'**

अभिनेत्री ने आगे कहा, 'अगर देश में कुछ भी हो रहा है, तो आपको उसके बारे में जानकारी होनी चाहिए। आपको उस पर कमेंट करना होगा। आपको सही बात कहनी चाहिए, इसलिए, बहुत ज्यादा दबाव होता है। अब काम सिर्फ सेट तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सेट के आस-पास की चीजें भी मायने रखती हैं। आपको शानदार दिखना भी होता है।

**कब रिलीज होगी फिल्म 'बाइब'?**

बता दें कि बीते दिनों प्रीति को सनी देओल के साथ फिल्म 'बंटवारा 1947' में देखा गया था। कुछ ही हफ्ते बाद अब उनकी फिल्म 'बाइब' सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

प्रीति जिंटा फिल्म में 'मैडम एच' का दिलचस्प किरदार निभा रही हैं। वे एक ऐसी जासूस हैं, जो एक बड़े मिशन के लिए दो अनाड़ी दोस्तों को भर्ती करती हैं और उन्हें ट्रेनिंग देती हैं। फिल्म 'बाइब' 18 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 'ले मैन्स' को हरी झंडी दिखाएंगे सीएम, आपस में भिड़े अजित और विजय के फैंस





सीएम विजय और अजित कुमार तमिल सिनेमा के दिग्गज कलाकार हैं। दोनों ने तीन दशक पहले तमिल फिल्म इंडस्ट्री में अपना करियर शुरू किया था। दोनों अपने-अपने दम पर स्टार बने। जहां एक तरफ विजय तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने, वहीं दूसरी तरफ अजित कार रेसिंग में नाम कमाया। इन दोनों के बीच हमेशा से ही एक तरह की प्रतिद्वंद्विता मानी जाती रही है। इसलिए, जब यह घोषणा हुई कि विजय उस 'ले मैन्स' रेस की शुरुआत करेंगे जिसमें अजित हिस्सा ले रहे हैं, तो फैंस हैरान हो गए।

**विजय दिखाएंगे हरी झंडी**

'ले मैन्स कप' के ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट्स ने घोषणा की है कि विजय को अपकमिंग रेस में औपचारिक हरी झंडी दिखाने के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने लिखा, 'इस वीकेंड सिल्वरस्टोन में एक स्पेशल गेस्ट हरी झंडी दिखाएंगे! सी. जोसेफ विजय। भारतीय अभिनेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय यूके में हमारे भारतीय ड्राइवरों का समर्थन करने और 44-कार ग्रिड के सामने आधिकारिक तौर पर सिलवरस्टोन की शुरुआत करने के लिए हमारे साथ जुड़ेंगे। हम इस शनिवार को रेसिंग शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं!'

**अजित कुमार ने क्या लिखा?**

अजित कुमार रेसिंग ने भी ट्रैक पर एक वीडियो पोस्ट करके पुष्टि की कि वह 'ले मैन्स' में हिस्सा लेंगे। उन्होंने लिखा, 'कारों के दहाड़ने से पहले, टीम सिल्वरस्टोन के हर इंच पर चलती है। ब्रेकिंग जोन को समझती है। यहीं से असल में रेस शुरू होती है।'

**फैंस हुए हैरान**

सीएम के झंडी दिखाने वाली खबर ने फैंस को हैरान कर दिया, क्योंकि अजित और विजय के बीच मानी जाने वाली प्रतिद्वंद्विता के कारण वे वर्षों से ऑनलाइन और ऑफलाइन लड़ते रहे हैं।

एक फैन ने लिखा 'कभी नहीं सोचा था कि अजित और विजय के फैंस एक साथ आएंगे।'

एक और यूजर ने लिखा, 'सिर्फ प्रतिद्वंद्वी ही इस मुलाकात की अहमियत जानते हैं। नफरत और लड़ाई-झगड़े के लगभग 3 दशक बीत चुके हैं। अब यह हमेशा के लिए आधिकारिक तौर पर खत्म होने जा रहा है।'

इस खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए एक फैन ने लिखा, 'ढाई दशकों तक लड़ने वाले 'अनिल-आमाई' की दो पीढ़ियों को एहसास हुआ कि उनकी पूरी जिंदगी ही एक धोखा थी।'

दूसरे ने लिखा, 'सोचिए अगर 2010 के दशक में किसी रैंडम 'अनिल' या 'आमाई' को यह दिखाया जाता।' 'अनिल' (गिलहरी) शब्द का इस्तेमाल विरोधी फैंस विजय के फैंस का मजाक उड़ाने के लिए करते हैं।

इसी तरह, 'आमाई' (कछुआ) शब्द का इस्तेमाल विरोधी गुट अजित के फैंस के लिए करते हैं।

**दोनों के रिश्ते पर क्या बोलें अजित और उनकी पत्नी?**

इस साल फरवरी में, अजित कुमार की पत्नी शालिनी ने दोनों कलाकारों के आपसी रिश्ते के बारे में बात करते हुए कहा, 'यह एक अच्छा रिश्ता है, वे दोनों एक-दूसरे की सफलता और बाकी चीजों से बहुत खुश हैं। यह बहुत अच्छा है।' अजित ने भी पहले के इंटरव्यूज में अपनी कथित विरोध के बारे में बात की थी और कहा था कि उन्होंने हमेशा विजय की भलाई ही चाही है।

# सदी के महानायक की कौन सी इच्छा रह गई अधूरी?



दिग्गज कलाकार अमिताभ बच्चन ने 'कौन बनेगा करोड़पति' (केबीसी) के अपकमिंग एपिसोड में अपनी जिंदगी की एक ऐसी इच्छा के बारे में बताया है, जिसे वह अब तक पूरा नहीं कर पाए हैं। अपकमिंग एपिसोड में कंटेंट क्रिएटर कृतज्ञ, इस बेहद लोकप्रिय क्विज शो में कंटेस्टेंट के तौर पर नजर आएंगे। अमिताभ बच्चन ने उनसे बातचीत में बड़ा खुलासा किया है।

**कृतज्ञ ने अमिताभ से की ये गुजारिश**

मेकर्स की ओर से शेयर किए गए केबीसी के एक प्रोमो में कृतज्ञ ने अमिताभ बच्चन से उनके साथ 'दिस ऑर दैट' (यह या वह) वाला गेम खेलने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि वह अभिनेता के साथ एक रील बनाना चाहते हैं और उम्मीद करते हैं कि इससे उन्हें कुछ फॉलोअर्स मिल जाएंगे। बच्चन ने गेम खेलने के लिए हामी भर दी।

**क्यों मुश्किल हुआ एक घटना को चुनना?**

खेल के दौरान, कृतज्ञ ने बिग बी से पूछा कि क्या वह अपने अतीत से एक दिन फिर से जीना चाहेंगे या एक ऐसे दिन का अनुभव करना चाहेंगे जो उन्होंने पहले कभी नहीं देखा हो। इस पर बच्चन ने कहा कि उनके जीवन में इतनी सारी घटनाएं घटी हैं कि उनमें से किसी एक को चुनना मुश्किल होगा। इसके बाद उन्होंने उस चीज के बारे में बात की जिसे वह हमेशा से सीखना चाहते थे।

**अमिताभ की कौन सी इच्छा रह गई अधूरी?**

अमिताभ बच्चन ने उन लोगों की तारीफ की जो सितार जैसे वाद्ययंत्र बजा सकते हैं, या गा सकते हैं। उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने घर पर संगीत वाद्ययंत्र रखे हैं, उम्मीद है कि एक दिन वह उन्हें बजाना सीखेंगे। हालांकि, 84 साल की उम्र में उन्होंने कहा कि वह इसे बजाना नहीं सीख सके। वाद्ययंत्र को बजाने की उनकी इच्छा अधूरी रह गई है।

**कैसे 'केबीसी' बना पसंदीदा?**

क्विज शो की बात करें तो, 'कौन बनेगा करोड़पति' सोमवार से शुक्रवार रात नौ बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर आता है। 'केबीसी' की शुरुआत ब्रिटिश शो 'हू वॉन्ट्स टू बी अ मिलियनेयर?' के इंडियन वर्जन के तौर पर हुई थी। यह अमिताभ बच्चन का पहला टीवी अपीयरेंस भी था और इसने उनके करियर को नई जिंदगी दी।

समय के साथ, केबीसी सिर्फ एक क्विज शो से कहीं ज्यादा बन गया। प्रतिभागियों की दिल को छू लेने वाली कहानियों और अमिताभ बच्चन के मशहूर डायलॉग 'लॉक किया जाए' के साथ, यह शो लोगों की जिंदगी का हिस्सा बन गया।

**अमिताभ बच्चन का वर्कफ्रंट**

वर्क फ्रंट की बात करें तो अमिताभ बच्चन जल्द ही कल्कि 2898 एडी के सीक्वल में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन नाग अश्विन कर रहे हैं। इसमें प्रभास और कमल हासन भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

साल 2025 में फिल्म '120 बहादुर' का हिस्सा थे।

# 'क्या गुजरात पाकिस्तान में है'? दिल्ली से बाहर समारोह के आयोजन पर परेश रावल बोले



72वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स समारोह का आयोजन गुजरात में होने जा रहा है। यह पहला मौका है, जब यह प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह राष्ट्रीय राजधानी से बाहर आयोजित हो रहा है। इसे लेकर विवाद है। आलोचनाएं हो रही हैं। इन आलोचनाओं पर परेश रावल ने चुप्पी तोड़ी है।

**क्या बोले परेश रावल?**

गुजरात में 72वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स समारोह के आयोजन को लेकर हुए विवाद पर एक्टर परेश रावल ने कहा, 'क्या गुजरात बांग्लादेश या पाकिस्तान में है? यह भी हमारे ही देश का हिस्सा है। यह इवेंट गुजरात में क्यों नहीं होना चाहिए? गुजरात में भी इवेंट होने चाहिए। मेरा कहना है कि ऐसे इवेंट हर राज्य में होने चाहिए। इसमें कुछ भी गलत नहीं है'। उन्होंने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में यह कहा।

**72 वर्ष के इतिहास में पहली बार**

**दिल्ली से बाहर अवॉर्ड समारोह**

नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स सेरेमनी अपने 72 साल के इतिहास में पहली बार दिल्ली से बाहर आयोजित होगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 22 सितंबर को पुरस्कार प्रदान करेंगी।

बता दें कि साल 1954 में पहला नेशनल अवॉर्ड समारोह दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित हुआ था, जहां तब से ज्यादातर अवॉर्ड समारोह आयोजित किए गए हैं। जुलाई में घोषित इन अवॉर्ड्स का 72वां संस्करण इस परंपरा से अलग होगा।

**फिल्म 'आर्टिकल 370' बेस्ट फीचर फिल्म**

'आर्टिकल 370' को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म और इसकी मुख्य अभिनेत्री यामी गौतम को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री चुना गया है।

मलयालम सुपरस्टार मम्मूटी और बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन को 'ब्रह्मयुगम' और 'चंदू चैंपियन' में उनकी भूमिकाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार संयुक्त रूप से दिया जाएगा। विनायक दामोदर सावरकर पर बनी बायोपिक 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' के लिए अभिनेता रणदीप हुड्डा को सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक का पुरस्कार दिया गया है।

# राइज एंड फॉल 2 होस्ट करेंगे वीरेंद्र सहवाग, प्रोमो में कंटेस्टेंट की फील्डिंग सेट करते दिखे क्रिकेटर

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के क्रिकेट प्रेमी तो दीवाने हैं ही, मगर अब सहवाग जल्द ही क्रिकेट की पिच छोड़कर रियलिटी शो की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। वह जल्द ओटीटी पर शुरू होने जा रहे रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' के दूसरे सीजन को होस्ट करते नजर आएंगे।

शुक्रवार को मेकर्स ने इस शो का प्रोमो रिलीज किया। इस प्रोमो में सहवाग ने क्रिकेट की अनिश्चितता और शो में होने वाले सत्ता संघर्ष के बीच तुलना की।

**प्रोमो में क्या है खास?**

प्रोमो में सहवाग कहीं आइंस्टीन, कहीं यमराज तो कहीं टीचर का रूप धारण करके जीवन के उतार चढ़ाव की बात करते नजर आए। अंत में वो इस उतार चढ़ाव की तुलना शो राइज एंड फॉल से करते हैं।





होस्ट के तौर पर सहवाग का इस सीजन के साथ जुड़ना इसे और दिलचस्प बनाता है। इस बारे में सहवाग ने कहा कि क्रिकेट ने उन्हें सिखाया है कि 'आखिरी गेंद से पहले कोई मैच जीता नहीं जाता', और 'राइज एंड फॉल' में भी कुछ ऐसा ही अनिश्चितता वाला माहौल देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि वह खास तौर पर यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि कंटेस्टेंट्स कैसे रिस्क लेते हैं, गठबंधन बनाते हैं और यह तय करते हैं कि कब हमला करना है और कब पीछे हटना है?

**क्या है शो की थीम?**

रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल 2' में 15 सेलेब्स भाग लेंगे। इन प्रतिभागियों को दो समूहों में बांटा गया है- एक शासक और दूसरा श्रमिक।इस शो की थीम इन्हीं 15 प्रतिभागियों के इर्द-गिर्द बुनी जाती है।

शो में शासक जहां आराम से रहते हैं, वहीं श्रमिक तहखाने में काम करते हैं।

सभी खिलाड़ी टास्क के दम पर दोनों दुनिया के बीच सफर करते हैं।

इन खिलाड़ियों की रणनीति, राजनीति और निर्णायक शक्ति के आधार पर सभी फैसले होते हैं।

# भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने ट्रोल्स से मांगी मदद कहा- 'गाइड कर दो प्लीज'; क्या है पूरा मामला?

भोजपुरी अदाकारा अपने अभिनय के साथ-साथ गायिकी के लिए भी मशहूर हैं। उनके गाने काफी पसंद किए जाते हैं। अक्षरा अपने नए गाने को लेकर चर्चा में हैं, जिसका टाइटल है 'बेनाम इश्क'। उन्होंने पोस्ट साझा कर फैंस से राय मांगी कि इसे आज रिलीज करें या कल। मगर, ट्रोल्स ने उन्हें निशाने पर ले लिया। इसके बाद अक्षरा ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया।

**अक्षरा सिंह ने पोस्ट शेयर कर क्या कहा?**

अक्षरा सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने नए गाने का पोस्टर रिलीज किया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'कुछ मोहब्बतें मुकम्मल होने के लिए नहीं होतीं। बस उम्र भर दिल में अधूरी रहने के लिए होती हैं। क्या आपकी जिंदगी में भी कोई ऐसी मोहब्बत है, जिसका आज तक कोई नाम नहीं? अब बताओ आज शाम ही रिलीज कर दूं या कल सुबह? कमेंट में सिर्फ लिखो आज या कल लिखिए। देखते हैं किसकी जीत होती है।

**ट्रोल बोला- 'गाना फ्लॉप होगा'**

कमेंट बॉक्स में अक्षरा के फैंस



गाने के प्रति उत्सुकता जता रहे हैं। वहीं, कुछ ट्रोल्स अभिनेत्री पर निशाना साधते नजर आए। एक यूजर ने लिखा, 'कभी भी रिलीज हो, गाना तो फ्लॉप होना है'। इस पर अक्षरा ने शालीनता से मुंहतोड़ जवाब दिया। भोजपुरी अभिनेत्री ने लिखा, 'गाना कैसे चलेगा? तुम गाइड कर दो ना प्लीज'।

**गायिकी छोड़ने का दिया सुझाव**

एक ट्रोल ने अक्षरा सिंह को सिंगिंग छोड़ने का ही सुझाव दे डाला। यूजर ने लिखा, 'एक सुझाव है कि आप सिंगिंग ही मत करो प्लीज, क्योंकि आपके पास वह आवाज ही नहीं है'। इस पर अक्षरा ने करारा जवाब देते हुए लिखा, 'करना पड़ेगा यार। कुछ लोग बहुत पसंद करते हैं और मुझे मजा आता है। समझो बात को'।

**ट्रोल ने पूछा- 'व्यूज क्यों नहीं आते'?**

एक यूजर ने लिखा है, 'आपको लोग पसंद करते हैं तो व्यूज क्यों नहीं आते हैं मैडम'? इस पर भी अक्षरा ने जवाब देते हुए लिखा, 'पैसा नहीं है लगाने को व्यूज पर। क्या करूं रिपोर्ट कर करके सभी ने रीच डाउन कर दी है'। एक यूजर ने लिखा, 'रीच ठीक है, आपकी आवाज में दिक्कत है'। इस पर भोजपुरी एक्ट्रेस ने लिखा है, 'फिर भी सुन लेते हो। आवाज मेरी है। पसंद आपकी। दोनों का ठीक होना जरूरी नहीं'।

# करियर की पहली 100 करोड़ी फिल्म पर क्या बोलीं रसिका? करण जौहर ने की थी तारीफ

'मिर्जापुर' फ्रेंचाइजी का किरदार बीना अपने हर पार्ट के साथ अलग-अलग रूप में दिखी है। इस किरदार को रसिका दुग्गल ने निभाया है। यह फिल्म उनके करियर की पहली 100 करोड़ क्लब में एंट्री करने वाली फिल्म है। एक बातचीत में उन्होंने इस पर काफी कुछ कहा।

**फिल्म 'मिर्जापुरः द मूवी' पर क्या बोलीं रसिका?**

फिल्म 'मिर्जापुरः द मूवी' बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई कर रही है। इस पर फिल्म में बीना का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री ने अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने न्यूज 18 से बातचीत में कहा, 'कोई भी काम पूरा करने के बाद, मुझे कभी भी परिणाम को लेकर कोई दबाव महसूस नहीं होता। लेकिन इस बार, मुझे उन प्रशंसकों के प्रति जिम्मेदारी का एहसास हुआ जिन्होंने आठ वर्षों तक वफादारी से हमारा साथ दिया और हमें इतना प्यार दिया। मैं बस यह सुनिश्चित करना चाहती थी कि वो खुश हो जाए, पर सिर्फ वो नहीं, और भी बहुत से लोग खुश हो जाएं। मैं सचमुच बहुत खुश हूं।'

**एक्ट्रेस ने कहा मैं आभारी हूं**



आगे अपनी बातचीत में रसिका दुग्गल ने कहा, 'अगर मुझे किसी भी स्क्रीन पर आने का मौका मिले, तो मैं आभारी हूं। लेकिन हां, थिएटर का अपना ही एक अलग माहौल होता है। ऐसा लगता है जैसे इतने साल से जिस चीज के लिए हम मेहनत कर रहे थे, उसे अब इतने रोमांटिक अंदाज में पेश किया जा रहा है। यह विचार बहुत रोमांचक है।'

**करण जौहर की फिल्म की तारीफ**

फिल्ममेकर करण जौहर द्वारा फिल्म की तारीफ किए जाने पर बीना ने कहा, 'अपने साथियों से सराहना मिलना, जिन्होंने इतनी खूबसूरत फिल्में बनाई हैं जिन्हें हमने बार-बार देखा है और याद रखा है, बहुत मायने रखता है। यह एक बिल्कुल अलग तरह का एहसास है। पिछले कुछ दिनों में बहुत से लोगों ने मुझे मैसेज किए। अब तो मुझे लालच आ रहा है, अगर दो घंटे में एक मैसेज भी नहीं आया तो मुझे अजीब लग रहा है। मैंने खून का स्वाद चख लिया है।'

**पॉपुलर गाने पर क्या बोलीं एक्ट्रेस**

नुसरत फतेह अली खान के गाने 'सांसों की माला पे' को फिल्म 'मिर्जापुर' में नए अंदाज में फिल्माया गया। इसपर रसिका ने कहा, 'किसी लोकप्रिय, दिल को छू लेने वाले और यादों से जुड़े गाने का किसी महत्वपूर्ण दृश्य में बजना अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है।' इस गाने को फिल्म में बीना त्रिपाठी और उनके प्रेमी बिरजू लोहार पर फिल्माया गया है।

**फिल्म 'मिर्जापुर' का कलेक्शन**

फिल्म 'मिर्जापुरः द मूवी' 04 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अपने ओपनिंग डे में फिल्म ने 25.75 करोड़ का कलेक्शन किया था। बुधवार को फिल्म ने 12.55 करोड़ रुपये की कमाई की। गुरुवार को फिल्म का कारोबार 10.55 करोड़ रुपये का कारोबार किया। फिल्म का टोटल कलेक्शन खबर लिखे जाने तक 148.46 रहा।

# हिंदी देश को जोड़ने वाली सशक्त भाषा : महेश गौड़

## भाषा और धर्म के नाम पर लोगों को बांटने वालों को जवाब जरूरी : सचिन सावंत



हैदराबाद, 12 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हिंदी देश को जोड़ने वाली भाषा है और सभी भारतीय भाषाओं का सम्मान करते हुए हिंदी के विकास के लिए सामूहिक प्रयास किए जाने चाहिए। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य बी. महेश कुमार गौड़ ने शनिवार को यह बात कही। बशीरबाग स्थित प्रेस क्लब, देशोद्धारक भवन में तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस भाषाई अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के चेयरमैन राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में तथा हैदराबाद हिंदी जर्नलिस्ट्स सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हिंदी दिवस समारोह में श्री गौड़ मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मातृभाषा से लगाव होता है और सभी भाषाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''तेलुगु मेरी मातृभाषा है। हमें तेलुगु के विकास के साथ-साथ हिंदी के विकास के बारे में भी सोचना चाहिए।'' उन्होंने बताया कि उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सांसद राहुल गांधी से अनुरोध किया है कि दक्षिण भारत के सांसद लोकसभा और राज्यसभा में हिंदी में अपनी बात रखें, ताकि देश के अधिक से अधिक नागरिकों तक उनकी बात पहुंच सके। उन्होंने तेलंगाना के लोगों से हिंदी पढ़ने-लिखने का आग्रह करते हुए कहा कि हिंदी के ज्ञान से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर अवसर प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि तेलंगाना बहुभाषी और विभिन्न धर्मों के लोगों का प्रदेश है। दूसरे राज्यों से वर्षों से यहां रह रहे लोग तेलंगाना के किराएदार नहीं, बल्कि पट्टेदार हैं और प्रदेश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए महिलाओं के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की। उन्होंने राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में भाषाई अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

**हिंदी पत्रकारिता को सरकार दे सहयोग : हनुमंत राव**

तेलंगाना सरकार के सलाहकार एवं पूर्व सांसद वी. हनुमंत राव ने कहा कि हिंदी दिवस सभी के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में करीब दो सौ वर्षों से हिंदी भाषी लोग रह रहे हैं और प्रदेश के विकास में रचनात्मक योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज तेलंगाना में देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों से लोग आकर बस रहे हैं। उन्होंने हिंदी को बढ़ावा देने के साथ ही हिंदी पत्रकारों और हिंदी पत्रकारिता के विकास के लिए सरकार से सहयोग की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री से बातचीत की जाएगी।

**हिंदी के विकास के लिए सभी आगे आएं : कोदंडा रेड्डी**

पूर्व विधायक एवं भू-भारती के अध्यक्ष एम. कोदंडा रेड्डी ने कहा कि हिंदी को आगे बढ़ाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने राजेश अग्रवाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि राजेश अग्रवाल को आने वाले समय में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देनी चाहिए। समारोह में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं तेलंगाना कांग्रेस के सह प्रभारी सचिन सावंत ने कहा कि हिंदी भारत में सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषाओं में है। कांग्रेस ने हमेशा हिंदी को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी हिंदी को इसलिए बढ़ावा देते थे, ताकि शासन और जनता के बीच दूरी कम हो। श्री सावंत ने कहा कि कांग्रेस ने पूरे देश में भाषाई अल्पसंख्यक समितियों का गठन किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए भाषा और धर्म के नाम पर समाज को बांटने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसे मामलों में हमेशा पीड़ितों के साथ खड़ी रही है। महाराष्ट्र और तेलंगाना में भी भाषा और धर्म के नाम पर लोगों को बांटने वालों को कांग्रेस ने जवाब दिया है। उन्होंने सभी भारतीय भाषाओं का सम्मान करते हुए हिंदी के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

**हिंदी करोड़ों लोगों को जोड़ने का सशक्त माध्यम : राजेश अग्रवाल**

कार्यक्रम के आयोजक एवं तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस भाषाई अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के चेयरमैन राजेश अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हिंदी देश को जोड़ने वाली भाषा है। करोड़ों लोगों के बीच संपर्क स्थापित करने का हिंदी एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में प्रदेश में तेजी से हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख किया।

समारोह में हिंदी साहित्य एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए विभिन्न स्मारक पुरस्कार प्रदान किए गए। स्वर्गीय विनयवीर स्मारक पुरस्कार प्रसिद्ध लेखक, पत्रकार एवं समीक्षक डॉ. ऋषभदेव शर्मा, स्वर्गीय सदाशिव शर्मा पत्रकार स्मारक पुरस्कार वरिष्ठ पत्रकार डॉ. देवकुमार पुखराज तथा स्वर्गीय विद्यारण्य हरिबेल्के पत्रकार स्मारक पुरस्कार वरिष्ठ पत्रकार एवं कवि मनोजर कोसंदर को प्रदान किया गया। इसके अलावा हिंदी के क्षेत्र में सक्रिय समाजसेवियों, पत्रकारों, शिक्षकों, लेखकों और कवियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह की खास बात यह रही कि हिंदी शिक्षकों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों तथा स्कूली बच्चों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी कवि एवं समाजसेवी नंदगोपाल भट्टड़ ने किया। अतिथियों का हैदराबाद हिंदी जर्नलिस्ट्स सोसाइटी के अध्यक्ष अजय कुमार शुक्ल, महासचिव एम. ए. सरवर, सहमंत्री कन्हैया कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष रमेश सहित अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने स्वागत किया।

## पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा ज़रूरी: डीजीपी आनंद



हैदराबाद, 12 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिसकर्मियों के बच्चों को अच्छी शिक्षा देना पुलिस कल्याण का एक अहम हिस्सा है और इससे पुलिसकर्मी अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगे, ऐसा पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सी.वी. आनंद ने शनिवार को कहा।

आनंद ने मंचिरेवुला में ग्रेहाउंड्स कैंपस में 'यंग इंडिया पुलिस स्कूल' के एकेडमिक ब्लॉक-1 की आधारशिला रखी।

डीजीपी ने बताया कि यह स्कूल मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के दिसंबर 2024 में दिए गए उस निर्देश के बाद शुरू किया गया था, जिसमें पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए एक खास संस्थान बनाने को कहा गया था। आर्मी और सैनिक स्कूलों की तर्ज पर बनाए जा रहे वायआईपीएस का मकसद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों के मुताबिक शिक्षा देना है।

स्कूल ने पिछले साल अप्रैल में 120 छात्रों के साथ एक अस्थायी कैंपस से काम करना शुरू किया था। तब से छात्रों की संख्या बढ़कर लगभग 360 हो गई है और नई इमारत बनने के बाद अगले साल तक इसके 720 तक पहुंचने की उम्मीद है।

इस मौके पर आनंद ने कहा कि पढ़ाई-लिखाई, अनुशासन, खेल और सह-पाठयक्रम गतिविधियों पर ध्यान देगा, साथ ही नशा-मुक्त और स्वस्थ माहौल को बढ़ावा देगा। छात्रों को क्रिकेट, रॉक क्लाइंबिंग, घुड़सवारी और अन्य साहसिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

स्कूल पुलिसकर्मियों और होम गार्ड के बच्चों के अलावा समाज के अन्य वर्गों के बच्चों को भी किफायती फीस पर दाखिला देगा। उन्होंने बताया कि 50 प्रतिशत सीटें सामान्य छात्रों के लिए आरक्षित होंगी।

सरकार वाआईपीएस को एक पूर्ण संस्थान के रूप में विकसित करने में मदद कर रही है, जहाँ एक ही कैंपस में प्लस-टू (12वीं कक्षा) तक की शिक्षा दी जाएगी। इसके विकास की देखरेख के लिए कई कमेटियां, जिनमें एकेडमिक पैनल भी शामिल हैं, बनाई गई हैं।

## बीमा व्यवसाय के केंद्र में सहानुभूति का होना अनिवार्य - अजय सेठ

हैदराबाद, 12 सितंबर (एनएसएस) : भारत में "सभी के लिए बीमा" के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम करते हुए, सहानुभूति बीमा क्षेत्र का एक केंद्रीय विषय बनी रहनी चाहिए, यह बात आईआरडीएआई के अध्यक्ष अजय सेठ ने शनिवार को यहां कही। सेठ, भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) और तेलंगाना सरकार की संयुक्त पहल, इंस्टीट्यूट ऑफ इंश्योरेंस एंड रिस्क मैनेजमेंट (आईआईआरएम) के पीजीडीएम बैच 2024-26 के दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे।स्नातक छात्रों को बधाई देते हुए, सेठ ने भारत के बीमा और जोखिम प्रबंधन क्षेत्र में बढ़ते कैरियर अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते उद्योग में आगे बढ़ने वाले पेशेवरों के लिए ईमानदारी, प्रौद्योगिकी, नवाचार और निरंतर सीखना महत्वपूर्ण होगा। बीमा के मानवीय आयाम पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि अधिक समावेशी बीमा प्रणाली के निर्माण और "सभी के लिए बीमा" और "विकसित भारत" की परिकल्पना को आगे बढ़ाने के लिए सहानुभूति आवश्यक होगी। IIIT हैदराबाद के निदेशक और विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर संदीप कुमार शुक्ला ने स्नातकों से अंतःविषयक शिक्षा, तकनीकी प्रगति और आजीवन कौशल विकास को अपनाने का आग्रह किया।

प्रौद्योगिकी के साथ-साथ मानवीय विवेक के महत्व पर जोर देते हुए, शुक्ला ने स्नातकों को सलाह दी कि "प्रौद्योगिकी का लाभ उठाएं, लेकिन मानवीय विवेक का त्याग न करें।"दीक्षांत समारोह में संकाय सदस्यों, छात्रों और उनके परिवारों के अलावा आईआरडीएआई, बीमा उद्योग, शिक्षा जगत और अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। गणमान्य व्यक्तियों ने स्नातक छात्रों को प्रमाण पत्र और विशिष्ट पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान किए। समारोह ने उभरते बीमा और जोखिम प्रबंधन क्षेत्र के लिए नैतिक, प्रौद्योगिकी-सक्षम और उद्योग-तैयार पेशेवरों को तैयार करने पर आईआईआरएम के फोकस की पुष्टि की।

## तेलंगाना का लक्ष्य खेल जगत में एक मजबूत शक्ति बनना : मंत्री श्रीहरि

हैदराबाद, 12 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता) । पशुपालन, डेयरी विकास, मत्स्य पालन और युवा सेवा एवं खेल मंत्री वकिति श्रीहरि ने शनिवार को कहा कि तेलंगाना प्रस्तावित यंग इंडिया फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी (वाईआईपीईएसयू) के माध्यम से खेल शिक्षा, वैज्ञानिक प्रशिक्षण और अनुसंधान को एकीकृत करके एक खेल शक्ति के रूप में उभरने के लिए कदम उठा रहा है। मंत्री विधान परिषद के सदस्यों बलमूर वेंकट नरसिंग राव, महेश कुमार और श्रीपाल रेड्डी द्वारा उठाए गए प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे। श्रीहरि ने कहा कि वाईआईपीईएसयू का प्राथमिक उद्देश्य जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं की पहचान करना और एथलीटों को वैज्ञानिक प्रशिक्षण, उन्नत कोचिंग और खेल विज्ञान, चिकित्सा, शारीरिक शिक्षा और अनुसंधान तक एक ही छत के नीचे पहुंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि राज्य विश्वविद्यालय को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने के लिए अग्रणी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल संस्थानों के साथ साझेदारी कर रहा है। कोरिया राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय (केएनएसयू) के साथ भी सहयोग के लिए कदम उठाए गए हैं, विशेष रूप से खेल विज्ञान और रोजगार के अवसरों से संबंधित क्षेत्रों में।

मंत्री जी ने कहा कि वाईआईपीईएसयू के पाठ्यक्रम पारंपरिक कोचिंग से कहीं आगे बढ़कर खिलाड़ियों को आधुनिक खेल विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान आधारित प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इसके अलावा, तेलंगाना के खिलाड़ियों को ओलंपिक, एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेलों सहित वैश्विक प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने हेतु उच्च प्रदर्शन केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि खेल प्रतिभा शहरी केंद्रों तक ही सीमित न रहे और हर गांव के होनहार खिलाड़ियों को अवसर मिलें। योजनाओं में ग्रामीण खेल मैदानों का उन्नयन, मौजूदा सुविधाओं का आधुनिकीकरण, उपकरण उपलब्ध कराना, विद्यालय स्तर से प्रतिभाओं की पहचान करना और मंडल एवं जिला स्तर पर प्रतिभा खोज कार्यक्रम आयोजित करना शामिल है। स्थानीय प्रशिक्षकों और शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को भी प्रशिक्षण और सहायता प्रदान की जाएगी, जिसमें एथलेटिक्स, हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी और खो-खो सहित विभिन्न खेलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सीएम कप की सफलता पर प्रकाश डालते हुए श्रीहरि ने कहा कि 2024 संस्करण में 36 विधाओं में 2.9 लाख पंजीकरण हुए थे और इस पर 12 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। 2025 में, पंजीकरण बढ़कर 46 विधाओं में 5.42 लाख हो गए और इस पर 38.50 करोड़ रुपये खर्च किए गए।

## प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य सत्ता नहीं, राष्ट्रसेवा : राज्यपाल

### आत्मानुशासन सुशासन की नींव, मोदी का नेतृत्व अनुकरणीय




हैदराबाद, 12 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का मूल उद्देश्य पद और सत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि राष्ट्र की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि आत्मानुशासन, संयम, कर्तव्यबोध और निःस्वार्थ सेवा प्रभावी नेतृत्व तथा सुशासन के लिए आवश्यक हैं।राज्यपाल शनिवार को हाइटेक सिटी स्थित नोवोटेल में युवा अधिवक्ता अंबर अग्रवाल की पुस्तक 'गवर्नेंस ऑफ द सेल्फ : 75 लेसन्स इन लीडरशिप, डिसिप्लिन एंड सर्विस' के विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ पुस्तक का औपचारिक विमोचन किया और अंबर अग्रवाल को पुस्तक लेखन के लिए बधाई दी। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि नेतृत्व की शुरुआत स्वयं को अनुशासित और नियंत्रित करने की क्षमता से होती है। जो व्यक्ति समाज का मार्गदर्शन करना चाहता है, उसे पहले उन मूल्यों को अपने जीवन में उतारना चाहिए, जिनकी वह दूसरों से अपेक्षा करता है।

उन्होंने कहा कि पद और सत्ता अस्थायी हैं, जबकि समाज और राष्ट्र के लिए की गई सेवा स्थायी प्रभाव छोड़ती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने हमेशा व्यक्तिगत हितों से ऊपर राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि जब कई देशों ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मानों से सम्मानित किया, तब उन्होंने इन सम्मानों को व्यक्तिगत उपलब्धि के बजाय भारत के सम्मान के रूप में देखा। राज्यपाल ने इसे राष्ट्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और विश्व स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रतीक बताया।

राज्यपाल ने निरंतर प्रयासों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि केवल प्रयास की तीव्रता ही नहीं, बल्कि लक्ष्य की दिशा में निरंतरता अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने खरगोश और कछुए की कहानी का उदाहरण देते हुए कहा कि निरंतर और धैर्यपूर्ण प्रयास अंततः सफलता तक पहुंचाते हैं। उन्होंने सार्वजनिक जीवन, प्रशासन और समाज से जुड़े लोगों से अनुशासन, कर्तव्यबोध और निःस्वार्थ सेवा की भावना विकसित करने का आह्वान किया।

श्री शुक्ल ने विशेष रूप से युवाओं से विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रत्येक नागरिक को स्वयं से यह सवाल पूछना चाहिए कि मैं राष्ट्र के लिए क्या कर सकता हूं?

उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत हितों को राष्ट्रहित से ऊपर नहीं रखा जाना चाहिए। मजबूत और विकसित भारत के निर्माण के लिए सेवा भावना तथा जिम्मेदार आचरण आवश्यक है। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ. अरविंद राव तथा सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री तेमसुतुला इमसोंग ने भी समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक युवाओं में अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व के गुण विकसित करने में सहायक होगी। उन्होंने कम उम्र में पुस्तक लिखने के लिए अंबर अग्रवाल को बधाई दी।कार्यक्रम में सांसद धर्मपुरी अरविंद, अरुणा और कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी, विधायक राकेश रेड्डी एवं धनपाल सूर्यनारायण के अलावा शिक्षाविद, प्रबुद्ध नागरिक, युवा तथा बड़ी संख्या में पुस्तक प्रेमी उपस्थित रहे।

## सुदाला अशोक तेजा को तेलंगाना तेलुगु तेजम पुरस्कार के लिए चुना गया

हैदराबाद, 12 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना तेलुगु भाषा संरक्षण संघम और तेलंगाना साहित्य संस्था ने संयुक्त रूप से प्रसिद्ध कवि और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता गीतकार सुदाला अशोक तेजा को राज्य स्तरीय बुर्रा नरसम्मा-लिंगारेड्डी मेमोरियल तेलंगाना तेलुगु तेजम साहित्य पुरस्कार-2026 के लिए चुना है। पुरस्कार समिति के अध्यक्ष और संस्थापक कैप्टन डॉ. बुर्रा मधुसूदन रेड्डी और संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दस्यम सेनाधिपति ने शनिवार को एक बयान में पुरस्कार की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि पुरस्कार प्रस्तुति समारोह 22 सितंबर को करीमनगर शहर में आयोजित किया जाएगा। यह पुरस्कार तेलुगु भाषा और साहित्य के प्रचार और संरक्षण में सुदाला अशोक तेजा के अमूल्य योगदान के साथ-साथ तेलंगाना के लोगों के योगदान को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जा रहा है।





# 'भारत में सस्ता इलाज ही काफी नहीं'

## मेडिकल टूरिज्म पर आनंद महिंद्रा की बड़ी सलाह, बताया कहां है बड़ा मौका



नई दिल्ली,12 सितंबर (एजेंसियां)। महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने भारत में तेजी से बढ़ रहे मेडिकल टूरिज्म को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि इलाज की कम लागत भारत की बड़ी ताकत है, लेकिन मेडिकल टूरिज्म में दुनिया का नेतृत्व करने के लिए सिर्फ सस्ता इलाज काफी नहीं है। इसके लिए मरीजों का भरोसा जीतना और उन्हें बेहतर अनुभव देना भी जरूरी है। आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारत के मेडिकल टूरिज्म से जुड़ी एक क्लिप शेयर करते हुए लिखा कि उन्होंने हाल ही में भारत में मेडिकल टूरिज्म के बढ़ते कारोबार पर एक वीडियो देखा। इसके बाद उन्होंने इस क्षेत्र की संभावनाओं को लेकर ऑनलाइन रिसर्च की।

**पश्चिमी देशों के मुकाबले सस्ता इलाज**

आनंद महिंद्रा के मुताबिक, लगभग हर तरह की मेडिकल प्रक्रिया में भारत की लागत पश्चिमी देशों की तुलना में काफी कम है। इसके बावजूद मेडिकल टूरिज्म के मामले में भारत दुनिया में 10वें स्थान पर है। थाईलैंड, तुर्की, मलेशिया और सिंगापुर जैसे देश भारत से आगे हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल टूरिज्म की सफलता सिर्फ कीमत पर निर्भर नहीं करती। इसमें सबसे अहम चीज भरोसा है और यह भरोसा मरीज के पूरे अनुभव से बनता है।

**हर छोटी चीज महत्वपूर्ण**

महिंद्रा ने कहा कि मेडिकल टूरिज्म में मरीज के लिए एयरपोर्ट से लेकर टैक्सी, अस्पताल का वार्ड, खाना, सेवा की गति, स्वागत और विदाई तक हर छोटी चीज महत्वपूर्ण होती है। अगर इस पूरी यात्रा में कहीं भी खराब अनुभव होता है तो भारत की कम लागत का फायदा भी कम हो सकता है।

उन्होंने होटल इंडस्ट्री का उदाहरण देते हुए कहा कि होटल लंबे समय से ग्राहकों की पूरी यात्रा को समझकर उन 'मोमेंट्स ऑफ ट्रुथ' पर काम करते हैं, जो ग्राहक के भरोसे को बना या बिगाड़ सकते हैं।

**मेडिकल टूरिज्म में बने कंसियर्ज सिस्टम**

आनंद महिंद्रा का मानना है कि भारत को मेडिकल टूरिज्म के लिए एक मजबूत 'कंसियर्ज लेयर' विकसित करनी होगी। इसका उद्देश्य मरीज की पूरी यात्रा को आसान और व्यवस्थित बनाना होना चाहिए, ताकि अस्पताल पहुंचने से लेकर इलाज के बाद वापस लौटने तक उसे किसी तरह की परेशानी न हो।

**यहां भी बड़ी संभावनाएं**

महिंद्रा ने मेडिकल टूरिज्म के विस्तार के लिए गोवा और **विशाखापत्तनम** का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इन शहरों में बेहतर फ्लाइट कनेक्टिविटी और हॉस्पिटैलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद है।

आनंद महिंद्रा के मुताबिक अगर यहां अच्छे अस्पताल और विशेषज्ञ डॉक्टरों की सुविधाएं विकसित की जाएं तो ये शहर मेडिकल टूरिज्म के बड़े केंद्र बन सकते हैं।उन्होंने अमरावती और गिफ्ट सिटी जैसे उभरते शहरों को भी अभी से हेल्थ डिस्ट्रिक्ट की योजना बनाने की सलाह दी।हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि डॉक्टर केवल मास्टर प्लान के आधार पर किसी शहर में नहीं जाते। डॉक्टर मेडिकल कॉलेजों और मजबूत मेडिकल इकोसिस्टम से जुड़ते हैं और इसे तैयार करने में करीब 15 साल लग सकते हैं।

**दोगुना हो सकता है बाजार**

आनंद महिंद्रा ने कहा कि भारत का मेडिकल टूरिज्म बाजार साल 2030 तक लगभग दोगुना होने की उम्मीद है। उनके मुताबिक, यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा ग्रोथ अवसर बन सकता है।

# ब्रिक्स सम्मेलन ने चिढ़ा अमेरिका

## भारत के सोलर सेल और सौर पेनल्स पर तय किया 123% टैरिफ




नई दिल्ली,12 सितंबर (एजेंसियां)। देश की राजधानी दिल्ली में आज से शुरू हुए ब्रिक्स सम्मेलन से अमेरिका चिढ़ा हुआ नजर आ रहा है। दुनिया में भारत की बढ़ती धाक ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बैचेनी बढ़ा दी है।

अमेरिका की इस बौखलाहट का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने भारत समेत इंडोनेशिया और लाओस से आयात होने वाले सोलर सेल और सोलर पैनल पर भारी टैरिफ लगाने का फैसला किया है। अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने इन देशों के उत्पादकों पर सस्ते माल की डंपिंग और अनुचित सरकारी सब्सिडी का लाभ लेने का आरोप लगाया है। अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने भारतीय सोलर उत्पादकों पर 123.04% एंटी-डंपिंग ड्यूटी तय की है। इसके अलावा भारतीय कंपनियों पर 126.09% काउंटरवेलिंग ड्यूटी भी लगाई गई है। इंडोनेशियाई उत्पादकों के लिए एंटी-डंपिंग ड्यूटी 94.36%, जबकि लाओस के उत्पादकों के लिए यह 65.43% तय की गई है। काउंटरवेलिंग ड्यूटी की बात करें तो इंडोनेशिया पर 73.2% से 173.7% और लाओस पर 82.03% से 153.67% तक शुल्क लगाया गया है।

**14 अक्टूबर को आएगा बड़ा फैसला**

अब इस मामले में अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आयोग 14 अक्टूबर को अपना अंतिम फैसला सुनाएगा। आयोग यह तय करेगा कि भारत, इंडोनेशिया और लाओस से आने वाले सोलर उत्पादों से अमेरिकी घरेलू निर्माताओं को वास्तविक नुकसान हुआ है या भविष्य में नुकसान का खतरा है। अगर आयोग ने भी आयात से नुकसान की पुष्टि कर दी, तो अमेरिकी वाणिज्य विभाग नवंबर में अंतिम शुल्क आदेश जारी कर सकता है।

**वर्षों पुराना है सोलर व्यापार विवाद**

अमेरिका और चीन के बीच सोलर व्यापार विवाद काफी पुराना है। अमेरिका ने साल 2012 में चीनी सोलर उत्पादों पर पहली बार एंटी-डंपिंग और एंटी-सब्सिडी शुल्क लगाया था। इसके बाद कई चीनी कंपनियों ने उत्पादन को चीन से हटाकर एशिया के दूसरे देशों में स्थानांतरित करना शुरू कर दिया। अब भारत, इंडोनेशिया और लाओस से होने वाले सोलर आयात पर भारी शुल्क लगाने के फैसले से इन देशों के सोलर निर्माताओं पर अमेरिकी बाजार में कारोबार करने का दबाव बढ़ सकता है।

# ब्राजील में संकट, भारत में मांग

## बेलगाम हुए चीनी के दाम, आ गई चेतावनी



नई दिल्ली,12 सितंबर (एजेंसियां)। भारत से आयात की मजबूत मांग और दुनिया के सबसे बड़े उत्पादक ब्राजील में गन्ने की पेराई में देरी हो रही है। इसके कारण कच्ची चीनी के वायदा भाव मार्च 2025 के बाद के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गए हैं। यह सब तब है जब खाद्य मंत्रालय ने त्योहारों के मौसम में बिना किसी ठोस वजह के कीमतें बढ़ाने के खिलाफ घरेलू मिलों को चेतावनी दी है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

न्यूयॉर्क में वायदा भाव 1.6 फीसदी तक बढ़े। इस हफ्ते अब तक लगभग 3 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है। इस साल कच्ची चीनी की कीमतों में लगभग 30 फीसदी की तेजी आई है। कारण है कि 2026-27 के सीजन में ग्लोबल स्थिति सरप्लस (अतिरिक्त सप्लाई) से बदलकर कमी (शॉर्टेज) की ओर बढ़ रही है। इंटरनेशनल शुगर ऑर्गनाइजेशन ने आने वाले सीजन में लगभग 2,60,000 टन की ग्लोबल कमी का अनुमान लगाया है।

अगस्त में घरेलू कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचीं भारत ने अगस्त में घरेलू कीमतों के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद 10 लाख टन का टैक्स-फ्री आयात कोटा खोला था। यह देश के लिए एक बड़ा कदम था। भारत दुनिया के सबसे बड़े चीनी निर्यातकों और दूसरे सबसे बड़े उत्पादकों में से एक रहा है। खाद्य मंत्रालय में चीनी मामलों के संयुक्त सचिव अश्विनी श्रीवास्तव ने नई दिल्ली में इंडिया शुगर एंड बायो-एनर्जी कॉन्फ्रेंस में कहा कि तब से भारतीय मिलों ने लगभग 800,000 टन कच्ची चीनी यानी कुल कोटे का लगभग 80 फीसदी आयात करने की मंजूरी मांगी है। उन्होंने कहा कि रिफाइनरों ने घरेलू बाजार में बेचने के लिए अतिरिक्त 2,65,000 टन चीनी की बिक्री की अनुमति भी मांगी है। इसे पहले री-एक्सपोर्ट के लिए रखा गया था। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, भारत लगभग एक दशक में पहली बार ब्राजील से चीनी का आयात कर रहा है।

**चीनी मिलों को दी गई चेतावनी**

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार को अलग से बात करते हुए श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार ने चीनी मिलों से त्योहारों के मौसम में पर्याप्त सप्लाई सुनिश्चित करने और उचित कीमतों पर चीनी बेचने को कहा है।

# इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में गिरावट रही

## चांदी 6,536 गिरकर 2.29 लाख किलो पर आई, 10 ग्राम सोना 2,946 सस्ता हुआ



नई दिल्ली, 12 सितंबर (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में इस हफ्ते गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 2,946 रुपए गिरकर 1.52 लाख रुपए हो गया है। इससे पहले ये बीते हफ्ते यानी 3 सितंबर को 1.55 लाख रुपए पर था। वहीं, चांदी 2.35 लाख रुपए किलो से गिरकर 2.29 लाख रुपए पर आ गई है। यानी इसकी कीमत 6,536 रुपए कम हुई।

**इस साल सोना 19 हजार महंगा हो चुका**

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 19 हजार रुपए महंगा हो चुका है। 31 दिसंबर 2025 को 10g सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.52 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब करीब 2.29 लाख रुपए पर आ गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था।

# दैनिक पंचांग

गृह गोचर



गृह स्थिति

| | | |
|---|---|---|
| सुर्य | सिंह | मे |
| चंद्र | कन्या | मे |
| मंगल | मिथुन | मे |
| बुध | कन्या | मे |
| गुरु | कर्क | मे |
| शुक्र | तुला | मे |
| शनि | मीन | मे |
| राहु | कुंभ | मे |
| केतु | सिंह | मे |

लग्नारंभ समय

| | | |
|---|---|---|
| सिंह--- | 04-22 | बजे |
| कन्या--- | 06-28 | बजे |
| तुला--- | 07-32 | बजे |
| वृश्चिक--- | 10-42 | बजे |
| धनु---- | 12-58 | बजे |
| मकर-- | 15-10 | बजे |
| कुंभ--- | 16-52 | बजे |
| मीन--- | 18-29 | बजे |
| मेष---- | 20-05 | बजे |
| वृष----- | 21-48 | बजे |
| मिथुन-- | 23-53 | बजे |
| कर्क---- | 02-12 | बजे |

श्री रौद्र /श्री दुर्मती नामके संवत्सरे-विक्रम संवत्- **2083**
शक संवत् **-1948,** सूर्य दक्षिणायने /उत्तर , ऋतु- शरद
महावीर निर्वाण संवत् **-2551 ,** राजा गुरु, मन्त्री भौम
कलियुग अवधि - **432000**
भोग्य कलि वर्ष. - **426873**
सूर्योदय **06-01**
सूर्यास्त. **18-39**
कलियुग संवत् - **5127** वर्ष,
कल्पारंभ संवत् - **1972949127**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् - **1955885127**
दिशाशूल - पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
मास - भाद्रपद शुक्ल पक्ष रविवार **13 Sep 2026**
तिथि - द्वितीया **07-08** तक उपरान्त तृतीया
नक्षत्र - हस्त **13-07** तक उपरान्त चित्रा
योग - शुक्ल **13-43** तक उप ब्रह्म
करण - कौलव **07-08** तक उप तैतिल
विशेष: वराह जयंती
सर्वार्थसिद्ध योग **06-26** से

**विशेषः- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका हमें दिखावे व पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए।**

**राहुकाल**
**16-47 से**
**18-19 तक**

**श्री पंचागुल्लि ज्योतिष केन्द्र Ph 9247132654**

**दिन का चौघड़िया**

| | | |
|---|---|---|
| उत्पात | 06-01 - 07-37 | अशुभ |
| चंचल | 07-37 - 09-08 | शुभ |
| लाभ | 09-08 - 10-40 | शुभ |
| अमृत | 10-40 - 12-12 | शुभ |
| काल | 12-12 - 13-44 | अशुभ |
| शुभ | 13-44 - 15-15 | शुभ |
| रोग | 15-15 - 16-47 | अशुभ |
| उत्पात | 16-47 - 18-39 | अशुभ |

**रात का चौघड़िया**

| | | |
|---|---|---|
| शुभ. | 18-39 - 19-47 | शुभ |
| अमृत | 19-47 - 21-16 | शुभ |
| चंचल | 21-16 - 22-44 | शुभ |
| रोग | 22-44 - 00-12 | अशुभ |
| काल | 00-12 - 01-40 | अशुभ |
| लाभ | 01-40 - 03-09 | शुभ |
| उत्पात | 03-09 - 04-37 | अशुभ |
| शुभ | 04-37 - 06-01- | शुभ |

# 14 लाख रुपये के पीएफ क्लेम में 35 दिन की देरी

## ईपीएफओ को लगा झटका, कंज्यूमर कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला




मुंबई ,12 सितंबर (एजेंसियां)। मुंबई कंज्यूमर कमीशन ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ( को सेवा में कमी का दोषी ठहराया है। आयोग ने 14 लाख रुपये से ज्यादा के पीएफ क्लेम को तय समय में निपटाने में 35 दिन की देरी के मामले में ईपीएफओ को रिटायर्ड कर्मचारी को 6% सालाना ब्याज देने का आदेश दिया है। बेसिन की एक शिपिंग कंपनी 'फ्लीट मैरीटाइम सर्विसेज' के पूर्व कर्मचारी ने आयोग में याचिका दायर की थी। उन्होंने बताया कि उन्होंने 19 अक्टूबर 2016 को अपने पीएफ क्लेम का आवेदन दिया था। नियम के अनुसार, ईपीएफओ को 20 दिनों के भीतर दावे का निपटारा करना होता है, लेकिन संस्थान ऐसा करने में विफल रहा।

**ईपीएफओ ने क्या दलील दी?**

ईपीएफओ ने अपनी सफाई में कहा कि कर्मचारी ने शुरुआती आवेदन के साथ आवश्यक संयुक्त घोषणा पत्र संलग्न नहीं किया था। इसलिए, 7 नवंबर 2016 को उनका फॉर्म लौटा दिया गया था। संपूर्ण दस्तावेज 2 दिसंबर 2016 को मिले थे, जिसके बाद 14 दिसंबर 2016 को 20 दिनों की तय समयसीमा के भीतर दावा निपटा दिया गया था।

**कमीशन ने ईपीएफओ की दलील क्यों नहीं मानी?**

कंज्यूमर कमीशन ने ईपीएफओ की दलील को खारिज करते हुए कहा कि संगठन यह साबित नहीं कर सका कि 19 अक्टूबर 2016 को जमा किया गया क्लेम अधूरा था। आयोग ने खास तौर पर इस बात पर गौर किया कि ईपीएफओ ने कोई लिखित अस्वीकृति पत्र या दस्तावेजों में कमी की सूचना पेश नहीं की। ऐसे में आयोग ने माना कि ईपीएफओ को तय समय के भीतर क्लेम का निपटारा करना चाहिए था। आयोग के अनुसार, ऐसा नहीं करना 'सेवा में कमी' के दायरे में आता है।

**35 दिन की देरी पर 6% ब्याज**

कमीशन ने ईपीएफओ को 14,06,272 रुपये की पीएफ क्लेम राशि पर 35 दिनों की देरी के लिए 6% सालाना की दर से ब्याज देने का आदेश दिया है। ब्याज की अवधि 9 नवंबर 2016 से 13 दिसंबर 2016 तक मानी गई है। ईपीएफओ को आयोग के आदेश का पालन करने के लिए 45 दिनों का समय दिया गया है।

**क्या है संयुक्त घोषणा पत्र?**

संयुक्त घोषणा पत्र एक ऐसा आवेदन है, जिसे कर्मचारी और नियोक्ता मिलकर जमा करते हैं। इसका इस्तेमाल ईपीएफ में वास्तविक वेतन के आधार पर योगदान से जुड़ी जानकारी दर्ज कराने के लिए किया जाता है, खासकर तब जब योगदान 15,000 रुपये प्रति माह की वैधानिक वेतन सीमा के बजाय वास्तविक वेतन पर किया जाना हो।

# अंबानी-अडाणी की संपत्ति 1.41 लाख-करोड़ घटी

## फिर भी टॉप पर :फॉर्च्यून इंडिया टॉप-100 में 56 अरबपतियों की संपत्ति बढ़ी, 31 की घटी ; 13 नए चेहरे शामिल



मुंबई, 12 सितंबर (एजेंसियां)। फॉर्च्यून इंडिया ने देश के टॉप-100 अरबपतियों की नई लिस्ट जारी की है। देश के टॉप 2 अमीरों की संपत्ति साल भर में 1.41 लाख करोड़ रुपए घट गई। इसके बावजूद मुकेश अंबानी पहले और गौतम अदाणी दूसरे नंबर पर बने हुए हैं। टॉप-100 में 30 उद्योगपतियों की संपत्ति कुल 4.26 लाख करोड़ रुपए घटी है। इसमें मुकेश अंबानी की संपत्ति सबसे ज्यादा 82 हजार करोड़ रुपए कम हुई, जबकि अडाणी की संपत्ति 59 हजार करोड़ रुपए घटी।

**सावित्री जिंदल की संपत्ति में सबसे ज्यादा 1 लाख करोड़ की बढ़ोतरी हुई**

दूसरी तरफ 56 उद्योगपतियों की कुल संपत्ति 7.70 लाख करोड़ रुपए बढ़ी। 31 की संपत्ति घटी है। इस बार 13 लोग पहली बार टॉप-100 में शामिल हुए हैं।

सावित्री जिंदल की संपत्ति में सबसे ज्यादा 1 लाख करोड़ रुपए की बढ़ोतरी दर्ज हुई। इसके अलावा श्याम भारती और हरि भारती की संपत्ति प्रतिशत के हिसाब से सबसे ज्यादा 78% बढ़ी। माइनिंग कंपनी रुंगटामाइंस के नंदलाल रुंगटा और मुकुंद रुंगटा पहली बार इस लिस्ट में शामिल हुए है। वे 61वें नंबर पर हैं।

**मोबाइल सिम की तरह पोर्ट करा सकेंगे फास्टैग:** गाड़ी का स्टिकर बदले बिना बैंक बदलने की 'वन टैग' सर्विस शुरू, जानें एप से स्विच करने का तरीका अब फास्टैग यूजर्स को अपना बैंक बदलने के लिए गाड़ी की विंडशील्ड पर लगा पुराना स्टिकर हटाने या नया फिजिकल टैग लगवाने की जरूरत नहीं होगी। फास्टैग भी मोबाइल सिम की तरह पोर्ट हो जाएगा।

# आपका राशिफल

**मेष** — चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,

यह सोचने और जानने के लिए कि आप अपने जीवन से क्या चाहते हैं,कुछ देर एकांत में बैठें । पिछले कई दिन काफी व्यस्त रहे हैं । इसीलिए आपको अपने उद्देश्यों का फिर से मूल्यांकन करना है और यह भी देखना है की आपके काम किस प्रकार आपके जीवन और संबंधों को प्रभावित कर रहे हैं । यात्रा संभावित है ,हालाँकि हमारा सुझाव यह है कि किसी रोमांचक ताबड़तोड़ यात्रा के स्थान पर शांतिपूर्वक अपनी छुट्टियाँ बिताएं ।

**वृष** — ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,

आज का दिन आपकी वित्तीय स्थिति एवं करियर में तरक्की का दिन है ,लेकिन इन सबके लालच में अपने परिवार की उपेक्षा ना करें । दरअसल आज आप अपने भीतर आध्यात्मिकता का भी अनुभव करेंगे । इन दोनों शक्तियों के बीच उलझा हुआ अनुभव भी करेंगे लेकिन अंतत दोनों में संतुलन बना पाने में कामयाब होंगे।

**मिथुन** — का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,

आप व्यवसायिक या निजी कारणों से यात्रा कर सकते हैं । हालाँकि इस समय आपके लिए यात्रा करना मुश्किल होगा लेकिन आप कर पायेंगे और इससे आपको लाभ भी होगा । जो लोग पहले आपकी उदारता को नही समझते थे ,अब उन्हें भी इसकी कीमत समझ आएगी । आज आप अपनी सर्वोतम सेहत में हैं ।

**कर्क** — ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,

आज साहस दिखाने के लिए बहुत अच्छा दिन है । आज आपका भाग्य आपके साथ है। आज आप जो भी करोगे ,सब कुछ अच्छा ही होगा । अगर कहीं निवेश करना चाहते हैं तो यह बहुत अच्छा समय है। सच्चा प्यार मिलने की उम्मीद बन रही है हालाँकि अपने स्वास्थ्य के बारे में सतर्क रहें ,खांसी और ठण्ड से परेशान हो सकते हैं ।

**सिंह** — मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,

अगर कुछ लोग आपको नहीं समझ पा रहें हैं तो उन्हें अपना हरेक काम समझाने में अपना समय और ऊर्जा बर्बाद ना करें । वे कभी नही मानेंगे । आप काफी व्यस्त रहेंगे लेकिन आपको आने वाली जरूरतों के कारण पहले वाली योजनाओं में भी कुछ बदलाव करने पड सकते हैं । स्थिति की मांग के अनुसार कार्य करें।

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

आज आप बहुत सृजनात्मक अनुभव करेंगे । खूबसूरती की प्रशंसा के साथ साथ खुद भी कुछ खूबसरत चीज बनाना चाहेंगे । दिन कलाकारों के लिए विशेष अच्छा है । हालाँकि ,आज शुरू किये हुए कार्यों को आज ही पूरा कर लें । क्योंकि अचानक आप विकर्षित सा अनुभव करने लगेंगे ,यह भावना काफी सामान्य है लेकिन आप इसके कारण बिना बात निराश सा अनुभव करेंगे ।

**तुला** — रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,

गृहों की स्थिति आपको आज बहुत अधिक सामाजिक होने को कह रही है । आप दूसरों से बातचीत के माध्यम से अपनी जीवनशैली और करियर में बदलाव लाना चाहते हैं । जो कुछ आपने सोचा है .वो सब करने की कोशिश करें । आप जो भी करना चाहते हैं,उसपर अच्छे से ध्यान केन्द्रित क्र सकते हैं ,बस इतना ध्यान रखें कि अपनी क्षमता से अधिक जिम्मेदारी न लें ।

**वृश्चिक** — तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,

आज चलते हुए सावधान रहें । हलकी खरोचें आ सकती हैं । न चाहते हुए भी आप किसी करीबी को बातों-बातों में नाराज कर सकते हैं । आज केवल अपने काम से ही मतलब रखना उपयुक्त रहेगा । सिनेमा या किसी और मनोरंजक कार्यकलाप में समय बिता सकते हैं । आजका दिन अपने साथ बहुत सी सकरात्म्ह भावनाएँ लाएगा ।

**धनु** — ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे

आपको मदद की जरुरत है और आप जितनी जल्दी यह बात समझ लेंगे उतना ही अच्छा है । समय रहते किसी दोस्त या मेंटर से मिली मदद से आप फिर से जीवन में आपस आ पायेंगे। जिन बदलावों का आप विरोध करते आ रहे हैं ,उनकी महत्ता आपको अब समझ में आएगी और आप खुद उन्हें करने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। अपनी व्यवहारिक जरूरतों के रास्ते में अपने अहम को न आने दें ।

**मकर** — भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी

आपके सामने इन दिनों कुछ नई चीजें आई हैं । अपने सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें । पूछे गये प्रश्नों का जवाब दें । आपको अभी और भी प्रयास करने हैं और इससे आपकी तरक्की की मजबूत नींव पड़ेगी । इन सबके बीच खुद को तरोताजा करना और खुश रखना न भूलें ।

**कुंभ** — गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,

दिन की शुरुआत अच्छी खबर से होगी । आप काफी समय से जिस योजना पर काम कर रहे थे ,वह आज फलीभूत होगी । सहकर्मियों के साथ कहीं बाहर जा सकते हैं । आपको अच्छा लगेगा । आज वित्त सम्बन्धी कोई फैसला लेंगे जो भविष्य में लाभकारी साबित होगा । आज किसी तीर्थ की यात्रा भी कर सकते हैं ।

**मीन** — दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची

आज आप बारीकियों पर बहुत ध्यान देंगे । आप किसी परियोजना की ब्योरेवार योजना बनाने में जुटे हुए हैं और आप इस पर बहुत मेहनत भी कर रहे हैं । आपकी यह मेहनत आपके काम में भी दिखाई देगी और इस काम के लिए आपको काफी तारीफ मिलेगी । आपके काम में आज पूरा दिन सृजनात्मकता बनी रहेगी ।

**पं महेशचन्द्र शर्मा फोन : 9167555710**

# अदाणी पावर प्लांट में आई तकनीकी खराबी और अंधेरे में डूब गया बांग्लादेश! क्या है पड़ोसी के बत्ती गुल का कनेक्शन?

गोड्डा, 12 सितंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश बीते कुछ महीनों से गहरे बिजली संकट से गुजर रहा है। राजधानी ढाका और आसपास के इलाकों के घंटों तक बिजली कट की आदत सी हो गई है। बांग्लादेश को भारत बिजली की सप्लाई करता है, अब झारखंड स्थित अदाणी पावर के 1,600 मेगावाट क्षमता वाले गोड्डा पावर प्लांट की दो यूनिट्स में से एक तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गई है। इससे बांग्लादेश की बिजली आपूर्ति पर दबाव और अधिक बढ़ गया है और लोड शेडिंग की स्थिति गंभीर हो गई है। बांग्लादेश के द डेली स्टार अखबार ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि, 800 मेगावाट क्षमता वाली यह यूनिट गुरुवार आधी रात के आसपास बॉयलर में खराबी आने के बाद बंद हो गई। यह घटना ऐसे समय हुई जब कोयले की आपूर्ति में समस्या के कारण कई हफ्तों तक कम उत्पादन के बाद प्लांट ने बिजली उत्पादन बढ़ाना शुरू किया था।

पीक डिमांड के बीच बढ़ी बांग्लादेश की मुश्किल पावर ग्रिड बांग्लादेश के आंकड़ों के अनुसार, यूनिट बंद होने से पहले गुरुवार रात गोड्डा प्लांट से बिजली उत्पादन 1,400 मेगावाट से अधिक हो गया था। यूनिट के बंद होने के बाद बिजली आपूर्ति घटकर 750 मेगावाट से भी कम रह गई। बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड के अधिकारियों ने इस घटनाक्रम की पुष्टि की है। अधिकारियों के मुताबिक मरम्मत का काम शुरू होने में कम से कम 48 घंटे लगेंगे और बिजली उत्पादन पूरी तरह बहाल होने में इसके बाद भी कई दिन लग सकते हैं।

गोड्डा प्लांट की एक यूनिट का बंद होना बांग्लादेश की बिजली व्यवस्था के लिए मुश्किलें बढ़ा रहा है।

देश का पावर सिस्टम पहले से ही गैस, कोयले और तरल ईंधन की कमी के कारण गंभीर दबाव का सामना कर रहा है। बीती शाम पीक डिमांड के दौरान बांग्लादेश में लोड शेडिंग 2,500 मेगावाट से अधिक हो गई थी।

# महंगाई से टूटी पाकिस्तान की कमर! पेट्रोल-डीजल ही नहीं आटा, सब्जी भी महंगी

## साबुन तक के बढ़ गए दाम,एक हप्ते में तेजी से बढ़ी महंगाई



नई दिल्ली,12 सितंबर (एजेंसियां)। भारत का पड़ोसी देश पाकिस्तान अक्सर अपनी आर्थिक स्थिति लेकर चर्चा में रहता है। अब एक बार फिर वहां महंगाई अपने पंख फैला रही है। पाकिस्तान में महंगाई का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

पाकिस्तान ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 10 सितंबर को समाप्त सप्ताह में सेंसिटिव प्राइस इंडेक्स सालाना आधार पर 8.62% बढ़ गया। महंगाई में सबसे बड़ा योगदान प्याज और पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ी हुई कीमतों का रहा।

**ईधन, आटा और खाने के सामनों की कीमतें बनीं रॉकेट**

आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल की तुलना में प्याज की कीमतों में 125.52 प्रतिशत की सबसे अधिक बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसके अलावा एलपीजी 55.42 प्रतिशत, डीजल 45.26 प्रतिशत, पेट्रोल 39.10 प्रतिशत, गेहूं का आटा 30.18 प्रतिशत और पहली तिमाही की बिजली दरें 25.24 प्रतिशत महंगी हुईं। Dawn के मुताबिक अन्य जरूरी सामानों में लाल मिर्च पाउडर 16.37 प्रतिशत, मटन 15.92 प्रतिशत, बीफ 13.28 प्रतिशत, केला 10.51 प्रतिशत, ताजा दूध 8.12 प्रतिशत और साधारण ब्रेड 8.09 प्रतिशत महंगी हुई।

**सस्ती हुई ये खाने की चीजें**

महंगाई का जोरदार झटका देने वाले पाकिस्तान में कुछ खाद्य वस्तुओं की कीमतों में सालाना आधार पर कमी भी देखने को मिली है, जिसमें आलू की कीमतें 35.21 प्रतिशत, चिकन 24.30 प्रतिशत, चीनी 20.88 प्रतिशत, अंडे 19.95 प्रतिशत, टमाटर 17.65 प्रतिशत, नमक पाउडर 13.96 प्रतिशत, चना दाल 13.52 प्रतिशत और मसूर दाल 12.26 प्रतिशत सस्ती हुईं।

**1 हफ्ते में तेजी से बढ़ी महंगाई**

पड़ोसी देश में साप्ताहिक आधार पर भी महंगाई में वृद्धि दर्ज की गई है। 10 सितंबर को समाप्त सप्ताह में एसपीआई 0.23 प्रतिशत बढ़ा। सप्ताह के दौरान पेट्रोल की कीमतों में 6.18 प्रतिशत और डीजल में 5.49 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एलपीजी 4.32 प्रतिशत महंगी हुई। इसके अलावा उड़द दाल 0.79 प्रतिशत, कपड़े धोने का साबुन 0.49 प्रतिशत, गेहूं का आटा 0.47 प्रतिशत, मसूर दाल 0.46 प्रतिशत, सरसों तेल 0.36 प्रतिशत, पांच लीटर कुकिंग ऑयल 0.23 प्रतिशत, इरी-6/9 चावल 0.18 प्रतिशत और 2.5 किलोग्राम वनस्पति घी 0.11 प्रतिशत महंगा हुआ। पीबीएस के अनुसार, एसपीआई में शामिल 51 वस्तुओं में से 14 वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हुई, 10 वस्तुओं की कीमतों में कमी आई, जबकि 27 वस्तुओं की कीमतें स्थिर रहीं।

**मिडिल ईस्ट युद्ध का दिखा असर**

रिपोर्ट में कहा गया है कि खाड़ी युद्ध के कारण वैश्विक तेल कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। इसके चलते पाकिस्तान में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है, जिससे परिवहन और माल ढुलाई लागत बढ़ने के बाद मैन्युफैक्चर्स ने अतिरिक्त बोझ ग्राहकों पर डालना शुरू कर दिया है।साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, कराची में उपभोक्ता 20 किलोग्राम गेहूं के बैग के लिए सबसे अधिक कीमत चुका रहे हैं, जहां इसकी कीमत 2,950 से 3,200 पाकिस्तानी रुपये के बीच रही। वहीं इस्लामाबाद और क्वेटा में एक किलोग्राम महीन आटे की कीमत 173 पाकिस्तानी रुपये प्रति किलोग्राम दर्ज की गई।



# गांवों में आचार संहिता से पहले सरकार का बड़ा दांव
# 2800 विकास कार्यों को हरी झंडी




जोधपुर, 12 सितंबर (एजेंसियां)। नगरीय निकाय चुनाव के बाद पंचायत राज चुनावों की तैयारियां तेज होने के साथ ही पंचायती राज विभाग अंतिम समय में विकास कार्यों को जमीन पर उतारने में जुट गया है। संभावित आचार संहिता लागू होने से पहले विभाग ने प्रदेशभर में 2800 से अधिक विकास कार्यों के टेंडर और वर्क ऑर्डर जारी कर दिए हैं। इनमें जोधपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में 100 से ज्यादा कार्य शामिल हैं, जिनकी अनुमानित लागत करीब 20 करोड़ रुपए है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार अधिकांश कार्यों में गांवों में ट्यूबवेल निर्माण, पेयजल पाइपलाइन विस्तार, टिन शेड निर्माण, सामुदायिक सुविधाओं का विकास और आधारभूत संरचना से जुड़े काम शामिल हैं। लक्ष्य है कि अगले 20 दिन से एक माह के भीतर सभी कार्यों का शिलान्यास और निर्माण शुरू करा दिया जाए, ताकि पंचायत राज चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद इन पर रोक का असर न पड़े।

ग्रामीण क्षेत्रों में केवल पंचायती राज विभाग ही नहीं, बल्कि वाटर रिसोर्स डिपार्टमेंट भी जल संरक्षण और जलापूर्ति से जुड़े कई निर्माण कार्यों की प्रक्रिया तेज कर रहा है। इससे चुनाव से पहले गांवों में विकास परियोजनाओं की रफ्तार बढ़ गई है। अधिकारियों का कहना है कि जिन कार्यों के टेंडर और वर्क ऑर्डर समय रहते जारी हो जाएंगे, उन्हें नियमानुसार आगे बढ़ाया जा सकेगा। यही कारण है कि विभाग इन दिनों स्वीकृत परियोजनाओं की प्रशासनिक और तकनीकी प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा कर रहा है। जोधपुर जिले में करीब 20 करोड़ रुपए की लागत से 100 विकास कार्य शुरू किए जाएंगे। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ट्यूबवेल और पाइपलाइन विस्तार के काम प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा गांवों में टिन शेड का निर्माण कराया जाएगा। सामुदायिक स्तर पर जरूरी आधारभूत सुविधाओं के विकास से जुड़े कार्य भी प्रस्तावित हैं। विभाग की ओर से इन कार्यों की प्रक्रिया तेज की जा रही है, ताकि आचार संहिता लागू होने से पहले टेंडर और वर्क ऑर्डर जारी कर निर्माण कार्य शुरू कराए जा सकें।

निकाय चुनाव के बाद अब सरकार और विभाग का फोकस पंचायत राज चुनावों की तैयारियों पर है। माना जा रहा है कि अगले 20 से 30 दिनों में संभावित आचार संहिता लागू हो सकती है। ऐसे में विकास कार्यों को मंजूरी देने, टेंडर जारी करने और वर्क ऑर्डर देने का काम तेजी से किया जा रहा है। विभाग की कोशिश है कि आचार संहिता लागू होने से पहले अधिक से अधिक कामों की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। इसके बाद निर्माण कार्यों को मौके पर शुरू कराने पर जोर रहेगा, ताकि स्वीकृत विकास कार्यों में देरी न हो और समय पर धरातल पर काम दिखाई दे।

# निकाय चुनाव में कहीं 88% तो कहीं 63% वोटिंग

जयपुर, 12 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान नगरीय निकाय चुनाव-2026 के दूसरे चरण में कोटपूतली-बहरोड़ जिले की चार निकायों-बहरोड़ नगर परिषद, नीमराना, मांढ़ण और बर्डोद नगरपालिका में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ। चारों निकायों में कुल 139 मतदान बूथों पर 671 प्रत्याशियों के बीच चुनावी मुकाबला रहा। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार चारों निकायों में कुल मतदान करीब 87 प्रतिशत रहा।

चारों निकायों में नीमराना में सबसे अधिक 88.56 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद मांढ़ण में 87.98, बर्डोद में 87.10 और बहरोड़ नगर परिषद में 85.50 प्रतिशत वोट पड़े। मतदान केंद्रों पर बुजुर्ग, दिव्यांग और पहली बार वोट डालने वाले युवा भी उत्साह के साथ पहुंचे। जालोर जिले में भीनमाल और सांचौर नगरपालिका में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। शाम 6 बजे तक भीनमाल में 76.65 और सांचौर में 76.63 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। दोनों निकायों में कुल 62,226 मतदाता पंजीकृत थे और करीब 47,700 मतदाताओं ने वोट डाला।

सांचौर के 35 वार्डों में 110 प्रत्याशी मैदान में रहे, जबकि भीनमाल के 40 वार्डों में 151 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला हुआ। दोनों निकायों को मिलाकर कुल 251 प्रत्याशियों का भविष्य ईवीएम में बंद हो गया। मतदान केंद्रों पर दिव्यांग और अति वृद्ध मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर तथा एनसीसी और स्काउट स्वयंसेवकों की मदद उपलब्ध रही।

दौसा जिले के पांच नगरीय निकायों के 150 वार्डों में मतदान हुआ। कुल 1 लाख 25 हजार 817 मतदाता पंजीकृत थे और 600 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। शाम 6 बजे तक दौसा में 79.09, लालसोट में 87.02, लवाण में 87.92, मंडावरी में 83.11 और रामगढ़ पचवारा में 86.37 प्रतिशत मतदान हुआ। इस तरह औसत मतदान 84 प्रतिशत से अधिक रहा। हालांकि, मतदान के दौरान दौसा और लालसोट में फर्जी मतदान के आरोपों को लेकर हंगामा और हाथापाई की घटनाएं हुईं। पुलिस-प्रशासन ने स्थिति संभाल ली और मतदान प्रक्रिया आगे शांतिपूर्ण तरीके से जारी रही। लालसोट में 100 वर्षीय त्रिवेणी देवी और 35 साल बाद एंबुलेंस से मतदान केंद्र पहुंचीं मनभर देवी सोलंकी ने भी वोट डाला। झालावाड़ जिले की अकलेरा, मनोहरथाना, खानपुर और पीड़ावा नगरपालिकाओं में शाम 6 बजे तक 81.49 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। पीड़ावा में सबसे अधिक 88.86, मनोहरथाना में 87.08, अकलेरा में 83.18 और खानपुर में 81.49 प्रतिशत वोट पड़े।

चारों निकायों में कुल 47,185 मतदाता पंजीकृत थे। मतदान के लिए 100 केंद्र बनाए गए थे और 22 संवेदनशील केंद्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था रही। कुल 940 पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और आरएसी जवानों की तैनाती की गई थी। भीलवाड़ा नगर निगम के 70 वार्डों में इस बार सिर्फ 63.84 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल 2,96,682 मतदाताओं में से 1,89,390 ने वोट डाला। वर्ष 2021 में 67.13 प्रतिशत मतदान हुआ था, यानी इस बार 3.29 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

वार्ड 1 में सबसे ज्यादा 79.66 प्रतिशत और वार्ड 60 में सबसे कम 49.63 प्रतिशत मतदान हुआ। भीलवाड़ा का इस बार का मतदान पिछले 26 साल में सबसे कम बताया जा रहा है। प्रथम चरण में प्रदेश के 162 निकायों में हुए चुनाव के मुकाबले भीलवाड़ा का मतदान सबसे कम रहा। दूसरे चरण के मतदान के बाद इन सभी निकायों के प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद हो चुकी है। अब प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों की नजर 14 सितंबर को होने वाली मतगणना पर है। मतदान प्रतिशत के आंकड़ों में अलग-अलग निकायों के बीच बड़ा अंतर देखने को मिला है, जिससे परिणाम को लेकर राजनीतिक हलकों में उत्सुकता बढ़ गई है।

## टॉयलेट में मिला लावारिस फोन, मुझ पर झूठा केस
### पूर्व विधायक बलजीत यादव जेल में भूख हड़ताल पर, दावे से हड़कंप!




जयपुर, 12 सितंबर (एजेंसियां)। जयपुर सेन्ट्रल जेल में बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक बलजीत यादव के पास मोबाइल मिलने के मामले में अब एक नया मोड़ आ गया है। दरअसल, पूर्व विधायक ने मोबाइल मिलने की बात को सिरे से नकारते हुए जेल के अंदर ही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। बलजीत यादव ने जेल प्रशासन के खिलाफ आरोप लगाया है कि 9 सितंबर को उनके खिलाफ जेल में मोबाइल मिलने का जो मुकदमा दर्ज कराया गया है, वह पूरी तरह से बेबुनियाद, झूठा और राजनीतिक षड्यंत्र से प्रेरित है।

सामने आया है कि बहरोड़ के तसींग गांव के निवर्तमान सरपंच प्रतिनिधि और 'टीम बलजीत यादव' के प्रवक्ता संदीप यादव ने जेल में जाकर पूर्व विधायक से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान बलजीत यादव ने स्पष्ट किया कि न तो उनकी कोई तलाशी ली गई और न ही उनके बैरक में कोई चेकिंग हुई थी। जेल प्रशासन ने राजनीतिक दबाव में आकर उनकी छवि को धूमिल करने की नीयत से यह एफआईआर दर्ज कराई है।

इस गंभीर खुलासे के बाद संदीप यादव ने राजस्थान पुलिस महानिदेशक को औपचारिक पत्र लिखकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और घटना के दिन के सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की पुरजोर मांग की है।

जेल में मुलाकात के बाद सामने आई जानकारी के अनुसार, पूर्व विधायक बलजीत यादव ने पूरी घटना की वास्तविक क्रोनोलॉजी बताई है। उनके मुताबिक, 9 सितंबर को जिस समय उनके पास से मोबाइल मिलने का दावा किया जा रहा है, उस वक्त वे जेल के डॉक्टर करण के पास अपना ब्लड प्रेशर (BP) और शुगर लेवल चेक करवा रहे थे।

बलजीत यादव ने बताया कि वास्तव में मोबाइल फोन जेल के वार्ड नंबर 5 के पीछे बनी गली के पास स्थित सार्वजनिक शौचालय में लावारिस हालत में पड़ा मिला था। उनका इस लावारिस फोन से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि जेल प्रशासन ने सस्ती लोकप्रियता हासिल करने और सत्ताधारी नेताओं के दबाव में आकर बिना किसी जब्ती या तलाशी के उनका नाम इस केस में जोड़ दिया।

## सीएम के विधानसभा क्षेत्र के बूथ पर फिर पड़ेंगे वोट
### गड़बड़ियों के बाद चुनाव आयोग ने लिया फैसला

जयपुर, 12 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निगम जयपुर के वार्ड संख्या 62 के भाग संख्या 23 के मतदान केंद्र राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, कमरा नंबर 4, टीला वाला, सांगानेर पर पुनर्मतदान कराने के निर्देश दिए हैं। आयोग के अनुसार, इस मतदान केंद्र पर 11 सितंबर 2026 को मतदान के दौरान मतदाता सूची में विलोपन सूची में शामिल 110 मतदाताओं की ओर से मतदान किए जाने की घटना सामने आई थी। जिला निर्वाचन अधिकारी और रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त रिपोर्ट पर विचार करने के बाद आयोग ने पाया कि इस घटना से चुनाव की निष्पक्षता प्रभावित हुई है।

इसी को देखते हुए राजस्थान नगरपालिका (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 55 के तहत 13 सितंबर 2026 को प्रातः 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक पुनर्मतदान कराने का निर्णय लिया गया है। आयोग ने संबंधित अधिकारियों को पुनर्मतदान की तिथि, समय और स्थान की जानकारी चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं को लिखित रूप में देने तथा संबंधित क्षेत्र में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। पुनर्मतदान में मतदान के लिए केवल अधिकृत मतदाता ही पात्र होंगे। इस बार मतदाताओं की पहचान के लिए बाएं हाथ की मध्यमा अंगुली पर अमिट स्याही का निशान लगाया जाएगा। यह निशान नाखून के प्रारंभ से अंगुली के प्रथम भाग तक लगाया जाएगा। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि आवश्यक हो तो ईवीएम में उपयोग के लिए मतपत्र एवं निविदत्त मतपत्र नए सिरे से मुद्रित कराए जा सकतेहैं। वहीं, 11 सितंबर को हुए मूल मतदान में उपयोग की गई ईवीएम को सील कर सुरक्षित अभिरक्षा में रखा जाएगा। उल्लेखनीय है ंकि जयपुर के वार्ड संख्या 62 के भाग संख्या 23 के मतदान केंद्र राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, कमरा नंबर 4, टीला वाला, सांगानेर सीएम भजनलाल के विधानसभा क्षेत्र मे शामिल है।

## परिषद चुनाव की वोटिंग के बाद बीजेपी प्रत्याशी अंतिमा पति और बच्चे समेत लापता, अपहरण की आशंका



बारां, 12 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के बारां नगर परिषद चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद वार्ड नंबर-16 से सियासी हलचल तेज हो गई है. यहां से भाजपा प्रत्याशी एडवोकेट अंतिमा यादव अपने पति और बच्चे समेत मतदान के बाद से अचानक लापता हो गई हैं. परिजनों की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार भाजपा प्रत्याशी अंतिमा यादव और उनके पति संजय यादव दोनों पेशे से अधिवक्ता हैं. 9 सितंबर को पहले चरण का मतदान संपन्न हुआ था. परिजनों का आरोप है कि मतदान के दिन अंबेडकर भवन स्थित मतदान केंद्र पर जनसंपर्क के बाद घर लौटते समय अज्ञात लोगों ने उन्हें जबरन अपने साथ ले लिया.

घटना के बाद से ही अंतिमा यादव, उनके पति संजय यादव और उनके 7-8 साल के मासूम बच्चे के तीनों मोबाइल फोन लगातार बंद आ रहे हैं. इससे परिवार में दहशत का माहौल है. परिजन राजेंद्र यादव ने बताया कि वह खुद मतदान केंद्र पर पोलिंग एजेंट के रूप में तैनात थे. शाम करीब 5 बजे तक अंतिमा बूथ पर ही दिखाई दी थीं. मतदान खत्म होने के बाद जब वह घर नहीं पहुंची तो तलाश शुरू की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा. इसके बाद अंतिमा की सास अंगूरी बाई और मां कृष्णा बाई ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई. भाजपा संगठन से भी संपर्क टूटने से पार्टी में चिंता बढ़ गई है. भाजपा नगर अध्यक्ष ओपी पारेता ने बताया कि मतदान के बाद पार्टी सभी प्रत्याशियों से फीडबैक लेती है और आवश्यकता पड़ने पर कार्यालय बुलाती है, लेकिन अंतिमा यादव से मतदान के बाद से कोई संपर्क नहीं हो पाया है. परिवार से भी कोई जानकारी नहीं मिली है. पार्टी अपने स्तर पर उनकी तलाश कर रही है. वार्ड 16 में भाजपा की स्थिति मजबूत है और जीत की पूरी उम्मीद है.

कोतवाली थाना सीआई हीरालाल पुनिया ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है. आसपास के मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है. गौरतलब है कि मतदान के बाद प्रत्याशियों की बाड़ाबंदी की चर्चाओं के बीच भाजपा प्रत्याशी के परिवार समेत लापता होने से कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं. पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि यह अपहरण है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है.

## घर में घुसे परिवार के नौ लोग, चोरी का विरोध करने पर युवक के दोनों पैर तोड़े

अलवर, 12 सितंबर (एजेंसियां)। अलवर के राजगढ़ थाना क्षेत्र में चचेरे भाइयों ने युवक पर लोहे की सब्बल से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर हालत में युवक को अलवर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। आरोप है कि परिवार के ही 9 लोग चोरी की नीयत से घायल छुट्टन लाल मीणा (35) के घर में घुसे थे और सोने-चांदी के जेवरात समेत 32 हजार रुपए नकद चुरा ले गए। चोरी की घटना का विरोध करने पर आरोपियों ने छुट्टन लाल पर हमला कर दिया।

घटना राजगढ़ थाना क्षेत्र के सुरेर गांव की है। मामले में पीड़ित की ओर से पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस को दी रिपोर्ट के अनुसार घायल छुट्टन लाल ने चोरी करके सामान ले जाते हुए चचेरे भाइयों को देख लिया था, जिसका उसने विरोध किया। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने छुट्टन लाल पर लोहे की सब्बल से हमला कर दिया। हमले में छुट्टन लाल के दोनों पैर टूट गए। घायल को पहले राजगढ़ अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर अलवर के सामान्य अस्पताल रेफर किया गया। यहां उसका इलाज जारी है।

छुट्टन लाल का आरोप है कि वारदात में परिवार के ही लेखराज, चेतराम, कैलाश, बबलू, किशोरी और जयलाल सहित अन्य लोग शामिल थे। राजगढ़ थाने में मामले की शिकायत दी गई है। घटना के वक्त छुट्टन घर में अकेला था, जबकि बाकी लोग कहीं गए हुए थे। घायल छुट्टन मजदूरी करता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की भूमिका के साथ चोरी गए सामान के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

# फिर लौटा मानसून: 29 जिलों में यलो अलर्ट



जयपुर, 12 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में करीब एक सप्ताह तक सुस्त रहने के बाद मानसून ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। जयपुर और भरतपुर संभाग के कई इलाकों में अचानक मौसम का मिजाज बदला। तेज हवाओं के साथ घने बादल छाए और हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने शनिवार को राज्य के 29 जिलों में मूसलाधार बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। बारिश के इस नए दौर से जयपुर और दौसा सहित कई शहरों के तापमान में गिरावट आई है, जिससे बीते कुछ दिनों से भीषण गर्मी और उमस से बेहाल लोगों को बड़ी राहत मिली है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र (लो प्रेशर सिस्टम) वर्तमान में दक्षिणी ओडिशा और उत्तरी आंध्र प्रदेश के तटों के पास सक्रिय है। अगले 24 घंटों में इसके मध्य भारत से होते हुए पश्चिम दिशा की ओर आगे बढ़ने के आसार हैं। इस सिस्टम के प्रभाव से राजस्थान में बारिश की गतिविधियों में और तेजी आएगी। मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रदेश में बारिश का यह दौर 15 सितंबर तक लगातार जारी रह सकता है।

जयपुर, अलवर, भरतपुर, दौसा, सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर, सीकर, बूंदी, बारां और झालावाड़ के कई हिस्सों में झमाझम बारिश हुई। कई इलाकों में करीब दो इंच (50 मिमी) तक पानी बरसा, जिसमें सबसे ज्यादा 45 मिमी बारिश अलवर के कोटकासिम में दर्ज की गई। अलवर, दौसा और सवाई माधोपुर के निचले इलाकों व सड़कों पर पानी भर जाने से यातायात प्रभावितहुआ।

जयपुर में भी दिनभर की उमस के बाद शाम को हुई बारिश ने मौसम सुहावना कर दिया, जहां अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

एक तरफ जहां पूर्वी राजस्थान में बारिश से ठंडक घुली है, वहीं पश्चिमी राजस्थान अभी भी गर्मी की चपेट में है।

बीकानेर और जोधपुर संभाग में मानसून की कमजोर स्थिति और शुष्क पश्चिमी हवाओं के कारण तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। 40.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बीकानेर प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जबकि चूरू और श्रीगंगानगर में पारा 39.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आने वाले दिनों मेंपूर्वी राजस्थान में बारिश का असर अधिक रहेगा, जबकि पश्चिमी हिस्सों में फिलहाल गर्मी और शुष्कता बनी रहने की संभावना है।

## पापा, मुझे यहां बहुत डर लग रहा है, जल्दी ले जाओ
### फोन के दो घंटे बाद बीएसएफ जवान की पत्नी की मौत

दौसा, 12 सितंबर (एजेंसियां)। दौसा जिले के बांदीकुई उपखंड के बड़ियाल कलां पंचायत के रलावता गांव में शानू गुर्जर की संदिग्ध मौत ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। बीएसएफ जवान की पत्नी की मौत के बाद मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का संगीन आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया है। पिता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतका शानू गुर्जर (22) पुत्री प्रहलाद गुर्जर रलावता गांव की रहने वाली थी। करीब एक साल पहले उसकी शादी विजयपुरा गांव निवासी दीपक गुर्जर के साथ हुई थी। दीपक गुर्जर भारतीय सीमा सुरक्षा बल में जवान के पद पर तैनात है। शादी के बाद ड्यूटी के चलते दीपक वापस बॉर्डर पर चला गया था, जबकि शानू बांदीकुई कस्बे में स्थित अपने ससुराल के मकान में अपनी सास और ननद के साथ रह रही थी। पिता प्रहलाद गुर्जर ने बताया कि गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे शानू का फोन आया था। वह फोन पर बहुत घबराई हुई थी और रो रही थी। उसने पिता से कहा- 'पापा, ये लोग दहेज के लिए मुझे बहुत परेशान कर रहे हैं। सास और ननद रोज ताने मारती हैं। मुझे यहां बहुत डर लग रहा है, मेरी जान को खतरा है। आप जल्दी आकर मुझे यहां से ले जाओ।' पिता ने बताया कि उन्होंने बेटी को समझाया कि वह शाम तक उसे लेने आ जाएंगे, लेकिन इसके दो घंटे बाद ही ससुराल पक्ष से फोन आया कि शानू ने फांसी लगा ली है। बेटी की मौत की खबर सुनते ही पिता प्रहलाद गुर्जर परिवार सहित बांदीकुई पहुंचे। बेटी के शव को देखकर उनका आरोप और गहरा हो गया। पिता का कहना है कि उनकी बेटी कभी आत्महत्या नहीं कर सकती।

## थाईलैंड की 7 युवतियों समेत 11 लोग डिटेन
### *रिसॉर्ट में चलती पार्टी के बीच पुलिस ने मारा छापा*

जयपुर, 12 सितंबर (एजेंसियां)। जयपुर पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर एक लग्जरी रिसॉर्ट में चल रही हाई-प्रोफाइल पार्टी पर अचानक छापा मारा। इस स्पेशल ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीम ने मौके से थाईलैंड की 7 विदेशी युवतियों, 3 स्थानीय युवकों और रिसॉर्ट मालिक को डिटेन किया है। यही नहीं, पुलिस द्वारा की गई शुरुआती जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि पकड़ी गई थाईलैंड की सभी 7 युवतियों के पासपोर्ट और वीजा की वैधता अवधि काफी समय पहले खत्म हो चुकी थी। वे भारतीय आव्रजन और नागरिकता नियमों का उल्लंघन कर जयपुर में अवैध रूप से रह रही थीं और इस प्राइवेट पार्टी में शामिल थीं।

इस अचानक हुई कार्रवाई में पुलिस को मौके से संदिग्ध सामग्री और भारी मात्रा में नशीले पदार्थ मिलने की सूचना है, जिसके आधार पर पुलिस अधिकारियों को शहर में सक्रिय एक बड़े विदेशी ड्रग्स और एस्कॉर्ट नेटवर्क का अंदेशा है। पुलिस की स्पेशल टीम अब इस बात की जांच कर रही है कि एक्सपायर्ड वीजा के बावजूद ये विदेशी युवतियां जयपुर में इतने लंबे समय से किसके संरक्षण में ठहरी हुई थीं और रिसॉर्ट मालिक का इस अवैध गतिविधि से क्या सीधा कनेक्शन है।

जयपुर पुलिस इस मामले में किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह के शामिल होने की आशंका जताते हुए इनसे सघन पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जयपुर के आउटर एरिया में स्थित एक नामी रिसॉर्ट में बिना किसी आधिकारिक अनुमति और कमर्शियल लाइसेंस के लेट नाइट पार्टी आयोजित किए जाने की गुप्त जानकारी मिली थी।

सूचना मिलते ही जयपुर पुलिस की एक विशेष टीम ने मौके पर पहुंचकर रिसॉर्ट को चारों तरफ से घेर लिया। जब पुलिस की टीम अंदर दाखिल हुई, तो वहां विदेशी युवतियों के साथ शराब और संदिग्ध नशे की चीजें परोसी जा रही थीं। पुलिस को देखकर वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और कुछ लोगों ने भागने का प्रयास भी किया, लेकिन सतर्क जवानों ने सभी को हिरासत में ले लिया।

## नंबर ब्लॉक करने पर भड़का बॉयफ्रेंड
### गर्लफ्रेंड, मां-भाई पर हमला; फिर खुद को भी किया घायल

उदयपुर, 12 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के उदयपुर जिले में एक युवक ने अपनी ही गर्लफ्रेंड, उसकी मां व भाई पर हमला कर दिया। इतना ही नहीं आरोपी बॉयफ्रेंड ने खुद को भी घायल कर लिया। गंभीर रूप से घायल चारों जने एमबी अस्पताल में भर्ती हैं। अंबामाता थाना क्षेत्र की खारोल कॉलोनी में वारदात से हड़कंप मच गया। थानाधिकारी हुकुम सिंह ने बताया कि बादरवाड़ा हाल खारोल कॉलोनी निवासी एक युवती अपनी मां और भाई के साथ किराए के कमरे में रहती है। युवती का दिनेश राजपूत से संपर्क रहा है। दोनों के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा है। लेकिन, किसी बात को लेकर युवती ने युवक से संपर्क बंद कर दिया और उसका मोबाइल नंबर भी ब्लॉक कर दिया। इसी बात को लेकर डाबून सलोदा राजसमन्द निवासी दिनेश भड़का हुआ था। युवती के घर पर पहुंच गया, जहां मोबाइल नंबर ब्लॉक करने और बात बंद करने को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस हुई। कुछ ही देर में बात इतनी बढ़ गई कि आरोपी ने गर्लफ्रेंड की मां पर चाकू से हमला कर दिया। मां को बचाने के लिए युवती और उसका भाई दौड़कर आए। तभी आरोपी ने युवती और उसके भाई पर भी वार कर दिया। इसके बाद खुद को नुकसान पहुंचाते हुए आरोपी दिनेश ने अपने भी हाथ और गले पर चाकू चला दिया। घर में चीख पुकार सुनकर लोग मदद के लिए दौड़े। अंदर देखा तो सभी घायल अवस्था में मिले। युवक ने युवती की अंगुलियां काट दी और कान व हाथ पर भी वार किया। हमले में युवती बुरी तरह घायल हो गई।

## संजय अग्रवाल को हिरासत में लेने पर बवाल
### थाने के बाहर जुटी भीड़; व्यापारियों ने बंद रखीं दुकानें

कोटपूतली-बहरोड़, 12 सितंबर (एजेंसियां)। बहरोड़ नगर परिषद चुनाव के मतदान के दौरान संजय अग्रवाल को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। हिरासत की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग पुलिस थाने के बाहर एकत्रित हो गए और पुलिस कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन शुरू कर दिया। देर रात तक भी लोगों की भीड़ थाने के बाहर मौजूद रही। शनिवार को भी मामले को लेकर विरोध का दौर जारी रहा।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि संजय अग्रवाल को राजनीतिक दबाव के चलते हिरासत में लिया गया है। विरोध के तौर पर कई व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखीं और कार्रवाई के खिलाफ नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि मतदान के दौरान की गई इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं।

संजय अग्रवाल की पत्नी ने नगर परिषद चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा है। चुनाव के बाद सभापति पद की दावेदारी को लेकर संजय अग्रवाल की पत्नी का नाम भी राजनीतिक गलियारों में चर्चा में बताया जा रहा है। ऐसे में मतदान के दौरान संजय अग्रवाल को हिरासत में लिए जाने को लेकर समर्थकों और स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिली।

पुलिस के अनुसार, संजय अग्रवाल को एक दिन पहले शांतिभंग के आरोप में हिरासत में लिया गया था। हालांकि, हिरासत की कार्रवाई को लेकर पुलिस की ओर से विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने आना बाकी है। इसी बीच कार्रवाई के कारणों को लेकर क्षेत्र में अलग-अलग तरह की चर्चाएं भी चल रही हैं।

मामले की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में लोग थाने के बाहर पहुंचे और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने एहतियातन अतिरिक्त जाब्ता तैनात किया। पुलिस अधिकारी प्रदर्शन कर रहे लोगों से लगातार समझाइश कर मामले को शांत कराने का प्रयास करते रहे।

# केंद्र सरकार ने अमरावती क्वांटम बायो वैली का समर्थन किया

## नड्डा ने भी समर्थन का आश्वासन दिया



विजयवाड़ा, 12 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता) । केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को आंध्र प्रदेश को अमरावती में प्रस्तावित क्वांटम बायो वैली के लिए केंद्र के समर्थन का आश्वासन दिया और कहा कि इस पहल पर चर्चा करने के लिए एक तकनीकी टीम राज्य का दौरा करेगी। नड्डा ने मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के प्रस्तावित परियोजना को राष्ट्रीय मान्यता देने के प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। क्वांटम बायो वैली के लिए मुख्यमंत्री के दृष्टिकोण को उत्कृष्ट बताते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार सुझावों पर विचार करेगी और आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी। नड्डा विजयवाड़ा में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे, जहां उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ मिलकर आंध्र प्रदेश भर में 10 क्रिटिकल केयर ब्लॉक और 12 एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं का शुभारंभ किया। केंद्रीय मंत्री ने राज्य सरकार के संजीवनी कार्यक्रम की भी सराहना की और कहा कि केंद्र सरकार इसे राष्ट्रव्यापी स्तर पर लागू करने की संभावना पर विचार करेगी। उन्होंने शीघ्र रोग पहचान और रोकथाम, बेहतर उपचार और किफायती स्वास्थ्य सेवा पर केंद्रित पहलों के लिए समर्थन का आश्वासन दिया।

चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए नड्डा ने कहा कि आंध्र प्रदेश सुरक्षित हाथों में है और मुख्यमंत्री को दूरदर्शी और प्रतिबद्ध नेता बताया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा अवसंरचना को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों की भी सराहना की। नड्डा ने नायडू के "रसोईघर को औषधालय और भोजन को औषधि" मानने के सिद्धांत पर बार-बार प्रकाश डाला और कहा कि यह सिद्धांत अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए मूलभूत है। उन्होंने बीमारी के बाद उपचार पर निर्भर रहने के बजाय बीमारियों से बचाव के लिए स्वस्थ खान-पान की आदतों और जीवनशैली को बढ़ावा देने के महत्व पर बल दिया। केंद्रीय मंत्री ने पोलावरम लेफ्ट मेन कैनाल, वेलिगोंडा और हांड्री-नीवा सहित सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति का भी स्वागत किया और कहा कि जल संसाधनों का कुशल उपयोग आंध्र प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## उत्पाद शुल्क दुकान नवीनीकरण आवेदन 21 सितंबर तक खुले

अमरावती, 12 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता) । आंध्र प्रदेश उत्पाद शुल्क विभाग ने राज्य भर में 3,736 खुदरा शराब की दुकानों के लाइसेंस के नवीनीकरण का कार्यक्रम तय कर लिया है, और मौजूदा लाइसेंसधारकों को शनिवार से 21 सितंबर तक नवीनीकरण आवेदन जमा करने की अनुमति दी गई है। आबकारी आयुक्त चमाकुरी श्रीधर ने बताया कि नवीनीकरण प्रक्रिया में छह कार्यदिवस लगेंगे। नए आवेदनों के लिए राजपत्र अधिसूचना 22 सितंबर को जारी की जाएगी और आवेदन 29 सितंबर तक स्वीकार किए जाएंगे। मौजूदा लाइसेंसधारियों द्वारा नवीनीकृत न की गई दुकानों के लिए लॉटरी 30 सितंबर को निकाली जाएगी। 1 अक्टूबर, 2026 से 30 सितंबर, 2027 तक संचालित होने वाली 3,736 खुदरा शराब की दुकानों में से 3,396 खुली श्रेणी में हैं और 340 गीता कुल्लू के लिए आरक्षित हैं।जिन दुकानों का नवीनीकरण नहीं होगा, उन्हें लॉटरी के माध्यम से नए सिरे से आवंटित किया जाएगा।

# रेवंत ने गणेश मंडपों के लिए मुफ्त बिजली का वादा किया

## सुरक्षा नियमों का पालन करने का आग्रह किया



हैदराबाद, 12 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता) । मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को गणेश मंडप के आयोजकों को पूर्ण सरकारी समर्थन का आश्वासन दिया और तेलंगाना भर के पंडालों के लिए मुफ्त बिजली की घोषणा की – एक ऐसी सुविधा जिसे उन्होंने राज्य के लिए अद्वितीय बताया। विधानसभा समिति हॉल में विनायक चतुर्थी समारोह और मूर्ति विसर्जन की व्यवस्थाओं के संबंध में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए, मुख्यमंत्री ने आयोजकों से मुफ्त बिजली आपूर्ति का लाभ उठाने के लिए स्थानीय अधिकारियों के पास औपचारिक रूप से आवेदन करने का आग्रह किया। सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए, रेवंत रेड्डी ने मंडप आयोजकों से अनुरोध किया कि वे आमंत्रित वीआईपी मेहमानों और संभावित पंडाल स्थलों की जानकारी अपने स्थानीय पुलिस आयुक्त कार्यालयों के साथ साझा करें। उन्होंने कहा कि अग्रिम जानकारी से कानून प्रवर्तन एजेंसियों को यातायात प्रबंधन और सुरक्षा प्रोटोकॉल की प्रभावी योजना बनाने में मदद मिलेगी, जिससे अप्रत्याशित घटनाओं के दौरान जोखिम कम हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने नगर निगम और शहरी विकास प्राधिकरणों को निर्देश दिया कि वे बथुकम्मा उत्सव के लिए किए गए प्रावधानों के समान, चल रही झील विकास परियोजनाओं में मूर्ति विसर्जन की बुनियादी संरचना को स्थायी रूप से एकीकृत करें। उन्होंने निर्देश दिया कि झील की परिधि के चारों ओर प्रबलित टैंक जैसी संरचनात्मक आवश्यकताओं को प्रारंभिक निर्माण डिज़ाइनों में सीधे शामिल किया जाए।प्रशासनिक समन्वय पर जोर देते हुए, रेवंत रेड्डी ने नगर निगम और पुलिस विभागों को त्योहार के दौरान चौबीसों घंटे निगरानी बनाए रखने का आदेश दिया।

कमांड कंट्रोल सेंटर से एक समर्पित नियंत्रण कक्ष संचालित होगा, जिसकी देखरेख नामित विशेष अधिकारी करेंगे। व्यापक आर्थिक संदर्भ पर जोर देते हुए, मुख्यमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि हैदराबाद के विकास को बनाए रखने के लिए कानून व्यवस्था बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। रेवंत रेड्डी ने कहा, "हैदराबाद में निवेश तभी आएगा जब शहर में शांति बनी रहेगी," और उन्होंने सद्भाव बनाए रखने के लिए त्योहार समितियों से पूर्ण सहयोग की अपील की।

# 21 किलो गांजा जब्त, चार अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

हैदराबाद, 12 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता) । हबीब नगर पुलिस ने शुक्रवार को मंगरबस्ती में छापेमारी के दौरान चार लोगों को गिरफ्तार किया और 21 किलोग्राम सूखा गांजा जब्त किया, जो कथित तौर पर एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थों की आपूर्ति नेटवर्क का हिस्सा था। पुलिस को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि गांजा आपूर्तिकर्ता तस्करी का माल बेचने के लिए इलाके में आ रहे हैं, जिसके बाद उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया और छापा मारा।

गांजा को स्थानीय विक्रेताओं में बांटने से पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस ने आरोपियों से 25,000 रुपये नकद, चार मोबाइल फोन, एक नीला ब्रीफकेस और एक जूट का थैला भी जब्त किया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान महाराष्ट्र के संदीप नंद किशोर भोंगडे (38 वर्ष) के रूप में हुई, जो कथित तौर पर आपूर्तिकर्ता थे; महाराष्ट्र के राहुल राजेश पाटिल (24), एक एक्स-रे तकनीशियन, जो कथित तौर पर ट्रांसपोर्टर थे; और हैदराबाद निवासी कांबले उमेश (29) और कांबले सूरज (24), जिन्होंने कथित तौर पर स्थानीय ट्रांसपोर्टर और पेडलर के रूप में काम किया। पुलिस के मुताबिक, भोंगडे और पाटिल ने महाराष्ट्र से करीब 20,000 रुपये प्रति किलो की दर से 21 किलो गांजा खरीदा और 11 सितंबर को इसे एक ब्रीफकेस और जूट के थैले में छिपाकर हैदराबाद ले आए। उनका इरादा इसे स्थानीय तस्करों को करीब 40,000 रुपये प्रति किलो की दर से बेचने का था। पुलिस ने बताया कि उमेश और सूरज ने कथित तौर पर मंगरबस्ती के एक घर में गांजा छिपा रखा था और वे इसे अन्य स्थानीय नशीले पदार्थों के तस्करों को सौंपने का इंतजार कर रहे थे, तभी उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। हबीब नगर पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। स्रोत, लक्षित प्राप्तकर्ताओं और कथित आपूर्ति नेटवर्क के अन्य सदस्यों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। वरिष्ठ अधिकारियों ने एसएचओ एम. अशोक कुमार, एसआई टी. पुरुषोत्तम राव और उनकी टीम द्वारा कथित अंतरराज्यीय नेटवर्क की बरामदगी और उसका पता लगाने के लिए उनकी सराहना की। पुलिस ने जनता से मादक पदार्थों की बिक्री, परिवहन, भंडारण या खरीद के संबंध में विश्वसनीय जानकारी साझा करने की अपील की है, और आश्वासन दिया है कि जहां तक संभव होगा, सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## निलंबित बीआरएस विधायकों ने प्रतीकात्मक विधानसभा का आयोजन किया

### कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा

हैदराबाद, 12 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता) । तेलंगाना विधानसभा के चल रहे मानसून सत्र से अपने विधायकों के निलंबन के बाद, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने शनिवार को अपने पार्टी मुख्यालय, तेलंगाना भवन में एक प्रतीकात्मक विधानसभा सत्र का आयोजन किया। इस राजनीतिक प्रदर्शन में बीआरएस नेताओं ने सत्ताधारी पार्टी के शीर्ष नेताओं की भूमिका निभाते हुए राज्य सरकार का मज़ाक उड़ाया। ज़हीराबाद के विधायक माणिक राव स्पीकर की कुर्सी पर बैठे, वहीं वरिष्ठ नेता तलसानी श्रीनिवास यादव ने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी का रूप धारण किया। पूर्व मंत्री गंगुला कमलाकर ने मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी का किरदार निभाया और विधायक पल्ला राजेश्वर रेड्डी ने मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी की नकल की। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव, टी. हरीश राव और पार्टी के अन्य विधायकों ने विपक्षी विधायक के रूप में सीटें ग्रहण कीं। नकली कार्यवाही के दौरान, पूर्व मंत्री जी. जगदीश रेड्डी ने महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए, जिनका उत्तर सरकारी मंत्रियों की भूमिका निभा रहे सदस्यों ने दिया। सदन की कार्यवाही में बार-बार बाधा डालने का हवाला देते हुए अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार ने बीआरएस सदस्यों को सत्र के शेष समय के लिए निलंबित कर दिया, जिसके बाद प्रतीकात्मक सत्र का आयोजन किया गया। हालांकि, बीआरएस नेतृत्व ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने जानबूझकर निलंबन की साजिश रची ताकि चुनावी वादों की पूर्ति न होने और गंभीर नागरिक समस्याओं सहित प्रमुख सार्वजनिक मुद्दों पर बहस से बचा जा सके।

# खैरताबाद गणेश दर्शन के लिए 30 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद

हैदराबाद, 12 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता) । दस दिवसीय विनायक चतुर्थी उत्सव के दौरान खैरताबाद बड़ा गणेश में 30 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की आशंका को देखते हुए, हैदराबाद यातायात पुलिस ने एक व्यापक यातायात प्रबंधन योजना की घोषणा की है और श्रद्धालुओं से सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने का आग्रह किया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) डी. जोएल डेविस ने वरिष्ठ यातायात अधिकारियों के साथ शनिवार को मुख्य मार्गों और पहुंच मार्गों का निरीक्षण किया और श्रद्धालुओं और वाहन चालकों के लिए दिशानिर्देश जारी किए। श्रद्धालु चार निर्धारित प्रवेश मार्गों से पंडाल तक पहुंच सकते हैं – खैरताबाद मेट्रो स्टेशन, द्वारका होटल/टेलीफोन भवन, मिंट कंपाउंड/आईमैक्स प्रसाद की तरफ और मूर्ति के पीछे स्थित कॉलोनी/बस्ती का मार्ग।अधिकारियों ने श्रद्धालुओं को मेट्रो, एमएमटीएस और आरटीसी बसों का इस्तेमाल करने की सलाह दी। मेट्रो सेवाएं सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक चलेंगी, जबकि विशेष आरटीसी बसें खैरताबाद मार्ग पर प्रतिदिन चलने वाली लगभग 2,200 नियमित बसों की पूरक होंगी। दोपहर, सप्ताहांत और सार्वजनिक अवकाशों के दौरान सबसे अधिक भीड़ होने की संभावना को देखते हुए, श्रद्धालुओं को सुबह और दोपहर के शुरुआती समय में, अधिमानतः कार्यदिवसों में आने की सलाह दी गई है। निजी वाहनों का उपयोग करने वालों से कारपूल करने का आग्रह किया गया है। आईमैक्स ग्राउंड, एचएमडीए लेक व्यू पार्किंग, एनटीआर पार्क के पीछे ई-रेसिंग ग्राउंड और नेकलेस रोड पर स्थित मक्त पार्किंग में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। मेट्रो/वीवी प्रतिमा की ओर से भी विश्वेश्वरैया भवन तक पार्किंग उपलब्ध होगी, जबकि टेलीफोन भवन में पार्किंग सीमित रहेगी। वीवी प्रतिमा, खैरताबाद और निरंकारी के बीच मुख्य मार्ग पर ऑटो और ऐप-आधारित कैब को रुकने की अनुमति नहीं होगी। यात्रियों को एमएमटीएस स्टेशन के पास खुले मैदान में ही लाना-ले जाना होगा। राजदूत लेन, द्वारका होटल, मिंट लेन, आईमैक्स और राजीव गांधी प्रतिमा के आसपास यातायात में बदलाव लागू रहेगा। पैदल यात्रियों को खैरताबाद जंक्शन, शादान यू-टर्न और निरंकारी सहित निर्धारित स्थानों से ही सड़क पार करने की अनुमति होगी।वाहनों और पैदल यात्रियों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए प्रमुख यातायात अवरोधों पर लगभग 500 पुलिस कर्मियों को धक्का देने वाली टीमों के सहयोग से तैनात किया जाएगा। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि खैरताबाद बड़ा गणेश के दर्शन 23 सितंबर को समाप्त हो जाएंगे और 24 सितंबर को दर्शन की अनुमति नहीं होगी। श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा की योजना इसी के अनुसार बनाएं और ड्यूटी पर तैनात कर्मियों के साथ सहयोग करें।

## सिंगरेणी कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए कर रहा है काम -डॉ. बुद्धप्रकाश

हैदराबाद, 12 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता ) । सिंगरेणी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. बुद्धप्रकाश ज्योति ने सभी क्षेत्रों के महाप्रबंधकों को निर्देश दिया है कि वे राज्य की बढ़ती बिजली आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु संशोधित ओवरबर्डन (ओबी) हटाने के लक्ष्यों को दैनिक आधार पर प्राप्त करना सुनिश्चित करें। सीएमडी ने शनिवार को सिंगरेणी की 15 खुली खदानों में ओबी हटाने के कार्यों में लगी 19 ऑफलोडिंग कंपनियों के प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए ये निर्देश जारी किए। बैठक को संबोधित करते हुए बुद्धप्रकाश ज्योति ने कहा कि तेलंगाना में बिजली की खपत में काफी वृद्धि हो रही है और सिंगारेनी थर्मल पावर स्टेशनों को पर्याप्त कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रही है।उन्होंने कोयले की बढ़ती आपूर्ति आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सभी खुली खदानों में संशोधित ओबी हटाने के लक्ष्यों को प्राप्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-अगस्त अवधि के लिए 1,205 लाख घन मीटर अपशिष्ट जल हटाने का लक्ष्य रखा गया था। इसके मुकाबले 1,221 लाख घन मीटर अपशिष्ट जल हटाया गया, जो 101 प्रतिशत की उपलब्धि है। हालांकि, अगस्त के अंत तक 19 माल उतारने वाली कंपनियों में से केवल आठ ही अपने निर्धारित माल हटाने के लक्ष्यों का 100 प्रतिशत हासिल कर पाई थीं।सीएमडी ने संबंधित महाप्रबंधकों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि शेष कंपनियां अपने प्रदर्शन में सुधार करें और निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने में पूर्ण सहयोग प्रदान करें। बुद्धप्रकाश ज्योति ने कहा कि कोयले की बढ़ती मांग को देखते हुए सितंबर माह के लिए निर्धारित दैनिक अपशिष्ट निपटान लक्ष्य, जो पहले 7.28 लाख घन मीटर तय किया गया था, को बढ़ाकर 12.1 लाख घन मीटर कर दिया गया है।

# एनएमडीसी ने सतर्कता जागरूकता को मजबूत किया



हैदराबाद, 12 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सतर्कता जागरूकता अभियान के अग्रदूत के रूप में, एनएमडीसी सतर्कता विभाग ने केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के मार्गदर्शन में पहचाने गए प्रमुख फोकस क्षेत्रों को कवर करते हुए 10 और 11 सितंबर को दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें लगभग 55 अधिकारियों ने भाग लिया।

विशेषज्ञों ने सार्वजनिक खरीद, अनुबंध प्रबंधन और साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर व्यावहारिक और संवादात्मक सत्र दिए। उद्घाटन कार्यक्रम में एनएमडीसी के निदेशक (उत्पादन) जॉयदीप दास गुप्ता और सी नीलकंठ रेड्डी,सीवीओ, एनएमडीसी की उपस्थिति रही। ।

10 सितंबर 2026 को, कंवलप्रीत, आईआरएसएस, अपर मुख्य सतर्कता अधिकारी, सरकारी ई- मार्केटप्लेस (जीईएम) ने जीईएम – नई विशेषताएं और कार्यक्षमताएं पर एक सत्र आयोजित किया, जिसमें जीईएम प्लेटफॉर्म के नवीनतम विकास और कार्यक्षमताओं में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की गई।

एम के सिंह, पूर्व सीएमडी, इरकॉन और एजेएनआईएफएम में प्रो. एस.एस. द्वारा सार्वजनिक खरीद पर एक सत्र आयोजित किया गया, जिन्होंने समकालीन सार्वजनिक खरीद प्रथाओं पर अपने व्यापक अनुभव और व्यावहारिक दृष्टिकोण साझा किए।

एम. के. सिंह ने प्रासंगिक केस स्टडी और अपने व्यावसायिक अनुभव के साथ सार्वजनिक खरीद और पोस्ट-अवार्ड अनुबंध प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। हरीश.आर, सी-डैक के वैज्ञानिक-सी, ने साइबर सुरक्षा और साइबर स्वच्छता पर एक जानकारीपूर्ण सत्र आयोजित किया। दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम एनएमडीसी सतर्कता विभाग के संगठन में जागरूकता बढ़ाने, क्षमता को मजबूत करने और पारदर्शिता, अखंडता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा था।

# हिन्दी महाविद्यालय में हिन्दी दिवस समारोह आयोजित



हैदराबाद, 12 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हिन्दी महाविद्यालय में 11 सितंबर को हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो घनश्याम, डिग्री कॉलेज फॉर कुमेन्स, नलगोंडा, डॉ. एफ.एम. सलीम सम्मानित अतिथि के रूप में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. भास्कर कृष्ण ठूबे क्षेत्रीय, निदेशक केंद्रीय हिन्दी संस्थान हैदराबाद केंद्र, हिन्दी महाकिद्यालय के संस्थाध्यक्षों में उपाध्यक्ष श्यामसुंदर मूंदड़ा, संयुक्त सचिव प्रदीप दत्त, कोषाध्यक्ष सीए एस.बी. काबरा उपस्थित थे

पूर्व उपप्राचार्य डॉ. सुरभि दत्त ने हिन्दी महाकिद्यालय हर एक की उपलब्धि का आकाश होता है पर बहुत सुंदर कविता प्रस्तुत की। हरिप्रसाद महाकिद्यालय के छात्रों में बबीता, केसर, आयुष दूबे , आशुतोष ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। राजनीति किभाग की प्रध्यापिका श्रीमती अर्चना पांडेय तथा हिन्दी विभाग की प्राध्यापिका सकंती ने ककिता प्रस्तुत की। सीपी सिंह पूर्क छात्र राज किशोर ने कविता के साथ महाकिद्यालय का अपना अनुभव साझा किया। डॉ. रजनी धारी हिन्दी विभागाध्यक्ष ने कार्यक्रम का संचालन एकं धन्यकाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।


दक्षिण तट रेलवे
विशाखापट्टणम
हमें X@SCoRailway पर फालो करें।
Website: www.scor.indianrailways.gov.in

**निविदा सं.एम255-आइएसओ3834-13,दि.10-09-2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उप मुख्य यांत्रिक अभियंताड़आरवाईपीएस, दक्षिण तट रेलवे-दतरे, वैगान वर्कशाप, गुन्टुपल्ली-521241 द्वारा निम्न कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित है।

कार्य विवरण: 36 महिनों की अवधि हेतु वैगान वर्कशाप, गुन्टुपल्ली पर आईएसओ 3834-2:2021 के पुनः प्रमाणन/रि-सर्टिफिकेशन हेतु सर्टिफिकेशन एजेंसी को कार्य लिप्तड़एंगेज करना।

कार्य पूरा करने की अवधि:36 महिने, निविदा मूल्य रु.1,36,998.00 (रु.एक लाख छत्तीस हजार नौ सौ अट्ठानवे मात्र), जमा किया जानेवाला अग्रधन रु.2,700.00(रु.सत्ताइस सौ मात्र), निविदा दस्तावेज मूल्य रु. मुफ्त, वैध आफर: निविदा खोलने की तिथि से लेकर 60 दिन, निविदा का प्रकार: आईआरजीसीसी-2022 द्वारा अधिशासित कार्य निविदा, टेंडरिंग प्रणाली:खुली निविदा-सिंगल पैकेट, निविदा बंद करने की तिथि समय: 05-10-2026 के 15.00 बजे, निविदा दस्तावेज शुद्धिपत्र: वेबसाइट:https://www.ireps.gov.in देखें, पत्राचार हेतु डाक का पता: चीफ वर्कशाप मैनेजर,वैगान वर्कशाप,गुन्टुपल्ली-521241,आंध्र प्रदेश

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता,वैगान वर्कशाप गुन्टुपल्ली

SCoR-A326

निविदा नियम शर्ते/ज्यादा जानकारी और निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्स: https://www.ireps.gov.in या www.scor.indianrailways.gov.in देखें।


## भाजपा ने शुल्क प्रतिपूर्ति बकाया के भुगतान के लिए समयबद्ध योजना की मांग की

हैदराबाद, 12 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता) । तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव ने शनिवार को कांग्रेस सरकार से लंबित शुल्क वापसी के भुगतान के लिए समयबद्ध कार्यक्रम की घोषणा करने की मांग की, और आरोप लगाया कि इसमें देरी से छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ रहा है।भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राव ने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी पर इस मुद्दे पर टालमटोल वाला रुख अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने विधानसभा में मुख्यमंत्री द्वारा पूछे गए उस सवाल को खारिज कर दिया कि भाजपा ने पिछली बीआरएस सरकार के दौरान इस मुद्दे को क्यों नहीं उठाया था। राव ने कहा कि उन्होंने 2017 में विधान परिषद में यह मुद्दा उठाया था। राव ने दावा किया कि पिछली सरकारों के कार्यकाल में जमा हुई शुल्क प्रतिपूर्ति की बकाया राशि अब लगभग 15,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने स्वयं बीआरएस व्यवस्था से 5,430 करोड़ रुपये की बकाया राशि विरासत में मिलने की बात स्वीकार की थी और बाद में खुलासा किया कि 2024-25 तक उसके कार्यकाल में 6,037 करोड़ रुपये की अतिरिक्त बकाया राशि जमा हो गई थी। भाजपा नेता ने कहा कि उनकी पार्टी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) प्रणाली का समर्थन करती है, लेकिन सरकार से यह स्पष्ट करने की मांग करती है कि छात्रों के खातों में धनराशि कब जमा की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कई कॉलेज बकाया फीस के कारण छात्रों के मूल प्रमाण पत्र रोक रहे हैं। राव ने बीआरएस और कांग्रेस दोनों सरकारों के कार्यकाल में हुई अनियमितताओं की व्यापक जांच की मांग की, साथ ही सतर्कता छापों के माध्यम से कॉलेजों को परेशान करने का विरोध किया। उन्होंने पॉलिटेक्निक शिक्षा से संबंधित सरकारी आदेश 97 को लेकर सरकार की आलोचना की और यह स्पष्टीकरण मांगा कि क्या प्रभावित छात्र ईसीईटी के लिए पात्र बने रहेंगे। उन्होंने प्रदर्शनकारी पॉलिटेक्निक छात्रों पर कथित लाठीचार्ज की निंदा की। राव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगभग आठ लाख छात्रों के हस्ताक्षर एकत्र किए हैं और आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री ने उन्हें याचिकाएं जमा करने के लिए मिलने का समय देने से इनकार कर दिया है।

## अमेरिका में तेलंगाना भाषा दिवस समारोह आयोजित



हैदराबाद, 12 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रजाकवि कालोजी नारायण राव की जयंती के अवसर पर मनाए जाने वाले तेलंगाना भाषा दिवस का अमेरिका के बे एरिया में तेलंगाना कल्चरल एसोसिएशन के तत्वावधान में भव्य आयोजन किया गया।

हैदराबाद के प्रसिद्ध उद्घोषक, सरकारी कार्यक्रमों के मंच संचालक तथा तेलंगाना आधिकारिक भाषा आयोग के ओएसडी मडिपल्ली दक्षिणामूर्ति समारोह के मुख्य अतिथि रहे। कैलिफोर्निया के डबलिन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न तेलुगु संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ कन्नड़, हिंदी, पंजाबी, तमिल, मलयालम तथा अन्य भारतीय भाषाओं के संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

कार्यक्रम की परिकल्पना श्री विजय चावा के मार्गदर्शन में की गई तथा आयोजन टीसीए के अध्यक्ष महिपाल रेड्डी, कोषाध्यक्ष सागर कोठा एवं अन्य सदस्यों ने किया।

अमेरिकन इंडियन एसोसिएशन द्वारा आयोजित सामुदायिक बैठक में मडिपल्ली दक्षिणामूर्ति एवं उनकी पत्नी श्रीमती राधिका का सम्मान किया गया। दक्षिणामूर्ति ने बताया कि प्रभावी मंच-संचालन केवल शब्दों का प्रयोग नहीं, बल्कि समय की समझ, संवेदनशीलता, जिम्मेदारी, रचनात्मकता और प्रभावशाली वाणी-कौशल का समन्वय है। उन्होंने युवाओं से इस क्षेत्र में आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी द्वारा शिक्षा, भाषा और संस्कृति के प्रति दिखाई जा रही विशेष रुचि की सराहना की तथा तेलंगाना भाषा की सेवा के अवसर के लिए आभार व्यक्त किया। बैठक में कल्याण कट्टमूरी, वीरु उप्पला, प्रसाद मंगिना, रमेश कोंडा और चंद्रशेखर आज़ाद सहित टीसीए अध्यक्ष महिपाल रेड्डी एवं कोषाध्यक्ष सागर कोठा उपस्थित रहे।




## टी20 सीरीज से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका

# चोटिल हुए ईशान किशन



नई दिल्ली, 12 सितंबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के खिलाफ 13 सितंबर (रविवार) से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के खेमे से एक परेशान करने वाली खबर सामने आई है. नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में प्रैक्टिस सेशन के दौरान टीम के स्टार इन-फॉर्म विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन चोटिल हो गए हैं. तेज गेंदबाज नवदीप सैनी की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में ईशान की पीठ में खिंचाव आ गया, जिसके चलते उन्हें तुरंत बल्लेबाजी रोककर ड्रेसिंग रूम लौटना पड़ा.

सीरीज शुरू होने में अब 48 घंटे से भी कम का समय बचा है, ऐसे में ईशान की यह चोट टीम मैनेजमेंट और कप्तान श्रेयस अय्यर के लिए सिरदर्द बन गई है. बता दें, अरुण जेटली स्टेडियम में भारतीय टीम के नेट सेशन के दौरान पूरी टीम पसीना बहा रही थी. तभी ईशान किशन तेज गेंदबाज नवदीप सैनी का सामना कर रहे थे. लेकिन सैनी की एक तेज उठती बाउंसर पर ईशान ने आक्रामक पुल शॉट खेलने की कोशिश की, उसी दौरान उनकी पीठ में तेज खिंचाव आ गया.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस शॉट के बाद ईशान किशन दर्द में नजर आए और उन्होंने तुरंत प्रैक्टिस रोक दी. फिर मेडिकल टीम के साथ बातचीत के बाद वो काफी दर्द में दिखे और उन्हें तुरंत ड्रेसिंग रूम ले जाया गया जहां फिजियो ने उनकी जांच शुरू की. फिलहाल भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड या टीम मैनेजमेंट ने फिलहाल उनकी चोट की गंभीरता और पहले मैच में उपलब्धता को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया है.

ईशान किशन का चोटिल होना भारतीय टीम के लिए बड़ा झटका इसलिए है क्योंकि वो इस समय शानदार फॉर्म में चल रहे हैं. हाल ही में उन्होंने अपनी कप्तानी में ईस्ट जोन को 13 साल बाद दलीप ट्रॉफी 2026 का ऐतिहासिक खिताब दिलाया है. फाइनल में उन्होंने साउथ जोन के खिलाफ 270 रनों की मैराथन पारी खेली, जिसकी बदौलत टीम ने 708 रनों का विशाल स्कोर बनाया था. वहीं, ईशान 5 पारियों में 409 रन बनाकर पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे.

# भारत जूनियर हॉकी एशिया कप के फाइनल में

## मलेशिया को 3-1 से हराया, कप्तान अनमोल एक्का ने दो गोल किए



मोकी (चीन), 12 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने जूनियर एशिया कप के फाइनल में जगह बना ली है। चीन के मोकी में को खेले गए सेमीफाइनल में भारत ने मलेशिया को 3-1 से हराया। कप्तान अनमोल एक्का ने दो गोल किए।

भारत अब 13 सितंबर को होने वाले फाइनल में पाकिस्तान और साउथ कोरिया के बीच दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से खेलेगा। भारत इस टूर्नामेंट का डिफेंडिंग चैंपियन है और अब उसके पास लगातार तीसरी बार खिताब जीतने का मौका है।

पूल-ए में टॉप करने के बाद भारत का सामना सेमीफाइनल में पूल-बी की दूसरे नंबर की टीम मलेशिया से हुआ। मलेशिया ने अपने पूल में कजाकिस्तान और बांग्लादेश को हराया था, जबकि पाकिस्तान से उसे 5-2 से हार मिली थी। चीन के खिलाफ 1-0 की जीत के बाद उसने सेमीफाइनल में जगह बनाई।

भारत ने सेमीफाइनल में मलेशिया को 3-1 से हराया। कप्तान अनमोल एक्का ने दो गोल कर टीम को बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। सुखविंदर ने भी गोल किया। मलेशिया की ओर से एम. राहुल ने एक गोल किया।

भारत को टूर्नामेंट के पूल-ए में साउथ कोरिया, जापान, चीनी ताइपे और इंडोनेशिया के साथ रखा गया था। टीम ने चार लीग मैचों में 3 जीत और 1 ड्रॉ के साथ 10 अंक हासिल किए और पूल में टॉप किया। साउथ कोरिया 9 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

भारत ने अभियान की शुरुआत इंडोनेशिया के खिलाफ 14-0 की बड़ी जीत से की। इस मैच में कप्तान अनमोल एक्का ने 4 और अजीत यादव ने 3 गोल किए, जबकि प्रभदीप सिंह ने 5 गोल दागे।

दूसरे मैच में भारत का सामना जापान से हुआ। मुकाबला 3-3 से ड्रॉ रहा। इसके बाद टीम ने साउथ कोरिया को 7-3 से हराया। इस मैच में भी अनमोल एक्का ने 2 गोल किए और भारत ने आखिरी क्वार्टर में लगातार तीन गोल कर मुकाबला अपने नाम किया।

पूल स्टेज के आखिरी मैच में भारत ने चीनी ताइपे को 15-0 से हरा दिया। अनमोल एक्का ने अकेले 6 गोल किए और सभी गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए। इस जीत के साथ भारत 10 अंकों के साथ पूल में पहले स्थान पर रहा।

भारत ने पूल स्टेज में 39 गोल किए और सिर्फ 6 गोल खाए। एक मैच ड्रॉ रहा, जबकि बाकी तीनों में उसे जीत मिली।

भारत ने 2023 में पाकिस्तान को 2-1 से हराकर जूनियर एशिया कप का खिताब जीता था। इसके बाद 2024 में भी पाकिस्तान को फाइनल में 5-3 से हराकर लगातार दूसरी बार चैंपियन बना। 2024 का खिताब भारत का कुल पांचवां जूनियर एशिया कप खिताब था।

# आठ वर्षीय वान्या का जलवा

## एशिया पैसिफिक योगासन चैंपियनशिप में जीते दो गोल्ड

### *विश्वकप के लिए भी किया क्वालिफाई*



नई दिल्ली, 12 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 22 में रहने वालीं वान्या शर्मा ने महज आठ साल की उम्र में योग में विश्व स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। वान्या ने बैंकॉक में आयोजित हुए चौथे यूवाईएसएफ एशिया पैसिफिक योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दो गोल्ड मेडल अपने नाम किए।

इसके साथ ही उन्होंने 'चैंपियन ऑफ चैंपियंस' की ट्रॉफी को भी अपने नाम किया। वान्या ने इसी साल दिसंबर में होने वाले यूवाईएसएफ वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। वान्या ने 'आईएएनएस' से बात करते हुए बताया कि वह सिर्फ दो साल की उम्र से ही योग कर रही हैं और वह 20 विश्व रिकॉर्ड बना चुकी हैं। वान्या के अनुसार, वह प्रतिदिन दो घंटे योग की प्रैक्टिस करती हैं। वान्या ने बताया कि इस टूर्नामेंट में श्रीलंका, बांग्लादेश, मलयेशिया समेत कई देशों ने हिस्सा लिया। वान्या के मुताबिक, उन्होंने छह से आठ साल वर्ग की कैटेगरी में शिरकत की। वान्या के पिता और कोच हेमंत शर्मा ने बताया कि वह अपनी बेटी को योग की कोचिंग देते हैं। हेमंत ने बताया कि अपने वर्ग में तो वान्या का प्रदर्शन शानदार रहा ही, इसके साथ ही उन्होंने 'चैंपियन ऑफ चैंपियंस' में अपने से बड़ी उम्र के खिलाड़ियों को मात देते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट में कुल सात देशों ने हिस्सा लिया और करीब 200 खिलाड़ी चैंपियनशिप में शामिल थे। पिता हेमंत ने बताया कि वान्या हर रोज शाम चार से छह बजे योग की प्रैक्टिस करती हैं। इस दौरान वह कई आसन करती हैं। उन्होंने कहा कि योग में आसान की तरह ही वॉर्मअप भी काफी महत्व रखता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जब भी ओलंपिक खेलों में योग को शामिल किया जाएगा, तो उनकी बेटी वान्या भी उस भारतीय टीम का भी हिस्सा होंगी। वान्या इससे पहले भी कई टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन कर चुकी हैं।

# वेटलिफ्टर ऋषिकांत सिंह एशियन गेम्स से बाहर

## अब वेटलिफ्टिंग टीम में 4 महिला शामिल, दो एथलीट शाहनवाज-निथ्या भी नहीं जाएंगे



नई दिल्ली, 12 सितंबर (एजेंसियां)। एशियन गेम्स से पहले भारतीय दल में बदलाव हुआ है। चोट के कारण वेटलिफ्टर ऋषिकांत सिंह बाहर हो गए हैं। वहीं,एथलेटिक्स के शाहनवाज खान और निथ्या गंधे को भी टीम से हटा दिया गया है।

ऋषिकांत के हटने से वेटलिफ्टिंग में भारत की पुरुष चुनौती खत्म हो गई है, जबकि एथलेटिक्स टीम अब 74 खिलाड़ियों की रह गई है।

ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स के सिल्वर मेडलिस्ट ऋषिकांत सिंह घुटने की चोट के कारण एशियन गेम्स में नहीं खेलेंगे। 60 किग्रा वर्ग के 21 साल के ऋषिकांत को एक महीने के रिहैब की सलाह दी गई है।

उन्हें जुलाई में ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स से एक हफ्ते पहले घुटने में चोट लगी थी। इसके बावजूद उन्होंने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और सिल्वर मेडल जीता था। उम्मीद थी कि वह एशियन गेम्स तक फिट हो जाएंगे, लेकिन मेडिकल असेसमेंट के बाद उन्हें रिहैब की सलाह दी गई।

ऋषिकांत के बाहर होने के बाद भारतीय वेटलिफ्टिंग टीम में सिर्फ चार महिला खिलाड़ी रह गई हैं। इनमें टोक्यो ओलिंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट मीराबाई चानू (49 किग्रा), ज्ञानेश्वरी यादव (53 किग्रा), निरुपमा देवी (61 किग्रा) और हरजिंदर कौर (69 किग्रा) शामिल हैं।

18 साल के लॉन्ग जम्पर शाहनवाज खान भी एशियन गेम्स टीम से बाहर हो गए हैं। जून में नेशनल इंटर-स्टेट चैंपियनशिप में 8.30 मीटर की छलांग लगाने वाले शाहनवाज को चोट की परेशानी थी।

उन्होंने अगस्त में वर्ल्ड अंडर-20 चैंपियनशिप में 7.84 मीटर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता था। लेकिन गुरुवार को इंडियन एथलेटिक्स सीरीज फाइनल में वह सिर्फ 7.43 मीटर कूद सके और छठे स्थान पर रहे। प्रदर्शन और मेडिकल कारणों से उन्हें टीम से बाहर किया गया।

4x100 मीटर रिले टीम के लिए चुनी गईं निथ्या गंधे भी अब एशियन गेम्स में नहीं जाएंगी। 26 साल की निथ्या ने ट्रायल में 100 मीटर रेस 11.93 सेकंड में पूरी की और नौवें स्थान पर रहीं।

उनकी जगह हारिता भद्रा को 4x100 मीटर रिले टीम में शामिल किया जा सकता है। हारिता ने ट्रायल में 11.22 सेकंड का समय निकालकर 100 मीटर रेस जीती थी।

एथलेटिक्स में कुछ खिलाड़ियों के लिए राहत की खबर भी है। नेशनल रिकॉर्ड होल्डर हाइट जम्पर सर्वेश कुशारे, ट्रिपल जम्पर प्रवीण चित्रावेल और 100 मीटर हर्डल्स की ज्योति याराजी को मेडिकल क्लीयरेंस मिल गया है।

400 मीटर हर्डल्स के यशस पालाक्षा को भी फिट घोषित किया गया है। ये खिलाड़ी चोट के कारण इंडियन एथलेटिक्स सीरीज फाइनल में हिस्सा नहीं ले सके थे।

### श्रीलंका लगातार दूसरी बार विमेंस एशिया कप के फाइनल में

दुबई, 12 सितंबर (एजेंसियां)। श्रीलंका ने लगातार दूसरी बार महिला एशिया कप के फाइनल में जगह बना ली है। दुबई में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में टीम ने पाकिस्तान को 4 विकेट से हराया। दुबई में पाकिस्तान के 130/5 के जवाब में श्रीलंका ने 18.4 ओवर में 6 विकेट पर 134 रन बनाकर जीत दर्ज की। अब रविवार को फाइनल में उसका सामना भारतीय महिला टीम से होगा। पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 36 गेंदों पर 47 रन बनाए और गेंदबाजी में 38 रन देकर 4 विकेट लिए। वह प्लेयर ऑफ द मैच भी रहीं। हालांकि, उनका यह प्रदर्शन पाकिस्तान को जीत दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं था। हार के बाद फातिमा मैदान पर ही भावुक होकर रो पड़ीं। 131 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही। फातिमा सना ने अपने पहले ही स्पेल में कप्तान चमारी अथापत्तू (1) और विशमी गुणरत्ने (0) को आउट कर दिया।

# ज्वेरेव और शेल्टन यूएस ओपन फाइनल में भिड़ेंगे

## ज्वेरेव ने खाचानोव को हराया, शेल्टन 23 साल बाद फाइनल में पहुंचने वाले अमेरिकी खिलाड़ी







न्यूयॉर्क, 12 सितंबर (एजेंसियां)। यूएस ओपन के मेंस सिंगल्स फाइनल में जर्मनी के वर्ल्ड नंबर-1 एलेक्जेंडर ज्वेरेव और अमेरिका के बेन शेल्टन आमने-सामने होंगे। खेले गए सेमीफाइनल में ज्वेरेव ने रूस के करेन खाचानोव को 6-3, 7-6, 7-6 से हराया, जबकि शेल्टन ने हमवतन फ्रांसेस टियाफो को 4-6, 6-3, 6-3, 7-5 से शिकस्त दी। खिताबी मुकाबला रविवार को न्यूयॉर्क के आर्थर ऐश स्टेडियम में खेला जाएगा।

ज्वेरेव ने इस साल फ्रेंच ओपन में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था और इसके बाद विंबलडन के फाइनल में पहुंचे, जहां उन्हें जैनिक सिनर से हार मिली। अब उनके पास इस साल दूसरी मेजर ट्रॉफी जीतने का मौका है। यह उनके करियर का छठा ग्रैंड स्लैम फाइनल होगा।

खाचानोव ने दूसरे सेट में 0-2 से पिछड़ने के बाद ज्वेरेव ने वापसी की। इसके बाद सेट टाईब्रेकर तक पहुंचा। यहां खाचानोव ने ज्वेरेव के दो सेट पॉइंट बचाए, लेकिन ज्वेरेव ने दबाव बनाए रखा और सेट 7-6 से अपने नाम कर लिया।

तीसरे सेट में भी खाचानोव ने टाईब्रेकर में 3-0 और फिर 5-2 की बढ़त बनाई। एक समय लगा कि मुकाबला चौथे सेट में जा सकता है, लेकिन ज्वेरेव ने लगातार पॉइंट्स जीतकर स्कोर बराबर किया और 7-6 से सेट जीत लिया।

खाचानोव खराब फॉर्म के बावजूद US ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरी बार ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे।

मौजूदा 50वीं रैंकिंग वाले खाचानोव ने दूसरे और तीसरे सेट में ज्वेरेव को कड़ी टक्कर दी, लेकिन अहम मौकों पर गलतियां कीं। वहीं, ज्वेरेव ने गेम पर पकड़ बनाए रखी।

इस जीत के साथ इस सीजन ग्रैंड स्लैम मैचों में ज्वेरेव का रिकॉर्ड 24-2 हो गया है। फ्रेंच ओपन में चैंपियन बनने के बाद उन्होंने विंबलडन का फाइनल खेला और अब US ओपन के खिताबी मुकाबले में पहुंच गए हैं। यह पहली बार है जब ज्वेरेव ने लगातार तीन ग्रैंड स्लैम के फाइनल में जगह बनाई है।

जीत के बाद ज्वेरेव ने कहा, उम्मीद है कि मैं रविवार को अमेरिकियों के ट्रॉफी जीतने के सपने को पूरा नहीं होने दूंगा।

उन्होंने कहा कि ग्रैंड स्लैम लेवल पर उन्होंने काफी संघर्ष किया है और कई बार खिताब के बेहद करीब पहुंचकर चूके हैं। उनके मुताबिक, शायद इस साल चीजें उनके पक्ष में जा रही हैं और यह उनका साल हो सकता है।

दूसरे सेमीफाइनल में बेन शेल्टन ने फ्रांसिस टियाफो को हराकर फाइनल में जगह बनाई। दोनों पहले US ओपन सेमीफाइनल खेल चुके थे, लेकिन इस बार शेल्टन ने पहली बार ग्रैंड स्लैम फाइनल का टिकट हासिल किया। उनके फाइनल में पहुंचने से 2003 के बाद पहली बार किसी अमेरिकी मेंस खिलाड़ी के पास US ओपन का खिताब जीतने का मौका है। 2003 में एंडी रोडिक चैंपियन बने थे।

## ना कोहली, ना रोहित, ना पोटिंग

# द्रविड़ ने एमएस धोनी को बताया दुनिया का नंबर-1 कप्तान



बेंगलुरु, 12 सितंबर (एजेंसियां)। क्रिकेट की दुनिया में जब भी बेस्ट इंटरनेशनल कप्तानों की बात होती है तो क्लाइव लॉयड, कपिल देव, रिकी पोंटिंग, इमरान खान, एमएस धोनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे कई बड़े नाम दिमाग में आते हैं. क्लाइव लॉयड ने पहला वनडे वर्ल्ड कप जीता था और लगातार दो बार वेस्टइंडीज को वर्ल्ड चैंपियन बनाया था. वहीं, कपिल देव ने 1983 में भारत को पहला वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जिताया था. वहीं, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोटिंग ने अपने करियर में दो बार वर्ल्ड कप का जीता था और टीम को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया. विराट कोहली और रोहित शर्मा भी अपनी कप्तानी के लिए दुनिया भर में मशहूर हैं. हालांकि, टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और पूर्व हेड कोच राहुल द्रविड़ ने एमएस धोनी को बेस्ट इंटरनेशनल कप्तान बताया है.

राहुल द्रविड़ को बेस्ट इंटरनेशनल कप्तान चुनने को कहा गया, जिसमें जो आखिरी खिलाड़ी बचा वो बेस्ट कप्तान होगा. शुरुआत में बेन स्टोक्स और स्टीव स्मिथ के नाम सामने आए, जिनमें द्रविड़ ने स्मिथ को चुना. इसके बाद उन्होंने स्मिथ को केन विलियमसन, अर्जुन राणातुंगा, ग्रीम स्मिथ, स्टीफन फ्लेमिंग, माइकल क्लार्क, ईयोन मोर्गन और पैट कमिंस से भी ऊपर रखा. इसके बाद जब रिकी पोटिंग का नाम आया तो द्रविड़ ने स्मिथ को छोड़ा और पोटिंग को चुना.

पोटिंग के बाद जब एलन बॉर्डर का नाम आया तो उन्होंने पोटिंग को चुना, लेकिन स्टीव वॉ का नाम आने पर उन्होंने तुरंत पोटिंग के आगे वॉ को चुना. द्रविड़ ने वॉ के सामने विराट कोहली को चुना. लेकिन कोहली के बाद जब पाकिस्तान के कप्तान इमरान खान का नाम आया तो द्रविड़ ने उन्हें आगे रखा. इसके बाद उन्होंने इमरान के ऊपर एमएस धोनी को बेस्ट कप्तान चुना. इसके बाद द्रविड़ के सामने क्लाइव लॉयड का नाम आया, लेकिन उन्होंने धोनी को ही चुना. एमएस धोनी न सिर्फ भारत, बल्कि वर्ल्ड क्रिकेट इतिहास के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में गिने जाते हैं. धोनी दुनिया के एकमात्र ऐसे कप्तान हैं, जिन्होंने तीनों फॉर्मेट में आईसीसी ट्रॉफी जीती हैं. धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 में पहला टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था. इसके बाद धोनी की कप्तानी में भारत ने 28 साल के सूखे को खत्म करते हुए 2011 वनडे वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया था. इसके अलावा, उनके नेतृत्व में भारत ने 2013 चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती. इतना ही नहीं, उन्होंने 2000 के दशक के आखिरी में भारत को टेस्ट में नंबर-1 रैंकिंग तक भी पहुंचाया. यही वजह है कि द्रविड़ ने दूसरे दिग्गज खिलाड़ियों के बजाय धोनी को बेस्ट इंटरनेशनल कप्तान चुना.

### 64 साल बाद गेंदबाजों ने बल्ले से बचाई पाकिस्तान की नाक, बनाए 449 रन

एजबेस्टन, 12 सितंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में तीसरे दिन पाकिस्तानी टीम ने चमत्कारी वापसी की है. पहली पारी में सिर्फ 133 रनों पर सिमटने और इंग्लैंड के 453 रनों के जवाब में 320 रनों से पिछड़ने के बाद, पाकिस्तान की दूसरी पारी में टैलेंडर्स ने वो कारनामा कर दिखाया जो पिछले 64 सालों में नहीं हुआ था. पाकिस्तान ने दूसरी पारी में 449 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया. टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में यह सिर्फ दूसरा मौका है जब पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच की तीसरी या चौथी पारी में 400 से ज्यादा का स्कोर बनाया हो. इससे पहले पाकिस्तान ने साल 1962 में कराची टेस्ट के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी पारी में 404 रन बनाए थे.

320 रनों की विशाल लीड के दबाव में दूसरी पारी खेलने उतरी पाकिस्तानी टीम की शुरुआत काफी खराब रही. सैम अयूब और अब्दुल्ला शफीक बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए. इसके बाद अजान अवैस और शान मसूद ने तीसरे विकेट के लिए 125 रन जोड़े. फिर बाबर आजम ने भी 76 रन का उपयोगी योगदान देकर पाकिस्तान को मैच में बनाए रखा. हालांकि, जब 318 रन पर 8 विकेट गिर चुके थे, तब लग रहा था कि इंग्लैंड जल्द ही मैच अपनी मुट्ठी में कर लेगा.

नंबर 9 पर आए डेब्यूटेंट गेंदबाज रजाउल्लाह और नंबर 10 पर अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास ने इंग्लिश गेंदबाजी की धज्जियां उड़ा दीं. रजाउल्लाह ने टी20 के अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 63 गेंदों में 128.57 की स्ट्राइक रेट से 81 रन कूट डाले. अपनी इस आतिशी पारी में उन्होंने 4 चौके और 9 छक्के जड़े.

# मां-पापा माफ करना, मरने की बात कर रही हूं

## एशियन गेम्स से बाहर किए जाने पर भावुक हुई भारतीय खिलाड़ी



कोटा, 12 सितंबर (एजेंसियां)। एशियन गेम्स 2026 के लिए भारतीय वुशु टीम में शामिल की गईं दिव्यांशी चौधरी का एक वीडियो सामने आया है जो काफी भावुक कर देने वाला है। इस वीडियो में दिव्यांशी ने साफ तौर पर कहा कि वो अब जीना नहीं चाहती हैं क्योंकि अब उनके जीने का कोई मकसद नहीं है। दरअसल दिव्यांशी को एशियन गेम्स 2026 के लिए चुनी गई वुशु टीम में पहले शामिल किया गया था, लेकिन बाद में उन्हें उनकी फिटनेस की वजह से आखिरी समय में टीम से बाहर कर दिया गया।

वूशू टीम से बाहर किए जाने के बाद दिव्यांशी ने लगभग 9 मिनट का एक वीडियो बनाया और इसमें उन्होंने अपनी पूरी कहानी रोते-रोते बताई और चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए आत्महत्या करने की भी बात कही। उन्होंने इस वीडियो में दावा किया कि जून में हुए फाइनल सेलेक्शन ट्रायल में उन्होंने 60 किलोग्राम भारवर्ग में रोशिबीना देवी को दो बार हराया था और अब रोशिबीना को उनकी जगह टीम में शामिल कर लिया गया।

दिव्यांशी ने कहा कि वो पूरी तरह से फिट हैं, लेकिन इसके बावजूद फिटनेस का हवाला देते हुए टीम से उनका नाम हटा दिया गया जबकि उन्हें भारतीय टीम की जर्सी और किट भी मिल चुकी थी और सेरेमनी भी हो चुकी थी। वहीं दिव्यांशी का कहना है कि उन्हें श्रीनगर कैंप के दौरान कंधे में चोट लगी थी। फिर उन्होंने डॉक्टर को दिखाया था और उन्हें टेपिंग के साथ खेलने की सलाह दी गई थी। दिव्यांशी ने दावा किया कि उनकी एमआरआई रिपोर्ट कोच और फेडरेशन के पास थी और डॉक्टर ने उन्हें खेलने के लिए सक्षम बताया था। दैनिक भास्कर के मुताबिक दिव्यांशी ने जब चयन में पक्षपात का आरोप लगाया तो इसके बाद वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि दिव्यांशी चोटिल हैं और इसी वजह से उन्हें एशियन गेम्स में नहीं भेजा जा रहा। उनका कहना है कि दिव्यांशी जिस मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर खुद को फिट बता रही हैं, वह निजी डॉक्टर की रिपोर्ट है जबकि एसएआई की मेडिकल रिपोर्ट में उन्हें पूरी तरह फिट नहीं बताया गया है।

इस मामले पर दिव्यांशी के पिता सुनील कुमार सुंडा का कहना है कि उनकी बेटी फाइनल चयन ट्रायल में पहले स्थान पर रही थी। इसके बाद वह तीन महीने तक एसएआई के भारतीय वुशु टीम कैंप में तैयारी करती रही। चोट के बावजूद दिव्यांशी ने चीन में इंटरनेशनल टूर्नामेंट में हिस्सा लिया और सिल्वर मेडल जीता था। दिव्यांशी के पिता का दावा है कि एशियन गेम्स के लिए दिव्यांशी का चयन हो चुका था और जापान के लिए अंतिम एंट्री भी कन्फर्म थी। बाद में उनका नाम हटाकर रोशिबीना देवी को शामिल किया गया।

### टीम इंडिया से बाहर चल रहीं हरलीन देओल की हुई डब्ल्यूसीपीएल 2026 में एंट्री



ब्रिजटाउन, 12 सितंबर (एजेंसियां)। वुमेंस कैरेबियन प्रीमियर लीग में स्टार भारतीय बल्लेबाज हरलीन देओल की एंट्री हो गई है. देओल मौजूदा समय में भारतीय टी20आई टीम से बाहर चल रही हैं और अब वह बचे हुए डब्ल्यूसीपीएल 2026 सीजन में अपना जलवा बिखेरते हुए नजर आएंगी. बता दें कि इस बड़े टूर्नामेंट में पहले ही पूजा वस्त्राकर समेत 4 भारतीय खिलाड़ी खेल रही हैं. अब हरलीन को भी मौका दिया गया है और वह अच्छा प्रदर्शन करके टीम इंडिया में वापसी की दावेदारी ठोक सकती हैं. वुमेंस कैरेबियन प्रीमियर लीग 2026 के बीच हरलीन देओल बारबाडोस ट्राइडेंट्स का हिस्सा बन गई हैं. वह पांचवीं विदेशी खिलाड़ी के रूप में बारबाडोस टीम का हिस्सा बनी हैं और तुरंत खेलने के लिए उपलब्ध हैं. बारबाडोस ट्राइडेंट्स असल में राजस्थान रॉयल्स की डब्ल्यूसीपीएल 2026 टीम का हिस्सा हैं. बता दें कि इस टीम में पहले ही किरण नवगिरे और पूजा वस्त्राकर के रूप में दो भारतीय खिलाड़ी शामिल थीं और अब हरलीन भी स्क्वाड में जुड़ गई हैं. हरलीन देओल ने 2019 में टीम इंडिया के लिए डेब्यू किया था. इतने सालों तक क्रिकेट खेलने के बावजूद वह कभी किसी विदेशी फ्रेंचाइजी लीग का हिस्सा नहीं बनी थीं. वह अपने करियर में पहली बार किसी विदेशी लीग का हिस्सा बन रही हैं. बारबाडोस ट्राइडेंट्स की डब्ल्यूसीपीएल 2026 में शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा.




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.